आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 35, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

## श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब



ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे। ● एजेंसी

## पुरी में रथ यात्रा के दौरान 600 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ी

पुरी, एजेंसी

- कई लोग अस्पताल में भर्ती, कुछ को मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत
- पुरी के जिला अस्पताल में 70 लोगों का चल रहा इलाज, जिनमें 9 की हालत गंभीर

ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण 625 लोग बीमार पड़ गए और कई लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। पुरी के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) डॉ. किशोर सतपथी ने बताया कि कई लोगों ने मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत की है और इसका मुख्य कारण भीड़भाड़ की स्थिति थी।

उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों को ओपीडी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोई हताहत नहीं हुआ। ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीमार होने का मुख्य कारण अत्यधिक गर्मी और उमस है। एक अधिकारी ने बताया कि पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में 70 लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से नौ की हालत गंभीर बताई गई है। सूत्रों ने दावा किया कि बालागंडी क्षेत्र के पास कई लोग घायल हो गए, जहां भगवान बलभद्र का रथ एक घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा। एक अधिकारी ने कहा कि लंबे समय तक रथ के रुके रहने से वहां भीड़ जमा हो गई, जिससे कई लोग फंस गए।

## देशभर के डाकघरों में अगस्त से शुरू होगा डिजिटल भुगतान

**नई दिल्ली।** देश में डाकघर अगस्त से काउंटरों पर डिजिटल भुगतान स्वीकार करना शुरू कर देंगे। आईटी व्यवस्था में एक नए एप्लिकेशन के क्रियान्वयन के बाद यह कदम उठाया जाएगा। फिलहाल डाकघर डिजिटल भुगतान स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके खाते यूपीआई (यूनिक पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली से जुड़े नहीं हैं।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि डाक विभाग अपने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे को लागू कर रहा है, जिसमें नए एप्लिकेशन होंगे जो क्यूआर कोड के साथ लेनदेन करने में सक्षम होंगे। अगस्त, 2025 तक सभी डाकघरों में क्रियान्वयन पूरा हो जाएगा। आईटी 2.0 के तहत नई प्रणाली का परीक्षण के तौर पर उपयोग कर्नाटक सर्कल में शुरू किया गया है। मैसूर मुख्यालय (एचओ), बागलकोट मुख्यालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों में मेल उत्पादों की क्यूआर-आधारित बुकिंग सफलतापूर्वक की गई।

## अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

# युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

## विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

### ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।

# भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा हूं : ट्रंप

## व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी



- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

### अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

# प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरो में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव



### 1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।

## 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

**लखनऊ।** परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

# लिव-इन अवधारणा महिला हितों के खिलाफ

विधि संवाददाता,प्रयागराज

### हाईकोर्ट की टिप्पणी

- लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने से कोर्ट ऐसे मामलों से तंग



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले व्यक्ति को अपनी महिला मित्र का शोषण करने के आरोप से दोष मुक्त करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप को वैध घोषित किए जाने के बाद से कोर्ट ऐसे मामलों से तंग आ चुका है। क्योंकि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मध्यम वर्गीय समाज में स्थापित कानून के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि जब ऐसे रिश्तों में खटास आ जाती है तो अंततः ऐसे रिश्तों में पड़े लोग अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ते हैं। ऐसे रिश्तों के खत्म होने का प्रभाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर अधिक पड़ता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा महिलाओं के हितों के खिलाफ है। क्योंकि एक पुरुष एक या कई महिलाओं के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद भी शादी कर सकता है। लेकिन अलगाव के बाद महिलाओं के लिए जीवनसाथी ढूंढना मुश्किल हो जाता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने बीएनएस, 2023 और पाक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में शाने आलम को जमानत देते हुए की।

याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता की अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आरोपी के दुष्कृत्य ने पीड़िता का जीवन बर्बाद कर दिया है। अब उसके लिए विवाह हेतु उपयुक्त वर ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इस पर कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि यद्यपि युवा पीढ़ी लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा से बहुत प्रभावित है। इसका प्रतिकूल प्रभाव भी उनके जीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

# अधिकतम 4 घंटे में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### ऑनलाइन जारी की जाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट ऑनलाइन जारी की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। पोस्टमार्टम हाउस में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर व दो डाटा इंट्री ऑपरेटर सीएमओ द्वारा तैनात किए जाएं। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस ले जाने के लिए वाहन का इंतजाम किया जाए।

### नई गाइडलाइन जारी

- संवदेनशील मामलों में डॉक्टर और अधिकारी बरतें सावधानी : पाठक

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा ने गाइड लाइन जारी की है।

उप मुख्यमंत्री पाठक ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस कार्य को कराएं। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि अपरिहार्य कारणों को छोड़कर हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराए जाएं।

**वीडियोग्राफी का पैसा परिवार से न लिया जाए :** कानून व्यवस्था से जुड़े प्रकरण, एनकाउंटर, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, विवाह के प्रथम 10 वर्षों में हुई महिला की मृत्यु, रात में होने वाले पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाए। इसका पैसा पीड़ित परिजनों से नहीं लिया जाए।

**पैनल में महिला डॉक्टर शामिल की जाएं :** महिला अपराध, रेप, विवाह के प्रथम 10 वर्षों के भीतर महिला की मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम पैनल में महिला डॉक्टर को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। अज्ञात शवों की डीएनए सैंपलिंग कराई जाए।

## एक नजर

### तीन कंपनियों को दी जाएगी 169.60 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से अलीगढ़, हरदोई और बाराबंकी की तीन कंपनियों को 169 .60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि सौंपी जाएगी। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को औद्योगिक विकास विभाग के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस कड़ी में मेसर्स जेके सीमेंट लि. अलीगढ़ को 21 करोड़ 39 लाख 13 हजार 970 रुपये, मेसर्स वरूण बेवरेजेज लि. हरदोई को 66 करोड़ 34 लाख 22 हजार 136 रुपये और मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्रा. लि. बाराबंकी को 81 करोड़ 87 लाख 03 हजार 25 रुपये की प्रोत्साहन प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

### बरेली में पशुपतिनाथ मंदिर का होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाथ कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बरेली के पशुपतिनाथ मंदिर का विकास कराया जाएगा। करीब 2 .30 करोड़ रुपये से मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ ही आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, बिजनौर में गोगा जाहरवीर मेला स्थल के पर्यटन विकास के लिए 38 लाख रुपये जारी किए गए हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

### समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर सहमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विकास संघ की कई मांगों पर विभागीय मंत्री असीम अरुण की सहमति मिली है। इससे पहले शुक्रवार को भागीदारी भवन में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विकास संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के दूसरे दिन संघ द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से सम्बंधित मांग पत्र मंत्री को सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों की मांगे और समस्याएं सुनने के बाद समाज कल्याण मंत्री ने मंच से ही कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण को निर्देश दिया कि इनकी मांगों को पूरा किया जाये।

# बेहतर कानून व्यवस्था और समान अवसर देने से अग्रणी बना यूपी : योगी

## मुख्यमंत्री ने की 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ के लोक भवन सभागार में उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री राकेश सचान व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण ही यूपी देश में अग्रणी बन रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं।

योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला इंटरनेशनल ट्रेड शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो से संबंधित एक लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया।

### इन औद्योगिक इकाइयों को दिए आवंटन पत्र

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया।

### प्रोत्साहन नीति के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसमें मेसर्स स्किम ग्लासेज़ वाराणसी से प्रशांत लालवानी, जय मां दुर्गा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज रायबरेली के जितेन्द्र बहादुर सिंह, मां अम्बे राइस मिल महाराजगंज के राजेश मधेशिया, सावित्री इंडस्ट्रीज गोरखपुर के गोविंद प्रसाद, तिरुपति बालाजी प्रिंट पैक प्रालि संत कबीर नगर के नमन वैश्य को डमी चेक वितरित किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलबीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बांटे चेक

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वाराणसी की अदिति सिंह, गोरखपुर के दुर्विजय, लखनऊ के पवन कुमार मिश्रा, बाराबंकी के ललित कुमार, बाराबंकी के दिवाकर तिवारी, लखनऊ की गरिमा पांडेय को डमी चेक वितरित किया।

### ओडीओपी वित्त पोषण योजना के तहत चेक वितरित

ओडीओपी वित्त पोषण योजना के अंतर्गत सीतापुर के अफसर अली, बाराबंकी के श्रवण कुमार, रायबरेली के राजेश कुमार त्रिपाठी, उन्नाव के मोहम्मद नदीम, लखनऊ की रेखा मलानी को डमी चेक वितरित किया। ओडीओपी ट्रेनिंग टूलकिट योजना के अंतर्गत रायबरेली के रंजीत कुमार, लखीमपुर खीरी की कुमारी जया, अमेठी के गोविंद यादव, कौशाम्बी के विनोद कुमार, मीरजापुर के बहादुर को टूलकिट वितरित किया।

# बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

## जिला स्तर पर होंगी 8800 नियुक्तियां, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

### आवेदक की अर्हता

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि ईसीसीई एजुकेटर की संविदा पर 11 माह के लिए नियुक्ति होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। आवेदक की अधिकतम आयु 40 वर्ष, गृह विज्ञान से 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना जरूरी है, आरक्षित वर्ग को नियमानुसार अंकों में पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा नर्सरी अध्यापक शिक्षा, सीटी आदि कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा या समकक्ष योग्यता जरूरी है।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी का लिया जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दोपहर बाद भटहट के पिपरी में राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आगमन की तैयारियों हवाई सर्वेक्षण के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बाद में समीक्षा बैठक निर्देश दिए कि कार्यक्रम में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता की उत्कृष्ट व्यवस्था कर मिसाल प्रस्तुत करें। आयोजन ऐसा हो जो राष्ट्रपति की स्मृतियों में रच-बस जाए। पिपरी में बने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 1 जुलाई को करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इस विश्वविद्यालय परिसर का हवाई सर्वेक्षण, स्थलीय निरीक्षण और समीक्षा बैठक कर लोकार्पण समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से पूरे परिसर को देखने के बाद हेलिपैड पर उतरते ही सबसे पहले पंडाल की तरफ रुख किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति उन्हें लोकार्पण समारोह की तैयारियों को लेकर जानकारी देते रहे। उन्होंने कुलपति और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रपति के अवलोकन के लिए आयुष विश्वविद्यालय का एक मॉडल भी बनवाएं।

# ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

- पीएम जन धन, बीमा व अटल पेंशन योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा अभियान, संस्थागत वित्त महानिदेशक ने जारी किया निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य जिन पात्र नागरिकों को अब तक इन योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उन्हें शत-प्रतिशत जोड़ना है। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी।

### सभी ग्राम पंचायतों में शिविर अनिवार्य

प्रदेश के संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को जिला स्तर पर समग्र नेतृत्व के साथ संचालित किया जाए। सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा। डीएलसीसी की बैठकों के माध्यम से रणनीति तैयार की जाएगी। ब्लॉक, पंचायत व जनसामान्य के स्तर पर सभी विभागीय अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साप्ताहिक समीक्षा और निगरानी की जाएगी ताकि प्रगति पर नियमित नजर रखी जा सके।

# फ्लैट में छाप रहे थे जाली नोट

- एटीएस ने हापुड़ के पिलखुआ में गिरोह को पकड़ा
- 3.9 लाख के जाली नोट समेत तीन गिरफ्तार



गजेंद्र यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हापुड़ के पिलखुआ स्थित फरीदनगर रोड दिनेश नगर कालोनी में जाली नोट छापने का काला कारोबार चल रहा था। जानकारी होने पर गुरुवार देर शाम को एटीएफ (एंटी टेररिस्ट स्क्वाड) ने छापा मारकर सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। फ्लैट के अंदर से 3.90 लाख रुपये जाली भारतीय मुद्रा बरामद की है। आरोपी जाली नोट छापकर प्रदेश के कई जिलों में फैले अपने नेटवर्क के जरिये खपा रहे थे। एटीएस की टीम गिरोह के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक, जाली नोट खपाने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली। टीम ने पिलखुआ के फरीदनगर, भोजपुर रोड के पास एक कार की घेराबंदी कर गजेंद्र यादव और सिद्धार्थ झा को पकड़ा। कार के अंदर काफी मात्रा में जाली भारतीय मुद्रा रखी थी। दोनों इस जाली नोट को एक पार्टी को देने जा रहे थे। दोनों की निशानदेही पर टीम ने दिनेश नगर स्थित एक फ्लैट पर छापा मारा। जहां से उनका साथी विजय वीर पकड़ा गया। फ्लैट में जाली नोट छापने के सामान व जाली नोट का जखीरा मिला। आरोपियों के खिलाफ एटीएस थाना लखनऊ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एटीएस अधिकारी के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों गिरोह का सरगना बुलंदशहर के जीवन गीत गजौरी का रहने वाला गजेंद्र यादव है। गजेंद्र लाखन रेलवे स्टेशन पिलखुआ पर प्वाइंट मैन के पद पर तैनात है। इसके अलावा नई दिल्ली गाजीपुर का सिद्धार्थ झा और बुलंदशहर के रसूलपुर का विजय वीर चौधरी गिरफ्तार किया गया है।

# 23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।



आम महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण करते मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

## आम महोत्सव की तैयारियों को परखा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में 4 से 6 जुलाई तक आयोजित यूपी आम महोत्सव की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने आयोजन स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम प्रदर्शनी, आम व्यंजन प्रतियोगिता, बागवानी नवाचार स्टॉल, किसानों के लिए तकनीकी सत्र तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से पूरी की जाएं। मंत्री ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश की आम विविधता का भव्य प्रदर्शन करेगा तथा निर्यात, प्रसंस्करण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

# कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट बनाने की तैयारी

## नगर विकास विभाग ने सफाई, जल आपूर्ति, रोशनी और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जारी किए निर्देश

- 1 से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान पर भी खास जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में नगर विकास विभाग ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा, सावन मेला और अन्य त्योहारों के दृष्टिगत नगरीय निकायों में सफाई, रोशनी और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना शुरू की है। कांवड़ यात्रा को 'जीरो प्लास्टिक इवेंट' बनाने की तैयारी है। जिलाधिकारियों व निकाय प्रमुखों को भेजे गए निर्देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के निर्देश दिए गए हैं।

तैयारियों को लेकर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक थैली, कप, प्लेट, थर्माकोल आदि के उपयोग पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। कांवड़ यात्रा को जीरो प्लास्टिक इवेंट के रूप में आयोजित किया जाएगा। कचरे के उचित निस्तारण के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे और जनता को जूट या कपड़े के बैग के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जा रहा हैं। कांवड़ यात्रा मार्गों और शिविर स्थलों पर नियमित विद्युत आपूर्ति के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश

प्रमुख सचिव ने सभी शहरी निकायों को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। घाटों और कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां विशेष सफाईकर्मी तैनात किए जाएंगे। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए चिन्हित क्षेत्रों में और कांवड़ शिविर स्थलों पर भी प्रतिदिन एंटी-लार्वा स्प्रे और फॉगिंग अनिवार्य रूप से करने के भी निर्देश दिए गए। नगरीय निकायों में पार्कों, सड़कों, फुटपाथों व पार्किंग क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे। प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक समर्पित निगरानी सेल गठित की जाएगी।

# इस वर्ष एक लाख जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दोगुना सहयोग, सख्त निगरानी के साथ लक्ष्य तय
- फर्मों के चयन से लेकर उपहारों की गुणवत्ता पर अब होगी तकनीक से नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में दोगुना सहयोग और सख्त निगरानी के साथ नया लक्ष्य तय हुआ है। इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। इसके लिए फर्मों के चयन से लेकर उपहारों की गुणवत्ता तक तकनीकी नजर होगी। सख्त निगरानी से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि अब योजना को तकनीकी माध्यम से और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाया जा रहा है, ताकि वास्तविक लाभार्थियों तक इसका फायदा पहुंच सके।

इसके लिए आवेदन प्रक्रिया से लेकर सामग्री आपूर्ति तक के सभी चरणों को डिजिटल निगरानी में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपहारों की गुणवत्ता और वितरण को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। अब फर्मों का चयन जिला नहीं, बल्कि निदेशालय स्तर से किया जाएगा, जिससे किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की संभावना को खत्म किया जा सके। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष लगभग एक लाख जोड़ों के सामूहिक विवाह कराए जाने का लक्ष्य समाज कल्याण विभाग ने तय किया है।

**अभियान चलाकर बनाई जाए लाभार्थियों की सूची :** शासन स्तर से जनपदीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और इस संबंध में समर्पित अभियान चलाया जाए।

### निगरानी के लिए तैनात होंगे आब्जर्वर

सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा। मंडलीय उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी की उपस्थिति विवाह समारोहों में अनिवार्य होगी। आब्जर्वर सीधे निदेशालय या मंडलीय उपनिदेशक को रिपोर्ट करेंगे। ऑनलाइन आवेदन से पहले कन्या के आधार सत्यापन में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही विवाह स्थल पर वर-वधू दोनों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि फर्जीवाड़ा रोका जा सके।

## सियासत | सत्तापक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोपों का दौर

# प्रदेश में गर्माई कथा राजनीति, तर्क-वितर्क जारी

- इटावा में दो कथावाचकों के साथ बदसलूकी का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में इन दिनों भागवत कथा पर राजनीति गर्मायी हुई है। सत्तापक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोपों के दौर के बीच तर्क-वितर्क जारी है। दरअसल, इटावा में दो कथावाचकों के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी की घटना ने प्रदेश की सियासत में हलचल मचा रखी है। सत्तासीन दल भाजपा ने जहां इस मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को सनातन का अपमान बताया है तो वहीं, सपा का तर्क है कि, सरकार पीडीए विरोधी है।

इस बहस के बीच ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अखिलेश यादव और पीडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि आप हिंदू समाज को तोड़ने के लिए खड़े हो गए। आप अल्पसंख्यक के साथ हमें खड़ा करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आप स्वप्न देख रहे हैं हम सनातनी हैं, सनातन के साथ खड़े रहेंगे। कुछ लोगों को तोड़कर आप पीडीए समीकरण बनाना चाहते हो तो ये ज्यादा दिन नहीं चलेगा।

इस बीच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह इटावा की घटना को लेकर अखिलेश यादव ने कथावाचकों का सम्मान किया, वह कहीं न कहीं यह दर्शाता है कि वह घटना को तूल दे रहे हैं। पूर्व सीएम अखिलेश यादव यह बात जान लें कि अब वह समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी की ओर ले जा चुके हैं। 2047 तक जब विकसित भारत बन जाएगा, तब तक अखिलेश यादव देश की सत्ता से बाहर हो चुके होंगे।

वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सपा पर तंज कसा है। ओम प्रकाश राजभर का आरोप है कि सपा में मुसलमानों की हालत गुलामों जैसी है। उन्हें अपनी बात खुलकर कहने की आज़ादी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनती है, तो अखिलेश यादव को खुद मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहिए। बल्कि किसी मुस्लिम नेता के बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। अखिलेश यादव को भी पीछे हटकर मुसलमानों को आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए।

# घुसपैठिया राजनीति से बाज आए भाजपा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी बयान में पड़ोसी राज्यों से आने वाले घुसपैठियों को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटने वाली जो 'घुसपैठिया राजनीति' प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है।

सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है, जिस पर दिल्लीवाले भरोसा कर सकें। तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षड्यंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं।

### बुनियादी मुद्दों में भाजपा की दिलचस्पी नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की बुनियादी मुद्दों के समाधान में कोई दिलचस्पी नही है। भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। महिलाएं एवं बच्चियां असुरक्षित हैं। भाजपा राज में हर तरफ अराजकता और अमानवीयता का जोर है। सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।




# संस्कृति विभाग के महाकुंभ फाग उत्सव में हुआ गबन

## संयुक्त सचिव ने बिलों के भुगतान पर लगाई रोक, बिल एवं वाउचर्स के आधार पर निदेशक को दिए कार्रवाई करने के आदेश

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार:** संस्कृति विभाग में वाद्ययंत्र घोटाले के बाद महाकुम्भ फाग उत्सव में घोटाला सामने आया है। महाकुम्भ के तहत लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महाकुंभ फाग उत्सव पर हुए खर्च पर खुद शासन ने प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है।

विभाग की संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने लाइट पर व्यय 98 हजार 58 रुपये और टेंटेज आदि पर खर्च 99,522 रुपये के भुगतान पर रोक लगा दी है। साथ ही शेष धनराशि 6,57,397 रुपये का भुगतान वास्तविक बिल एवं वाउचर्स के आधार पर कार्रवाई करने का आदेश निदेशक संस्कृति को दिया है।

12 मार्च 2025 को महाकुंभ के स्वागत में फाग उत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें मथुरा से जाग्रति पाल ग्रुप को ब्रजरास एवं फूलों की होली कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। संस्कृति विभाग ने कलाकारों को पारिश्रमिक पर 70 हजार रुपये का भुगतान किया गया जबकि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल में साज-सज्जा पर 84, 677 रुपये खर्च कर दिए।

शासन को भेए गए बिल में लाइट पर 98,058 रुपये, टेंटेज पर 99,522 रुपये, भोजन पर 3,84,720 रुपये और मरकरी हाल का किराए के रूप में 11,800 रुपये का व्यय बताया गया। शासन ने लाइट और टेंटे के व्यय 1,97,580 रुपये के भुगतान पर रोक लगाते हुए निदेशक संस्कृति विभाग को पत्र भेजा।

इस पत्र में कहा गया है कि निदेशक यह सुनिश्चित करें कि समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए भुगतान की कार्यवाही की जाये। स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल और वाउचर्स के आधार पर ही किया जाए।

### बिल में दिख रही विसंगति

निदेशक संस्कृति को 30 मार्च 2025 को संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी का आदेश मिला जिसमें मिले दिशा-निर्देशों का पालन हो पाता उससे पहले ही विशेष सचिव रवीन्द्र कुमार की 31 मार्च को लिखी चिट्ठी उनकी टेबल पर पहुंच गई। इसमें बताया गया है कि 12 मार्च को हुए आयोजन के लिए 11 मार्च को 34 लाख 98 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था लेकिन बाद में बिल 8,54,977 रुपये का प्राप्त हुआ। विशेष सचिव ने लिखा है कि एक ही कार्यक्रम से सम्बन्धित प्रस्ताव में विसंगति स्पष्ट नजर आ रही है। विशेष सचिव ने निदेशक को निर्देशित किया है कि गलत भुगतान कराने के प्रयास के दोषी के विरुद्ध गबन के लिए कार्यवाही करते हुए आख्या प्रस्तुत करें। संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी ने निदेशक संस्कृति को 29 अप्रैल को फिर से चिट्ठी भेजकर 31 मार्च की चिट्ठी का हवाला देते हुए कहा है कि महाकुम्भ फाग उत्सव में गलत भुगतान कराने के प्रयास के लिए दोषी के विरुद्ध गबन की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था लेकिन इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही हुई, अब तक नहीं बताया गया। इस सम्बन्ध में शासन ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। थियेटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन विपिन कुमार, दबीर सिद्दीकी और शुभम का कहना है कि योगी सरकार की सख्त नीतियों के बावजूद संस्कृति विभाग के अधिकारी घोटालों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विभाग से जुड़े अन्य विभागों में भी वाद्ययंत्र खरीद में घोटाले किये गए हैं, लेकिन कहीं से कोई कार्यवाही होती नजर नहीं आ रही है।

# मार्गों के किनारे से हटाया अतिक्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शुक्रवार को विभिन्न जोनों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जोन-4 में जोनल अधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में कठौता से चिनहट तक अभियान चलाया गया। इसमें ग्रीन बेल्ट, कठौता चौराहा, पुलिस चौकी, उदय मार्केट से चिनहट तिराहे के दोनों तरफ फुटपाथ पर रखे ठेला, ठेली, काउंटर, बोर्ड, ग्लोसाइन हटाकर जब्त किए गए। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जोन-5 में वीआईपी रोड से बंगला बाजार तक तीन काउंटर, पांच ठेले हटाए गए। जोन-6 में अकबरी गेट से कालीचरन कॉलेज तक 15 ठेला, 13 अस्थाई दुकानें, 50 पोस्टर-बैनर व अन्य सामग्री जब्त की गई।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

हल्की बारिश या बौछार की संभावना है।

38.3° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- माल ब्लॉक की ग्राम पंचायत रायपुर के पंचायत भवन में चौपाल-10 :00 बजे।
- अलीगंज स्थित बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी के शिव सहाय जी सभागार में मेधावियों के सम्मान समारोह- 1:00 बजे।

### एक नजर

#### लेबर अड्डों पर शिविर लगा रहा श्रम विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ:** श्रमिकों की समस्याएं जानने और उनका निस्तारण कराने के लिए श्रम विभाग लेबर अड्डे पर शिविर लगा रहा है। इन शिविरों में श्रमिकों को विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी ला रही है। श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि शहर में महीने में लगभग 10 शिविर लगाए जा रहे हैं। इनमें लगभग 600 श्रमिकों को योजनाओं के लाभ की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। शिविरों के आयोजन से श्रमिकों को श्रम विभाग कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

#### कोरोना के दो नए मरीज मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में कोरोना के दो नए मरीज मिले है। लक्षण मिलने पर दोनों की निजी लैब से जांच कराई गई थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। सीएमओ कार्यालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोविड के 2 धनात्मक रोगी पाए गए। जिनमें से एक 26 वर्षीय महिला जगत नारायण रोड और एक 27 वर्षीय पुरुष शाहमीना रोड के रहने वाले है। दोनों रोगी होम आइसोलेशन में है। वर्तमान में जनपद में कुल कोविड धनात्मक रोगियों की संख्या 74 एवं एक्टिव केसेस की संख्या 12 है।

#### 10 वर्ष बाद मिली पारिवारिक पेंशन बुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जोन-6 अंतर्गत कर विभाग में कार्यरत लिपिक धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व. फूल चंद्र की 24 जून 2016 को मृत्यु हो गई थी। धर्मेन्द्र कुमार की व्यक्तिगत पत्रावली सेवा-पुस्तिका गुम हो जाने के कारण पत्नी सारिका को पारिवारिक पेंशन 10 वर्ष से प्राप्त नहीं हो पा रही थी। नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के प्रयास और नगर निगम प्रशासन के सहयोग से डुप्लीकेट सेवा-पुस्तिका बनवा कर शुक्रवार को सारिका पारिवारिक पेंशन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए पेंशन-बुक प्राप्त कराई गई। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर निगम प्रशासन का आभार जताया।

#### बच्चों ने देखा कुकरैल का घड़ियाल पुनर्वास केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य संग्रहालय, संस्कृति विभाग और टर्टिल सर्वाइवल एलाइंस फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे जूनियर कन्ज़र्वेशनिस्ट नेचर कैम्प के चौथे दिन शुक्रवार को प्रतिभागियों को घड़ियाल पुनर्वास एवं प्रजनन केंद्र कुकरैल का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान टर्टल सर्वाइवल एलायंस के वैज्ञानिक डॉ. अनुराग ने पक्षियों के विशिष्ट लक्षणों, उनकी आवाज़, प्रवास, प्रजनन, आवास आदि के विषय में जागरूक किया। उन्होंने जलीय पक्षियों एवं पेड़ पर रहने वाले पक्षियों के भोजन एवं उनके शिकार करने की विधि से भी अवगत कराया। वैज्ञानिक डॉ. अरुणिमा ने घड़ियाल प्रजनन केंद्र का भ्रमण कराते हुए घड़ियाल, कछुओं एवं मगरमच्छों के प्रजनन, संरक्षण एवं उनकी जनसंख्या में वृद्धि एवं इस दिशा में कुकरैल घड़ियाल प्रजनन केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयास के संबंध में बताया।

# छह वर्ष में आकार लेगा एससीआर

## छह जिलों के 26,700 वर्ग किमी में आर्थिक विकास को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन के समक्ष किया प्रेजेन्टेशन
- 71 करोड़ से कंसल्टेंट कंपनी एक वर्ष में तैयार करेगी रीजनल प्लान

**अमृत विचार :** स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) 6 वर्ष में आकार ले लेगा। 6 जिलों के 26,700 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे एससीआर में आने वाले लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली जिलों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई अहम बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है।

71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार करेगी। अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। इस मौके पर प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी गुरू प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, आवास बंधु के निदेशक रवि जैन व मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत वर्ल्ड बैंक की टीम, शहरी योजनाकार व अभियंता उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड बैंक करेगा मदद



बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

### जनपदों के बीच मिलेगी हाईस्पीड कनेक्टिविटी

उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। इसमें शामिल लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और रायबरेली में आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा। जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

### गांवों तक पहुंचेंगी शहरी सुविधाएं

बैठक में बताया गया कि एससीआर में शामिल अन्य जनपदों की तुलना में लखनऊ अधिक विकसित है। आसपास के जनपदों से रोजाना हजारों लोग व्यवसाय, नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न कारणों से लखनऊ आते हैं। एससीआर के धरातल पर उतरने से अन्य जनपदों में भी समानांतर रूप से विकास होगा। इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार व व्यवसाय के अवसर सृजित होंगे। गांवों तक शहरी सुविधाएं पहुंचेंगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही निवास, व्यापार व नौकरी आदि के लिए बेहतर माहौल मिलेगा।



बेहोश होने पर सिपाही को सीपीआर देती साथी पुलिस कर्मी।

### सामान्य से अधिक रहा अधिकतम तापमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में शुक्रवार को सुबह से तेज धूप निकली रही। तेज धूप के साथ उमसभरी गर्मी ने बेहाल किया। अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 29.0 सेल्सियस डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा। शनिवार को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

# गर्मी से गश खाकर गिरे महिला सिपाही व रोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोनों को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार :** कचहरी के अभियोजन कार्यालय में तैनात महिला सिपाही और बलरामपुर अस्पताल में डायलिसिस कराने आया शुक्रवार को मरीज बेहोश होकर गिर गए। दोनों को बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों मरीजों में प्रथम दृष्टया गर्मी से अचेत होने की आशंका जाहिर की है। उनकी हालत में सुधार बताया गया है।

महिला सिपाही रुखसाना बानो (35) की कचहरी स्थित अभियोजन कार्यालय में तैनाती है। साथियों के मुताबिक शुक्रवार को रुखसाना को तेज बुखार था। अभियोजन कार्यालय में ड्यूटी के दौरान वह गश खाकर गिर गईं। हार्ट अटैक की आशंका पर साथी सिपाही ने सीपीआर दी। राहत न मिलने पर ई-रिक्शे से बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी ले गए। वहां ईएमओ डॉ. देवेंद्र सिंह ने जांच की। बलरामपुर निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि सिपाही को तेज बुखार था। कमजोरी के साथ गर्मी की वजह से वह गश खाकर गिरी थी। अब हालत में सुधार है।

सीतापुर के बिसवां निवासी शारिक शहदुल (45) की डेढ़ साल से डायलिसिस चल रही है। इसके लिए वह सप्ताह में तीन बार बलरामपुर अस्पताल आते हैं। शुक्रवार को भी मां महजबीन और पत्नी सबीना के साथ डायलिसिस के लिए बलरामपुर अस्पताल आए थे। डायलिसिस के बाद अकेले ही यूनिट से बाहर आ गए। अचानक से गश खाकर गिर गए। सुरक्षा गार्डों ने उन्हें तुरंत इमरजेंसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया कि गर्मी की वजह से गश खा गए थे, अब हालत ठीक है।

# जी-20 रोड पर गड्ढे, बना 8 करोड़ का एस्टीमेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित जी-20 रोड का सिंचाई विभाग ने सर्वे किया तो जगह-जगह बैठी पाई। गड्ढे व रेन कट मिले। ज्यादा बारिश में खतरे की आशंका जताकर मरम्मत कराने के लिए आठ करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाकर एलडीए को भेजा है।

जनेश्वर मिश्र पार्क के पास से गुजरी रोड को इंवेस्टर समिट के दौरान जी-20 रोड नाम दिया गया था। वर्तमान में सिंचाई विभाग ने रोड का सर्वे किया तो जगह-जगह रेन कट, गड्ढे व बंधा धंसा पाया। ज्यादा बारिश होने पर खतरे की आशंका जताकर लखनऊ विकास प्राधिकरण को अवगत कराया है।

सिंचाई विभाग ने करीब आठ करोड़ रुपये का एस्टीमेट बनाकर प्राधिकरण को दिया है। जिससे सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। इसमें शहर की तरफ चार करोड़ व गोमती नदी की तरफ चार करोड़ रुपये से जी-20 रोड की मरम्मत कराई जाएगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि मरम्मत एलडीए कराएगा। इसका एस्टीमेट सौंप दिया है।

# एसजीपीजीआई में छह बिचौलिये गिरफ्तार

संवाददाता, पीजीआई

- गेट नंबर एक पर सुरक्षा गार्डों से मारपीट और अभद्रता की

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई के सुरक्षा गार्डों ने गुरुवार को मेडिकल स्टोर्स के छह बिचौलियों को गेट नंबर एक से दबोच लिया। बिचौलियों ने सुरक्षा गार्डों से अभद्रता व मारपीट की। सुरक्षा नोडल अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छह बिचौलियों को गिरफ्तार कर लिया है।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की सुरक्षा के नोडल अधिकारी डीके पांडेय ने बताया कि संस्थान में गेट से लेकर इमरजेंसी व अस्पताल तक निजी अस्पतालों व मेडिकल स्टोरों के बिचौलिए पहुंच जाते हैं। ये बिचौलिए सस्ते इलाज और किफायती दवाएं दिलाने का प्रलोभन देकर मरीजों-तीमारदारों अपने जाल में फंसाते हैं। दूर दराज से आने वाले परेशान मरीज इनका शिकार बन जाते हैं। पीजीआई गेट नम्बर-एक पर गुरुवार को सुरक्षा गार्डों छह बिचौलियों को मरीजों को प्रलोभन देते देख लिया। पकड़ने का प्रयास करने पर बिचौलिए गार्डों से गाली गलौज व धक्का मुक्की करने लगे। हंगामा होते देख अन्य सुरक्षा कर्मी पहुंच गए और बिचौलियों को दबोच लिया। सभी बिचौलियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि पीजीआई के सुरक्षा अधिकारी की तहरीर पर गार्डों के साथ अभद्रता व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिचौलिए मोहनलालगंज निवासी शिवांशु यादव, नरेंद्र सिंह, एकतानगर निवासी हिमांशु बाजपेयी, मोहित कुमार, कल्ली निवासी विशाल कुमार और पीजीआई निवासी शिवा रावत को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी निजी मेडिकल स्टोरों के लिए दलाली करते थे।

# शाइन सिटी की संपत्तियां नीलाम कर निवेशकों की रकम लौटाएगी ईडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ, नोएडा और दिल्ली में ईडी ने जब्त की है 300 करोड़ की संपत्तियां
- निवेशकों की रकम वापस करने की प्रक्रिया शुरू, संपत्तियों की सूची तैयार

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शाइन सिटी के निवेशकों की रकम वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए लखनऊ, नोएडा और दिल्ली में दो दर्जन से अधिक संपत्तियों को नीलाम करने के लिए चिह्नित किया गया है। ईडी ने तीन वर्ष में जब्त संपत्तियों की सूची तैयार कर ली है। ईडी हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई कर रही है।

शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम को ईडी आर्थिक भगोड़ा अपराधी घोषित कर चुकी है। ईडी ने शाइन सिटी की पिछले समय में 300 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर रखी है। निवेशकों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी कि कई कार्रवाई के बाद भी उनकी रकम फंसी हुई थी। इस पर हाईकोर्ट ने ईडी को आदेश दिया था कि जब्त संपत्ति को नीलाम कर निवेशकों की रकम वापस शुरू कर दिया जाए।

इस पर ही ईडी ने निवेशकों से कहा था कि उन निवेशकों को ही रकम लौटाई जाएगी जो कोर्ट में आवेदन करेंगे। अब तक 5200 निवेशकों ने कोर्ट में आवेदन किया है। सूत्रों के मुताबिक लखनऊ, नोएडा और दिल्ली की कई संपत्तियां चिह्नित कर ली गई है। इनकी औपचारिकता पूरी कर जल्द ही इनकी नीलामी प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।

नीलामी से मिलने वाली रकम को तय गाइडलाइन के मुताबिक निवेशकों को लौटाना शुरू कर दिया जाएगा।

### दर्ज हैं 500 से ज्यादा रिपोर्ट

शाइन सिटी के खिलाफ उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड और बिहार के निवेशकों ने शिकायत की। जिसके आधार पर पूरे प्रदेश में 500 से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। कंपनी के अधिकारियों और एजेंटों ने निवेशकों को योजना के तहत फ्लैट देने और जमा की रकम पर ज्यादा ब्याज देने का लालच दिया था। निवेशकों ने अरबों रुपये निवेश कर दिए थे। तय समय पर रकम और फ्लैट न मिलने पर निवेशकों ने दबाव बनाना शुरू किया तो कंपनी के अधिकारी सभी स्थानों पर दफ्तर बंद कर फरार हो गए थे।







**जागरुकता** देवरी रूखारा के प्रगतिशील किसान ने आधा एकड़ में खेती कर कमाए 17 लाख रुपये

# जरबेरा की खेती से खिल रही किसानों की किस्मत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में गुलाब, गेंदा, बेला आदि फूलों की खेती करने वाले किसान अब जरबेरा की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। देखने में सुंदर जरबेरा फूल अन्य पुष्पों की तुलना में महंगा बिकता है। इन फूलों को खास कार्यक्रमों की सजावट में प्रयोग किया जाता है।

बीकेटी के ग्राम देवरी रूखारा के प्रगतिशील किसान उदय प्रताप सिंह ने बताया कि अब वह जरबेरा की खेती कर रहे हैं। वर्ष 1999 से अन्य फूलों की खेती शुरू की थी। ज्यादा मुनाफा न मिलने पर ग्लेडियस की खेती की। उसमें भी खर्च निकालने की स्थिति रही। उद्यान विभाग की सलाह पर वर्ष 2023 में आधा एकड़ में पॉली हाउस बनाकर जरबेरा के पौधे लगाए। इसमें 10 लाख रुपये तक लागत आई। एक वर्ष में करीब 17 लाख रुपये बचाए। उन्होंने बताया कि इतना फायदा किसी अन्य प्रकार के फूलों की खेती पर नहीं हुआ। बचत होने पर वर्ष 2024 में आधा एकड़ रकबा और बढ़ा लिया। बाजार में यदि दाम अच्छे मिलते हैं तो लागत निकालकर 16-17 लाख रुपये बचते हैं। उनके फूल लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर आदि बड़ी मंडियों में बिकते हैं।

कम समय में जरबेरा की खेती पर उद्यान मंत्री सम्मानित भी कर चुके हैं। वह अन्य किसानों को अपने पॉली हाउस का विजिट कराकर प्रेरित करते हैं ताकि वह भी समृद्ध हो सकें।

### पॉली हाउस बनाने में सरकार देती है आधी लागत

किसानों को उद्यान विभाग की एकीकृत बागवानी मिशन योजना से बल मिला। आधा एकड़ में 30 लाख रुपये व एक एकड़ में 58 लाख रुपये खर्च करके पॉली हाउस बनाए हैं। दोनों पर सरकार से 50 फीसदी धनराशि अनुदान के तौर पर मिली। इससे लागत आधी आई है। बता दें कि जरबेरा का पौधा 12 मास फूल देता है। एक एकड़ में करीब 25 हजार पौधे लगते हैं। एक पौधा 30 से 35 फूल देता है। इससे वर्ष भर में करीब 7.50 लाख फूल निकलते और बिकते हैं। जबकि ग्लेडियस साल में एक बार फूला देता है।



### दो वर्ष में बढ़ा रकबा

उपनिदेशक उद्यान लखनऊ मंडल डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि जरबेरा या अन्य फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए ही एकीकृत बागवानी मिशन योजना संचालित है। योजना के तहत पाली हाउस बनाने पर 50 फीसद धनराशि मिलती है। बैंक से ऋण लेने पर तीन फीसद ही ब्याज देय होता है। इधर, दो वर्ष में जरबेरा का रकबा बढ़ा है।

### जिले में जरबेला

| | |
|---|---|
| क्षेत्रफल | 50 हजार वर्गमीटर |
| पॉली हाउस | 25 |
| किसान | 25 |

# मोहर्रम का चांद नजर आते ही मजलिसों का सिलसिला शुरू

## मजलिसों में हजरत इमाम हुसैन के कर्बला पहुंचने का मंजर बयान किया गया, कुरान की तरह अहलेबैत को सुनना भी सवाब है : मीसम जैदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोहर्रम का चांद नजर आने के बाद ही पुराना शहर गम में डूब गया था। शुक्रवार की सुबह से ही विभिन्न इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया। आज की मजलिसों में हजरत इमाम हुसैन के कर्बला पहुंचने का मंजर बयान किया गया।

इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि हज़रत आदम अपने शहीद बेटे की कब्र पर जाकर रोते थे और क़ातिल पर लानत भेजते थे, हम भी इसी सुन्नते आदम पर अमल करते हैं। हम इमाम हुसैन की मजलूमियत पर रोते हैं और उनके कातिल पर लानत भेजते हैं। इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम का हुक्म है कि हर मोमिन रोज कम से कम कुरान की 50 आयतों की तिलावत करे। कुरान की अजमत बयान करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आपके कानों में कुरान की तिलावत की आवाज आ रही है तो उस वक्त बात करना दुरुस्त नहीं है। जिक्रे अहलेबैत करना व सुनना सवाब है। इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि अहलेबैत का रास्ता और उनका वसीला दुनिया की कामयाबी और आखिरत में नजात का सबब बनता है।



पुराने लखनऊ के ऐतिहासिक बड़े इमामबाड़े से पहली मोहर्रम को निकाला गया शाही मोम की जरीह का जुलूस। अमृत विचार



इमामबाड़ा गुफरानमआब में मजलिस को संबोधित करते मौलाना कल्बे जवाद।

मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन ने दीन और दुआ शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में कुछ लोग मजहब के नाम पर कत्ले आम को जायज समझते हैं। इससे दीन व मजहब का नाम बदनाम होता है।

विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया पीजी कॉलेज में मौलाना अब्बास नासिर सईद अबाकाती ने मजलिस को ख़िताब करते हुए कहा कि कुरान कह रहा है कि हक को बातिल के साथ न मिलाओ और न हक को छुपाओ।

कैसरबाग स्थित मकबरा सआदत अली खां में मोहर्रम की पहली मजलिस को खिताब करते हुए बिहार से आये मौलाना मुराद रजा ने कहा कि कर्बला इंसानियत की जरूरत है। इस्लाम वह दीन है जो सबकी बातों को सुनने और हर एक को अपना नजरिया रखने का हुक्म देता है। इस्लाम ताकीद करता है कि लोगों की बात सुनकर फैसला करो। मौलाना यहां 9 मोहर्रम तक कर्बला जरूरते इंसानियत के शीर्षक पर मजलिस को खिताब करेंगे। मौलाना ने कहा कि जनाबे मुस्लिम इब्ने अकील ने इस बात का पैगाम दिया कि जो मुसलमान है, कर्बलाई और हुसैनी है वह किसी को धोखे से कत्ल नहीं करता, वह मैदाने जंग में आमने-सामने जंग करता है।



मकबरा सआदत अली खां में अशर-ए- मजलिस को खिताब करते मौलाना मुराद रजा।

### बड़े इमामबाड़े से निकला शाही जरीह का जुलूस

हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में शुक्रवार को एतिहासिक आसिफी इमामबाड़े से शाही जरीह का जुलूस निकाला गया। हुसैनाबाद ट्रस्ट की देखरेख में यह जुलूस पूरी शान-ओ-शौकत से निकाला गया। जुलूस में 22 फीट की मोम की जरीह और 17 फीट का खूबसूरत ताजिया मुख्य आकर्षण रहा। शाम करीब 7 :30 बजे बड़े इमामबाड़े से बाहर निकला जुलूस देर रात छोटे इमामबाड़े पहुंचकर खत्म हुआ। हाथों में अलम और लबों पर या हुसैन की सदाओं के साथ पहली मोहर्रम को जब बड़े इमामबाड़े से शाही जरीह का जुलूस निकला तो अजादारों की आंखों में नमी दिखाई दी। हजारों की संख्या में औरतें, बच्चे व बुजुर्ग इस जुलूस का हिस्सा बने। जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी जुलूस के दौरान जुलूस के साथ-साथ मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर, पुलिस, पीएसी, रैपिड एक्शन फ़ोर्स और आरआरएफ को तैनात किया गया था। ड्रोन कैमरे के जरिये पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर थी। शाही जरीह के जुलूस में शहनाई पर मजलिसे गम है शाहे हुदा की, आज पहली है माहे अजा की धुन बज रही थी। आगे-आगे शहनाई और नक्कारों पर मातमी धुनें बज रही थीं। पीछे पीएसी व होमगार्ड के जवान बैंड पर मातमी धुनें बजा रहे थे। जुलूस के बीच मार्सियाख्वान अपनी दर्द भरी आवाज में मदीने से इमाम हुसैन की रुखसत का मंजर बयान कर रहे थे। जुलूस में शामिल हाथी और ऊंट जुलूस को शाही बना रहे थे। शाही जुलूस सूरज और चांद से सजे हुए हाथी और ऊंट पर लोग हाथों में काले झंडे लेकर सवार थे। छोटे-छोटे बच्चे झंडे लेकर जुलूस में शामिल थे।

### इमामबाड़ा नाजिम साहब में हुई मर्सिये की मजलिस

पहली मोहर्रम को इदारा-ए तहफ़्फ़ु-ए-मर्सिया ख़्वानी की ओर से अहलेबैत की पसंदीदा जाकरी शीर्षक से पहली मजलिस को फैजाबाद से आये मोहम्मद हैदर ने नफीस अमरोही का मर्सिया पेश किया। उन्होंने कहा :- वो शेर की आमद सिफ़त-ए-क़हर-ए-इलाही, फौजों में वो भगदड़ वो तिलातुम वो तबाही, रुख़्सत हुई सब शाम की वो सुत्वत-ए-शाही, मर्दम की बसीरत भी अदम को हुई राही, सहरा ने भी दामन को समेटा है ये डर है, दरिया का भी चेहरा अऱक़-ए-मर्ग में तर है। कल की मजलिस को मोहसिन अब्बास दोपहर 12 :30 बजे ख़िताब करेंगे।


## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र सत्य प्रकाश सिंह व पुत्रवधु शिवांगी सिंह पत्नी सत्य प्रकाश सिंह के गलत चाल-चलन, व्यवहार व आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए उनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों से मेरे पुत्र व पुत्रवधु से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। इनके किसी भी कृत्य, मुकदमें बाजी व लेन-देन आदि के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जितेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 हैसिला बक्श सिंह निवासी ग्राम तिलवारी, जनपद बाराबंकी।**

## पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में यूटीआर-एमडब्ल्यूपी खंड (184 आरकेएम/368 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिये 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के ओएचई संशोधन और फीडर वायर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। ई-निविदा सूचना सं०: CEE/Project/LJN/UTR-MWP, अनुमानित लागत रूपया में ₹ 1,41,24,08,013.40, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) रूपया में: ₹ 72,12,100/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 29-07-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 महीना।

• पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट, लखनऊ**

मुजाधि/विद्युत-**69**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# कैंसर संस्थान की छत से गिरकर मौत

- ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित मरीज का चल रहा था इलाज, कूदकर आत्महत्या करने की आशंका

संवाददाता, लखनऊ/गोसाईंगंज

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के ओटी कॉम्प्लेक्स की छत से संदिग्ध हालत में मरीज की गिरकर मौत हो गई। मरीज काफी समय से ब्रेन ट्यूमर की बीमारी से जूझ रहा था। लोगों ने बीमारी से परेशान होकर छत से कूदने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।



दादू राम (फाइल फोटो)

बांदा निवासी दादू राम (45) ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थे। परिजन उन्हें 19 जून को एसजीपीजीआई में इलाज के लिए लाए थे। यहां ब्रेन का एमआरआई कराने की सलाह दी गई। जांच के बाद परिजन रिपोर्ट लेकर पीजीआई ओपीडी पहुंचे। यहां से मरीज को कल्याण सिंह कैंसर संस्थान जाने की सलाह दी गई। शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे परिवारीजन मरीज को लेकर कल्याण सिंह कैंसर संस्थान पहुंचे। पंजीकरण काउंटर पर कर्मचारियों से ओपीडी की जानकारी मांगी। कर्मचारियों ने शनिवार को सुबह डॉक्टर के उपलब्ध होने की जानकारी दी। पत्नी संगीता के मुताबिक, इसी दौरान मरीज गायब हो गया। मरीज की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मरीज ओटी कॉम्प्लेक्स की पांच मंजिला छत तक पहुंच गया। जहां से वह नीचे गिर गया। छत से गिरने की वजह से उसके सिर व शरीर के कई अंगों से खून बहने लगा।

> परिवारीजन मरीज को लेकर शाम को संस्थान आए थे। ओटी कॉम्प्लेक्स की छत से गिरकर मरीज की मौत हो गई। वह ब्रेन कैंसर की चपेट में थे। शनिवार को ओपीडी में दिखाना था। मरीज कैसे छत पर पहुंचा। इसका पता लगाया जाएगा।
>
> -डॉ. गौरव सिंह, प्रवक्ता कैंसर संस्थान

### संस्थान की लापरवाही से मरीज छत तक पहुंचा

मौके पर मौजूद अन्य मरीज व तीमारदारों ने बताया, कैंसर संस्थान में बहुमंजिला भवनों की छत के दरवाजे खुले रहते हैं। ऐसे में कोई भी व्यक्ति छत तक आसानी से जा सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर मरीजों को शारीरिक व मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ता है। कई बार मरीज बीमारी से आजिज आकर आत्महत्या तक करने की कोशिश करते हैं। परिवारीजनों का कहना है कि दादू राम इलाज की बदइंतजामी से काफी परेशान हो गए थे। लिहाजा वे बार-बार घर चलने की जिद कर रहे थे। आखिर में मरीज की जान चली गई।

# केजीएमयू : डॉ.अमिता सेवानिवृत, डॉ. वीरेंद्र बने डीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष व डीन एकेडमिक्स डॉ. अमिता जैन सेवानिवृत हो गई। शुक्रवार को ब्राउन हाल में विदाई समारोह हुआ। जिसमें उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर जीवन के नया सफर शुरू करने की बधाई दी गई। वहीं, मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र आतम को डीन एकेडमिक्स बनाया गया है। उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। जबकि अंजू अग्रवाल को प्रो. वाइस चांसलर बनाया गया है।

# मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त मोर्चे के तत्वाधान में ओरिएंटल इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय हजरतगंज पर धरना-प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने कई मांगों को लेकर नारे लगाये। संयुक्त मोर्चा के संयोजक जीएस सिंह ने कहा कि हमारी मांग है कि 1 अगस्त 2022 से लंबित वेतन एलआईसी के बराबर समझौता वार्ता तुरंत लागू किया जाय। फैमिली पेंशन 15 प्रतिशत से 30 प्रतिशत की जाय। एनपीएस 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाय। चारों सरकारी बीमा कंपनियों का विलय किया जाए और सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए। जीएस सिंह ने बताया कि 2 जुलाई को यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस क्षेत्रीय कार्यालय अलीगंज पर आधे दिन का प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा।


MIDLAND® HEALTHCARE (A UNIT OF APOORVA MEDICARE PVT. LTD.)

**NOTICE OF INTENT TO DESTROY MEDICAL RECORDS**

As per Rule of Director General of Health services Mohfw (Govt.ofIndia) Fno.A.12034/3/2014 any hospital has to store Medical Records in a hard copy till 3 years.

Therefore it is to inform to public, Midland Health care and Research Center, B-55,Mandir Marg, Mahanagar Extension, Lucknow will going to destroy all the Medical Records dated till December 31,2020.

Any one wishing to request their copy of medical records or any query regarding the medical records must contact prior to destruction date on 10th July,2025.

Numbers:0522-4042888, 9196888888, 6396660234 Mail ID-midlandiko@gmail.com

Timing:10am to 5pm

ADMINISTRATOR

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/205/2025-26 |
| क | कार्य का विवरण | स्टोर डिपो, आलमबाग, लखनऊ में स्मार्ट वार्ड, स्वचलित भंडारण एवं पुनर प्राप्ति प्रणाली (ASRS) के प्रावधान का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत | रू. 43,82,658.66 |
| ग | धरोहर राशि | रू. 87,700/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| अन्य सूचना | | |
| 3. | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 19.07.2025 को अपरान्ह 13.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.07.2025 को अपरान्ह 13.00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

**निविदा संख्या:- विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/205/2025-26 दिनांक 27.06.2025** 1944/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IRERS की वेबसाइट यानि http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 22.07.2025 समय (11:30 बजे) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| **NIT संख्या** | 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 27.06.2025 |
| **निविदा संख्या** | 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| **कार्य का नाम** | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट (एवाईसी) स्टेशन पर यूनिवर्सल कोचिंग रखरखाव सुविधा के विकास और अन्य कार्यों के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा कार्य। |
| **निविदा प्रपत्र लागत** | कुछ नहीं। |
| **लगभग निविदा मूल्य** | रु. 4,64,30,951.37 (चार करोड़ चौसठ लाख तीस हजार नौ सौ इक्यावन रुपये और सैंतीस पैसे मात्र) |
| **बोली सुरक्षा** | रु. 3,82,200/- (तीन लाख बयासी हजार दो सौ रूपये मात्र) |
| **समापन की अवधि** | 12 (बारह) माह |
| **ऑफर की वैधता** | 60 दिन |
| **IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक** | 27.06.2025 |
| **जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है** | 08.07.2025 |
| **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय** | 22.07.2025 (11:30 बजे) |
| **पात्रता मापदंड** | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यान दें:-** 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**नं.: 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 27.06.2025** 1940/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नालों की सफाई के बाद भी मिला कूड़ा

- अपर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए दोबारा सफाई करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा मानसून से पहले साफ कराए गए नाला और नालियों की शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने हकीकत परखी। जोन-4 अंतर्गत साफ कराए गए नालों में कूड़ा-कचड़ा मिला। नालों के ढक्कन खुले मिले। लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए एसएफआई को पुनः सफाई कराने के निर्देश दिए।

अपर नगर आयुक्त ने जोन-4 अंतर्गत लोहिया अस्पताल के सामने और उजरियांव क्षेत्र में सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। अभियान के दौरान साफ कराए गए नालों की स्थिति देखी। पाया कि कुछ नाले साफ कराए गए थे, लेकिन दोबारा से कूड़ा-कचरा डाला गया है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और एसएफआई को निर्देशित किया कि ऐसे स्थानों की तुरंत दोबारा सफाई कराई जाए। पुनः गंदगी जमा न हो इसकी निगरानी करें। यह भी देखा कि कई स्थानों पर नालियों के ढक्कन खुले हुए हैं। इससे जलभराव की संभावना बनी हुई है। उन्होंने तत्काल ढक्कन लगाने और जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों से कहा कि बारिश के समय आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अब डॉक्टर की लिखी दवा पढ़ सकेंगे मरीज

- जिले की 48 पीएचसी में डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब चिकित्सक की लिखी दवाओं को मरीज-तीमारदार भी आसानी से समझ सकेंगे। साथ ही दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन भी उनके हेल्थ रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा। शुक्रवार से इसकी शुरुआत हो गई।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि जिले में कुल 54 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में से 48 यूपीएचसी पर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा शुरू कर दी गई है। इसे सीधे मरीजों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे न सिर्फ दवा लेने में सुविधा होगी, बल्कि मरीजों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

सीएमओ ने बताया कि मरीजों को हाथ से लिखने की जगह दवाओं का विवरण प्रिंट करके दिया जा रहा है। जल्द ही यह सुविधा अन्य छह यूपीएचसी पर भी शुरू कर दी जाएगी। साथ ही मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का रिकॉर्ड रखने के लिए इसे आभा आईडी से जोड़ा जा रहा है। इससे यदि मरीज का पर्चा खो गया या वह अस्पताल लाना भूल गया है तो डॉक्टर डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन देखकर यह पता कर लेगा कि उन्होंने मरीज को पूर्व में क्या दवा लिखी थीं।


## पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन नोटिस सं0- LJN-PRKG-11-25

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | लॉट सं0 | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | PARKING-LJN-GKP-TW-7-24-1 (Parking-Two Wheeler) | **गोरखपुर स्टेशन** के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 2 | PARKING-LJN-PPW-MX-131-25-1 (Parking-Mixed) | **पचपेड़वा स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साइकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 3 | PARKING-LJN-SDDN-MX-130-25-1 (Parking-Mixed) | **सिद्धार्थनगर स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 4 | PARKING-LJN-BNY-MX-128-25-1 (Parking-Mixed) | **बढ़नी स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |

**नोट: 1.** निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। **2.** सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दि0-**11.07.2025, 12:00** बजे प्रारंभ होकर **11.07.2025, 13:00** बजे बंद होगी। **3.** इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **4.** अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। **5.** विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

**मुजाधि/वाणिज्य-67** **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/लखनऊ**

"DO NOT TRAVEL WITH INFLAMMABLE ARTICLE IN TRAIN"

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि 21.07.2025 समय (11:30 Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025 |
| निविदा संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 2,20,800.00 (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 26.06.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 07.07.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 21.07.2025 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

**ध्यान दें :** 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**No. 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025** 1925/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बिना ओपन हार्ट सर्जरी के बदला पल्मोनरी वाल्व

## टेंडर पाम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सिर्फ तार के सहारे पूरी की गई प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टेंडर पाम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सकों ने बिना ओपन हार्ट सर्जरी के एक मरीज का पल्मोनरी वाल्व बदलने में सफलता हासिल की है। यह प्रक्रिया केवल तार के जरिये ही 30 मिनट में पूरी की गई।

टेंडर पाम के हृदय रोग के निदेशक डॉ. गौतम स्वरूप ने बताया कि 35 वर्षीय मरीज एक जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित है। जिसको टीओएफ (टेट्रालॉजी ऑफ फैलोट) कहते हैं। इसमें हृदय के दो हिस्सों में छेद होता है। इससे फेफड़ों को रक्त देने वाला पल्मोनरी वाल्व सिकुड़ जाता है। इस बीमारी से ग्रस्त मरीज की करीब 15 वर्ष पहले ओपन हार्ट सर्जरी हुई थी। जिसमें सर्जन ने उनका छेद बंद किया था और पल्मोनरी वाल्व भी बदला था। यह वाल्व समय के साथ 15 साल में डिजनरेट हो गया। जिससे उनके पल्मोनरी वाल्व में दोबारा से सिकुड़न आ गई। मरीज को सांस फूलने जैसी समस्या होने लगी। इसके लिए उन्होंने दोबारा कार्डियक सर्जन से संपर्क किया। डॉ. गौतम स्वरूप ने बताया उनके पुरानी सर्जरी को देखते हुए इस बार बिना ऑपरेशन के पल्मोनरी वाल्व बदलने का निर्णय लिया गया। यह एक नई प्रक्रिया है, जिसे ट्रांसकैथेटर पल्मोनरी वाल्व रिप्लेसमेंट कहा जाता है।

**इन्होंने पूरी की प्रक्रिया :** डॉ.गौतम स्वरूप, डॉ.मोहित मोहन सिंह, डॉ.आदेश कुमार सिंह और डॉ.कृष्ण कुमार सहानी का प्रमुख योगदान रहा।



ऑपरेशन करने वाली चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

### ऐसे पूरी की प्रक्रिया

डॉ. गौतम स्वरूप के मुताबिक इस प्रक्रिया में किसी बेहोशी या ऑपरेशन की जरूरत नहीं होती है। इस प्रक्रिया में सिर्फ पैरो की नसों से तार के जरिये पुराने वाल्व को गुब्बारे के जरिये फैक्चर कर उसके अंदर दूसरा पल्मोनिक वाल्व लगा दिया गया। जिसको वाल्व इन वाल्व (टीपीवीआई) कहते है। इस प्रक्रिया में सिर्फ 30 मिनट का समय लगा और अगले ही दिन मरीज की छुट्टी कर दी गई।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

## सूचना

मैने अपना नाम ललित कुमार थावनानी से बदलकर ललित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे ललित कुमार के नाम से जाना जाए। - **ललित कुमार पुत्र द्वारिका दास, 122/516 सिंधी कालोनी , शास्त्री नगर कानपुर 208005**

## सूचना

मैं कैफ मो पुत्र BAHAL AHMAD निवासी 534/44 टतरपुर अलीगंज, लखनऊ, पहले मेरा नाम MOHD KAIF था। अब मैंने अपना नाम बदलकर KAIF MOHD रखना चाहता हूँ।

## सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम हसन मेंह्दी राजू से से बदलकर हसन मेंहदी पुत्र श्री मो0 मेंहदी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हसन मेहदी पुत्र मो0 मेंहदी 66, गोलागंज, मकबरा अलिआ लखनऊ**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. रामदेव के द्वारा कराई गई पॉलिसी संख्या 276431173 में मैं ममता नामिनी हूं। पॉलिसी में मेरा नाम मन्होत्रा अंकित है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में ममता अंकित है जो सही है। दोनों नाम मेरा ही है। लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाए। **ममता पत्नी रामदेव ग्राम व पोस्ट सरैया बंधुआकला, जिला सुल्तानपुर**

## सूचना

मैंने अपना नाम मोहम्मद इलियास से बदल कर मोहम्मद इलियास इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इलियास इकबाल 164/ 62 वी, फुल झाऊ लाल, अमीनाबाद, लखनऊ**

## सूचना

मैं सूचित करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम अनुष्का श्रीवास्तव और उसके पिता का नाम अनुज कुमार आधार कार्ड में गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव उसके स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है। अतः मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और उसके पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव आधार कार्ड में सही दर्ज किया जाए। **रश्मि श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अनुज कुमार श्रीवास्तव निवासिनी- बी-102, प्लॉट नं0 48 विमल नगर, कामता, चिनहट, लखनऊ- 227105**

## सूचना

मैं KM SAGAR MATI YADAV W/O ANIL KUMAR जाति-अहीर, निवासी-ग्राम-नोनरा, पोस्ट-टिकरिया, तहसील-सदर, थाना-धम्मौर, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड-228001 है। मेरे पति अनिल कुमार जिनका आर्मी नं0 16019669K है जिसमें आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI SAGAR MATI YADAV दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV अंकित है जो सत्य व सही है। अतः मेरे पति ANIL KUMAR के आर्मी के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV दर्ज किया जाय।

# रथ पर निकले जगन्नाथ, भक्तों ने बुहारा रास्ता और बरसाए फूल



इस्कॉन मंदिर की ओर से निकाली जगन्नाथ यात्रा में शामिल भक्त।

## इस्कॉन की जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण मन्दिर (इस्कान) ने शुक्रवार को राजधानी में सबसे भव्य जगन्नाथ रथयात्रा निकाली। इस्कान अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास के मार्गदर्शन में रवीन्द्रालय से निकली रथयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करती हुई हजरतगंज स्थित जहांगीराबाद पैलेस पहुंचकर समाप्त हुई। जगन्नाथ जी बलदेव महाराज एवं सुभद्रा महारानी के साथ 25 फीट ऊंचे रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले। पूरी यात्रा के दौरान हरे कृष्ण महामंत्र, जय जगन्नाथ के उदघोष गूंजते रहे। रवीन्द्रालय में हरिनाम संकीर्तन से शुरू हुई यात्रा में जगन्नाथ जी के भक्त नाचते-गाते हुए शामिल हुए। अचिंत्यरुपिणी के निर्देशन में मुकुंदा रॉक बैंड की विशेष प्रस्तुति देखने लायक रही। यात्रा मार्ग में जगन्नाथ जी और भक्तों पर पुष्प वर्षा हुई। यात्रा में शामिल होने वालों का चन्दन, गुलाबजल और इत्र से स्वागत किया गया।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की भक्ति में डूबी नजर आई। बहन सुभद्र और बड़े भाई बलभद्र के साथ भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर निकले तो वातावरण जयकारों से गूंजायमान हो गया। भक्ति के रंग और आस्था की उमंग में भक्त थिरकते हुए यात्रा में शामिल हुए। कोई रास्ते को झाड़ू से बुहार रहा था तो कोई राह में इत्र छिड़क रहा था। बड़ी संख्या में भक्त पुष्पवर्षा करते दिखे।

लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में स्थित जगन्नाथ स्वामी के दरबार में सुबह उनको स्वास्थ लाभ के बाद स्थापित किया गया। जगन्नाथ जी, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन के लिए भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी।

जगन्नाथ स्वामी को स्नान के लिए जब गोमती के तट पर ले जाया गया तो गोमती के प्रदूषण को देखकर जगन्नाथ जी ने दुखी होकर स्नान को मना कर दिया। भक्तों के मनाने पर उन्होंने स्नान किया और श्रृंगार के बाद नौका विहार भी किया।

फूलों से सजे झूले में स्थापित कर बड़हल, आम, जामुन, कढ़ी चावल और चने की दाल से भोग लगाया गया। मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने उनकी आरती और नजर उतारी। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के डॉ. पंकज सिंह भदौरिया, ऋद्धि किशोर गौड़, डॉ. अलकेश सोती, आशीष अग्रवाल, अखिलेश कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, आनंद मोहन, प्रहलाद, सुरेंद्र, लवलीन, अजय और शिवम कटियार मौजूद रहे।



कपूरथला चौराहे के समीप भगवान जगन्नाथ का रथ खींचते भक्त। अमृत विचार



भगवान जगन्नाथ यात्रा में थिरकती महिलाएं। अमृत विचार

### रिमझिम बारिश के बीच माधव मंदिर से निकले भगवान

डालीगंज स्थित माधव मन्दिर से जगन्नाथ रथयात्रा शुरू हुई तो आकाश से बारिश की बूंदे बरसती दिखाई दीं। जगन्नाथ भक्त इस बारिश की फुहार से और भी उत्साहित हो गये। रथ पर बलभद्र और सुभद्रा के साथ विराजमान जगन्नासथ जी के दर्शन के लिए लोग उमड़ पड़े। भक्ता जयघोष के साथ रथ को श्रद्धापूर्वक और भक्तिभाव से रथ की रस्सी को खींचते हुए दिख रहे थे। जहां से भी रथ यात्रा निकल रही थी वहां लोग जगन्नादथ जी का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्यी मान रहे थे। जगन्नाथ जी की महाआरती के बाद 56 प्रकार के भोग लगाकर उन्हें विधायक डॉ. नीरज बोरा, भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, ओमकार जायसवाल, घनश्याम दास अग्रवाल गुड्डा, श्याम साहू, गोविन्द साहू, श्याम जी साहू, अनुराग साहू रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। राधा माधव सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने जगन्नाथ जी को 151 बूंदी के लड्डू का भोग लगाया। उज्जैन की तर्ज पर डमरू की ध्वनि में गुंजन के साथ रथ के आगे भजन गायक पवन मिश्र ग्रुप महाप्रभु के सामने भजनों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। रथ पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान सबको आकर्षित कर रहे थे।



अमीनाबाद में रथयात्रा के दौरान भोग प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

### बड़ी काली जी मन्दिर से भी निकली रथ यात्रा



रथ यात्रा में उमेश पाटिल और अनुराग रस्तोगी।

चौक के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध बड़ी काली जी मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के नार्थ इंडिया प्रमुख अनुराग रस्तोगी, चौक इब्जा के अध्यक्ष उमेश पाटिल और उपाध्यक्ष दीपक दुबे भी शामिल हुए और जगन्नाथ जी की मूर्ति का पूजन व आरती की। उन्होंने कन्या पूजन और कन्याभोज का आयोजन भी किया। बड़ी कालीजी मन्दिर के अध्यक्ष महंत स्वामी विवेकानंद गिरि भी इस मौके पर मौजूद रहे। काली जी मंदिर से निकली जगन्नाथ रथयात्रा का पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, अनुराग मिश्रा अन्नु व समिति के अन्य पदाधिकारियों ने रथ की रस्सी खींचकर शुभारंभ किया। जगन्नाथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जगन्नाथ जी बलभद्र और सुभद्रा के साथ शहर भ्रमण पर निकले। इस यात्रा में तरह-तरह की झांकियां भक्तों को आकर्षित कर रही थीं। इस दौरान नन्हें मुन्ने कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

### विश्व शांति के संदेश के साथ निकली पालकी यात्रा

चारों धाम मंदिर रानी कटरा से जगन्नाथ रथयात्रा विश्व शांति के संदेश के साथ निकली। सुबह चारों धाम मंदिर में विधि विधान से जगन्नाथ, बलभद्र भैया एवं माता सुभद्रा का पूजन किया गया। इसके बाद चांदी की पालकी में सवार होकर जगन्नाथ भक्तों के घर पहुंच गए। लोगों ने अपने घर के बाहर भक्ति भाव से पूजन किया। स्थान-स्थान पर भक्तों ने पानी, शरबत, लस्सी, कढ़ी चावल, समोसे आदि का प्रसाद वितरित किया। यात्रा में प्रमुख रूप से शिवनारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, लक्ष्मीकांत पांडे, आशीष अग्रवाल, रिद्धि किशोर गौड़, अभय अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मोहित शर्मा, अमित गौड़, संदीप तिवारी, पार्षद मनीष रस्तोगी, अभिषेक खरे, आशीष गौड़, संकेत मिश्रा, राधे तिवारी, उषा अग्रवाल और शाहिद आदि मौजूद रहे।



रथयात्रा के दौरान थिरकती युवतियां। अमृत विचार

# वरिष्ठ और वयोवृद्ध कलाकारों मिलेगी विशेष पेंशन

## बली प्रेक्षागृह नवीनीकरण के लोकार्पण अवसर पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कलाकारों के बैंक खातों में जाएगा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पारिश्रमिक का भुगतान
- ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक आयोजित कराई जाएंगी सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

**अमृत विचारः** प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विख्यात राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह का जीर्णोद्धार के बाद शुक्रवार को प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने लोकार्पण किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने बताया कि कलाकारों के हित में एक पारदर्शी भुगतान प्रणाली विकसित की जा रही है।

जिससे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पारिश्रमिक का भुगतान सीधे कलाकारों के बैंक खातों में किया जाएगा। वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध कलाकारों के लिए विशेष पेंशन योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। जल्द ही इस पर क्रियान्वयन किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि संस्कृति और संगीत को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, जिससे लोककलाओं एवं पारंपरिक सांस्कृतिक स्वरूपों को नया जीवन व व्यापक मंच प्राप्त हो सके।

प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि प्रदेश में ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनके विजेताओं को उत्तर प्रदेश दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। प्रेक्षागृह में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कार्यशाला का समापन किया गया। इसमें कृतिका त्रिपाठी के निर्देशन में प्रतिभागियों ने राग भूपाली में शास्त्रीय गायन जब हृदय समर्पित होता है को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। नमन सिंह के निर्देशन में सुगम संगीत की प्रस्तुति हुई। गौरव सिंह के निर्देशन में गीत दिल है छोटा सा पर गिटार वादन सुनने को मिला।

एकता मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत कथक नृत्य में गुरु वंदना एवं तीन ताल में नृत्य प्रस्तुत किया गया। सौम्या वर्मा के निर्देशन में भरतनाट्यम नृत्य में शिव स्तुति की प्रस्तुति हुई।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के स्वागत भाषण से हुई। सुप्रसिद्ध लोकगायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, संस्कृति मंत्री के सलाहकार जेपी सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य रंजन कुमार, सचिव नियोजन सेल्वा कुमारी जे, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद रणबीर प्रसाद, बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष प्रो. कुमकुम धर, राय उमानाथ बलि के पौत्र स्वरेश्वर बली और संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत मौजूद रहे।



नृत्य प्रस्तुत करते अभिरूचि कार्यशाला के प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

## कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा महत्वपूर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा सबसे महत्वपूर्ण है। भारतीय सेना महिलाओं के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए सक्रिय उपायों को प्रोत्साहित करती है। यह बातें मध्य कमान के डिप्टी जज एडवोकेट जनरल ब्रिगेडियर एस प्रभु ने सैन्य स्टेशन पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान में कही।

छावनी स्थित सूर्या ऑडिटोरियम में गुरुवार शाम एएमसी सेंटर एवं कॉलेज की उद्यमशील पहल के तहत यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान अस्पताल, मध्य कमान, लखनऊ के कैडेटों ने भाग लिया।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में मौजूद क्लब की पदाधिकारी। अमृत विचार

### उत्कृष्ट पुरस्कार मिलने पर जताई खुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनर व्हील क्लब लखनऊ बारादरी को धन्यवाद ज्ञापन (थैंक्स गिविंग) साल 2024-25 का उत्कृष्ट पुरस्कार (आउटस्टैंडिंग अवार्ड) मिला है। क्लब की ओर से इसकी खुशी मनाने और आभार ज्ञापित करने के लिए गोमतीनगर के एक होटल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें क्लब की अध्यक्ष डॉ. मितुल रस्तोगी और सेक्रेटरी सुनीता डेंबला सहित सभी सदस्य मौजूद रहें।

### एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा अभियान




बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंचल प्रमुख शैलेंद्र कुमार सिंह और महानिदेशक संस्थागत वित्त मिनिस्थी एस की अध्यक्षता में बड़ौदा हाउस गोमती नगर में विशेष बैठक ग्राम पंचायत स्तर संतृप्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया। इसमें इंद्रजीत सिंह निदेशक यूपीनेडा, समीर विशेष सचिव वित्त, पंकज कुमार मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, जेएस कालरा सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 3 माह के लिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक के लिए प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों को वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संतृप्त किए जाने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा।

### रेडिको खेतान ने प्रीमियम पोर्टफोलियो का किया विस्तार




लांचिंग कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कंपनी के अधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** अल्को-बेव कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के बाज़ार में मॉर्फियस रेयर लग्ज़री व्हिस्की लॉन्च करते हुए अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। इस रणनीतिक लॉन्च के ज़रिए कंपनी प्रीमियम सेगमेंट के 1.8 करोड़ केस के बाज़ार को लक्षित कर रही है। रेडिको की घरेलू व्हिस्की पोर्टफोलियो के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट तेज़ी से विकास कर रहा है। रेडिको खेतान लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी अमर सिन्हा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मॉर्फियस रेयर लग्ज़री व्हिस्की की शुरुआत रेडिको खेतान के लिए एक रणनीतिक और प्रतीकात्मक मील का पत्थर है। रेडिको खेतान लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुधीर उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे लिए सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाज़ारों में से एक बना हुआ है, जो रेडिको खेतान की घरेलू बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मॉर्फियस व्हिस्की के साथ हम न केवल अपनी उपस्थिति को मज़बूत कर रहे हैं, बल्कि यूपी के विकसित हो रहे स्पिरिट बाज़ार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का भी लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

### लोहिया संस्थान में ईएसआई औषधालय खोलने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान संविदा कर्मचारी संघ ने कानपुर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक और संस्थान निदेशक को पत्र भेजा है। संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह और महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने क्षेत्रीय निदेशक से मांग की है कि चिनहट में बने ईएसआई औषधालय को लोहिया संस्थान में स्थानांतरित किया जाए, जिससे संस्थान व आसपास के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत हजारों संविदा कर्मचारियों को इधर-उधर भटकना न पड़े।

# 58 हजार देनदारी, एक्ट्रेस को नहीं मिला कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिस दुकान पर मांगा कनेक्शन उस पर दूसरे ने जताया हक
- दिया अधिकारियों को पत्र मामला ऊर्जा मंत्री तक पहुंचा

**अमृत विचारः** गुलाबो-सिताबो में महानायक अमिताभ बच्चन की सहायक कलाकार रहीं राजधानी की सुजाता सिंह को दुकान के लिए बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। कनेक्शन न मिलने से परेशान सुजाता सिंह ने शुक्रवार को अपने पति अर्जुन सिंह के साथ चौक सर्किल के अधीक्षण अभियंता और सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल से मुलाकात की और बिजली कनेक्शन दिए जाने की मांग की।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पीड़िता यहियागंज की जिस जगह पर बिजली कनेक्शन मांग रही है, उस पर उन्हीं के नाम पर 58 हजार रुपए का बिल बकाया है। जब तक उनकी ओर से बिजली के बकाए की अदायगी नहीं की जाती है, कनेक्शन जारी नहीं किया जा सकता। यही नहीं इस सिलसिले में उस परिसर पर मालिकाना हक जताने वाले सुधाकर वाजपेयी ने अधिशासी अभियंता कार्यालय में लिखित रूप से एक शिकायती पत्र देकर कहा कि बिना उनकी अनुमति के दुकान में बिजली कनेक्शन न दिया जाए। दुकान मेरी है।

वहीं एक्ट्रेस सुजाता सिंह ने यहियागंज की इस दुकान पर अपना मालिकाना हक बताया। हमारे पास उसकी रजिस्ट्री की कॉपी है, बावजूद इसके बिजली विभाग हमें बिजली कनेक्शन देने में आनाकानी



कर रहा है। इस मसले पर मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि सुजाता सिंह पर 58 हजार रुपए की विभागीय देनदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें बिल की देनदारी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। परिसर पर अपना मालिकाना हक बताने वाले सुधाकर वाजपेयी और सुजाता सिंह दोनों के प्रकरणों की जांच की जा रही है। इस मसले पर रिपोर्ट बनाकर उसे ऊर्जा मंत्री और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भेज दिया गया है।

नागरिक सुविधा दिवस में एक्ट्रेस सुजाता सिंह की ओर से बिजली कनेक्शन न दिए जाने की पीड़ा को बयां किया गया था। इस पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस प्रकरण पर लेसा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। लेसा की ओर से ऊर्जामंत्री को इस संबंध में शुक्रवार को भेजी गई रिपोर्ट में कारणों का बताते हुए दस्तावेज संलग्न किए गए हैं। सभी पहलुओं को देखने के बाद ही आगे बढ़ा जाएगा।

### मंदिर के शिखर पर स्थापित किया स्वर्ण कलश

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री दुर्गाजी मंदिर के 36वें स्थापना दिवस पर शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरुआत की। अयोध्या से आए संत सतेन्द्र दास महाराज ने स्वर्ण कलश स्थापना को हिन्दू धर्म का स्वर्ण काल बताया। मंदिर के संस्थापक सदस्य ताराचंद ने बताया कि मंदिर के 36 वर्षों की सेवा झांकी के रूप में एक स्मारिका का विमोचन किया गया।

# मौन सिक्के मुखर इतिहास पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य पुरातत्व निदेशालय के सभागार में मौन सिक्के मुखर इतिहास विषयक 2 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ विश्वविधालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. प्रशान्त श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने उद्बोधन से की। राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी, राज्य संग्रहालय के मुद्रा शास्त्र अधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह, उत्खनन एवं अन्वेषण अधिकारी राम विनय ने दीप प्रज्ज्वलित किया।
प्रो. प्रशान्त श्रीवास्तव ने भारत की प्राचीन मुद्राओं पर विस्तार पर प्रकाश डाला। जिसमें उन्होंने मुद्रा को परिभाषित करते हुये मुद्रा के निर्माण, स्वरूप, उत्पत्ति से सम्बन्धित विरोधाभास (देशी-विदेशी) के सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा की। भारतीय इतिहास लेखन में मुद्राओं की भूमिका, विभिन्न कालखण्डों में मुद्राओं के निर्माण स्वरूप के बारे में पीपीटी के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। इस क्रम में उन्होंने आहत सिक्के, उत्तर मौर्य कालिक सिक्के, हिन्द एवं शकपहलव, ईरानियन सिक्के, कुषाण कालीन, गुप्त कालीन सिक्के एवं उत्तर गुप्त कालीन सिक्कों के सन्दर्भ में विस्तार से चर्चा की।

आयोजन | भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

# व्यापारियों को प्रेरित करेगा लोकभवन का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** 29 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आभार जताया है।

उनका कहना है कि मुख्यमंत्री का यह आयोजन व्यापारी समाज को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल व्यापारी समाज के सम्मान को बढ़ावा देगा बल्कि समाज में सेवा व उदारता के प्रेरणास्रोत रहे भामाशाह के आदर्शो को भी स्थापित करेगा। कंछल ने व्यापारी समाज से राष्ट्ररक्षा हेतु भामाशाह द्वारा दिए गए समर्पण से प्रेरणा लेकर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



राज्य वाणिज्य कर आयुक्त नितिन बंसल से भेंट करते संदीप बंसल व अन्य।

### व्यापारियों का सम्मान भी करेंगे योगी

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने बताया कि भामाशाह जयंती की पूर्व संध्या पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन लोक भवन में किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विशिष्ट अतिथि प्रदेश के वित एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना होंगे। उत्कृष्ट व्यापारी भामाशाह सम्मान भी मुख्यमंत्री देंगे। भामाशाह अभिषेक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 3 :00 बजे से होगा।

### राज्यकर आयुक्त से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश राज्य वाणिज्य कर आयुक्त नितिन बंसल से भेंट की। उन्होंने आयुक्त से कहा कि व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस दिए जा रहे हैं इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को पंजीकरण में भी कोई समस्या नहीं आनी चाहिए आवश्यकता पड़ने पर व्यापार मंडल कैंप लगवा कर विभाग का सहयोग कर सकता है। वाणिज्कर आयुक्त को संगठन द्वारा प्रकाशित व्यापार पत्रिका भी भेंट की गई। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूर्व प्रेमी ने युवती को मारा चाकू, भर्ती

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र काकोरी के कटिंगरा गांव निवासी रुचि यादव प्राइवेट ड्यूटी करती है। गुरुवार देर शाम रुचि काम करके साइकिल से अपने घर वापस जा रही थी। रास्ते में काकोरी कस्बा मोहल्ला हाता हजरत साहब के पास कटिंगरा रोड पर आरा मशीन के सामने रुचि पर कस्बा निवासी राज राजपूत ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि आरोपी राज राजपूत से युवती से प्रेम प्रसंग था। दोनों पहले रिलेशन में भी थे, पर अब अलग हैं। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बेटे ने मां को पीटा, पुलिस ने थाने से टरकाया

**अमृत विचार, निगोहां :** थाना क्षेत्र के सुखना खेड़ा कुसमौरा में बेटे की पिटाई से क्षुब्ध वृद्धा सुंदारा देवी को पुलिस ने थाने से टरका दिया। आरोप है कि बेटा कैलाश नशे की हालत में पीटता है। दो दिन पहले पहले भी मां की बेरहमी से पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गईं। ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़िता थाने गयी तो दूसरा शिकायती पत्र लेकर आने की बात कहकर टरका दिया। मामले की जानकारी होने पर एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने पीड़िता से बात कर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ई-रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या

## महानगर पुलिस ने सीसी फुटेज की मदद से तीन घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** महानगर कोतवाली से महज डेढ़ सौ मीटर दूर कार्मल स्कूल के पास ई-रिक्शा चालक की दूसरे ई-रिक्शा चालक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पेट को गोदने के बाद आरोपी पीठ में चाकू धोंपकर भाग निकला। मृतक की पहचान और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया। ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन नंबर और करीब 150 सीसी फुटेज की मदद से पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर तीन घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि ई-रिक्शा में सवारी भरने को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता था। शराब के नशे में पहले भी झगड़ा हुआ था।

डीसीपी मध्य आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार देर रात डॉयल-112 पर सूचना मिली कि कार्मल स्कूल के पास एक युवक पर चाकू से कई वार किए गए हैं। युवक खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो खून से लथपथ युवक के पीठ में चाकू घुसा हुआ था। पुलिस ने घायल को भाउराव देवरस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लोगों से आरोपी के बारे में पूछताछ की लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि युवक के पेट पर चाकू से गोदने के कई निशान थे।

पुलिस ने मृतक के कपड़ों को चेक किया लेकिन कोई भी आईडी नहीं मिली। घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि जिस युवक की हत्या की गई है, वह ई-रिक्शा चलाता था। उसी का ई-रिक्शा घटनास्थल पर खड़ा हुआ है। इस जानकारी के बाद पुलिस को ई-रिक्शे के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए उसके मालिक का मोबाइल नंबर मिला। संपर्क करने पर मालिक ने बताया कि वे ई-रिक्शा ठाकुरगंज बसंतकुंज निवासी कलीम को बेच चुका है। पुलिस ने कलीम से बात की।

उसने कहा कि ई-रिक्शा श्रावस्ती के भिनगा ग्राम दत्तनगर निवासी दिनेश कुमार गौतम (23) को किराए पर चलाने के लिए दो दिन पहले दिया था। दिनेश बसंत कुंज में रह रहा था। कलीम ने मृतक के भाई का नंबर भी पुलिस को दिया। पुलिस ने कलीम व अन्य परिचितों को बुलाया। जिसके बाद शव की शिनाख्त हुई। उसके बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की।

- पेट पर वार के बाद पीठ में चाकू धोंपकर आरोपी भागा
- ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन नंबर से हुई शिनाख्त

### 150 कैमरों की फुटेज से आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस टीम ने घटनास्थल के आस-पास के करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। फुटेज में पुलिस टीम को दिनेश के ई-रिक्शा के पास दूसरा ई-रिक्शा रुकता हुआ दिखाई दिया। फुटेज में आरोपी भी कैद मिला। पुलिस ने सीसी फुटेज व सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी शिवाकांत मिश्र निवासी बौंडी बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कुछ दिन पहले ही पानीपत से लखनऊ आया था। उसने ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया था।

### पानीपत भागने की फिराक में था आरोपी



पूछताछ में आरोपी शिवाकांत मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उसका दिनेश कुमार से पहले भी कई बार झगड़ा हुआ था। सवारी पहले बैठाने को लेकर भी विवाद हो चुका था। यही नहीं शराब के नशे में भी दोनों में झगड़ा हो चुका था। 26 जून की रात उसने दिनेश को कार्मल के पास अकेला देखा। दोनों में फिर से विवाद हुआ। तैश में आकर आरोपी ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। आरोपित ने कबूला कि वह पानीपत भागने की फिराक में था। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# ब्याज की रकम और बेइज्जती का बदला लेने के लिए की थी ठेकेदार की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गुडंबा के अर्जुन एंक्लेव में ठेकेदार व प्यॉज के आढ़ती उमाशंकर सिंह (45) की हत्या पार्टनर ने अपने भाई, जीजा और जीजा के छोटे भाई के साथ मिलकर की थी। जांच में सामने आया कि पार्टनर व उसके भाई ने अपनी 12 बीघा जमीन ठेकेदार के पास गिरवी रखकर 10 प्रतिशत ब्यॉज पर 60 लाख रुपये लिए थे। रुपये वापसी के लिए उमाशंकर सामाजिक रूप से बेइज्जत करता था। साथ ही कई गुना रुपये वापस मांग रहा था। इसी बेइज्जती का बदला लेने और रुपये हड़पने के लिए हत्याकांड का खाका तैयार कर वारदात की थी। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि मूल रूप से सुल्तानपुर निवासी उमाशंकर सिंह का खून से लथपथ शव मंगलवार सुबह कमरे में मिला था। वैशाली जब कमरे में पहुंची तो उमाशंकर का शव मिला था। पुलिस ने दूसरी पत्नी ममता की तहरीर पर पति की मित्र वैशाली समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। नामजद आरोपियों से पूछताछ की गई। आरोपियों के बयान के आधार पर घटना के समय जो लोकेशन बताई, उन्हें भी चेक किया गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। नामजद आरोपियों की भूमिका नहीं मिली। मकान मालिक मुस्तकीम ने पुलिस को बताया था कि सोमवार को ठेकेदार उमाशंकर चार लोगों के साथ आए थे। पुलिस ने घर से लेकर करीब पांच किलोमीटर के दायरे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।

- ब्याज की रकम और बेइज्जती का बदला लेने के लिए की थी ठेकेदार की हत्या
- पार्टनर, उसका भाई, जीजा समेत चार आरोपी गिरफ्तार
- नामजद आरोपियों की नहीं मिली भूमिका

फुटेज के आधार पर पुलिस ने पार्टनर सुल्तानपुर स्थित शिवगढ़ निवासी शिवा सिंह उर्फ शिवराम सिंह, उसके भाई संजय कुमार चौहान, जीजा प्रतापगढ़ निवासी अभिनंदन और उनके छोटे भाई कविनंदन सिंह उर्फ छोटे को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने उमाशंकर की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। बताया कि सोमवार को सभी लोग उमाशंकर के किराए के मकान पर साथ में पहुंचे थे। नॉनवेज खाने के बाद शराब पी। उमाशंकर के नशे में होने पर आरोपियों ने चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी रैन कोट और मुंह ढकने के बाद दरवाजे के बाहर ताला लगाकर भाग गए थे। वहां से निकलकर चापड़, सूजा और अन्य सामान एक बैग में रखकर अतरौली गांव में बबूल की छाड़ में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो चापड़, एक सूजा, दो रेन कोट, काला गमछा और खून लगा कुर्ता बरामद किया है।

# असलहा फैक्ट्रीः पुलिस की लापरवाही या सरपरस्ती

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचारः** मलिहाबाद थाने से चंद कदमों की दूरी पर असलहा फैक्ट्री पिछले दो दशक से चल रही थी। पुलिस को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। कई राज्यों में यहां से असलहे सप्लाई हो रहे थे, भनक तक नहीं लगी। सवाल खड़ा होता है कि यह पुलिस की लापरवाही है या सरपरस्ती? वहीं कार्रवाई पर भी कई सवार खड़े हो रहे हैं। इतनी बड़ी फैक्ट्री पकड़ी गई, मौके पर जोन का कोई बड़ा अधिकारी तक नहीं पहुंचा।

देर रात एडीसीपी और दूसरे दिन डीसीपी उत्तरी का बयान एक वीडियो में पुलिस ने जारी कर दिया। उधर, इलाकाई लोगों की माने तो आरोपी सलाउद्दीन उर्फ लाला का करीबी रिश्तेदार, हिस्ट्रीशीटर और 2024 में हुए ट्रिपल मर्डर का मुख्य आरोपी सिराज उर्फ लल्लन उर्फ गब्बर के घर पर भी पुलिस ने 39 वर्ष पूर्व छापा मारकर असलहों का जखीरा बरामद किया था। पुलिस यह भी नहीं पता कर सकी है गिरोह में कितने सदस्य हैं, कहां-कहां नेटवर्क है।

**बचाने वाली नहीं जान लेने वाली गोली बेचने लगा हकीमः** मिर्जागंज निवासी सलाउद्दीन उर्फ लाला का इलाके में दवाखाना है। वह पेशे से हकीम है। इलाकाई लोगों का इलाज करता है। उनकी जान बचाने के लिए दवाओं की गोलियां देता है। करीब दो दशकों से वह इसकी आड़ में जान लेने वाली गोलियां बेचने लगा। इसकी भनक पुलिस को नहीं लगी। जबकि स्थानीय लोग बताते हैं कि उसके घर संदिग्धों का आना जाना था। पुलिस को इसकी जानकारी थी। पुलिस जांच में सामने आया कि सलाउद्दीन के संबंध तिहरे हत्याकांड में शामिल लल्लन खां उर्फ गब्बर से है। लाला रिश्ते में गब्बर का भांजा लगता है।

### बिजली आपूर्ति बाधित कर की गई कार्रवाई

छापेमारी के दौरान बवाल न हो इस लिए गुरुवार रात पुलिस ने कस्बे की बिजली सप्लाई कटवा दी। कई थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया था। अंधेरे में ही पुलिस जीप से सलाउद्दीन को कड़ी सुरक्षा में थाने ले जाया गया। थाने के बाहर पुलिस सुरक्षा लगा दी गई। बरामद माल थाने तक पहुंचाने के भी कड़ी सुरक्षा की गई थी। कस्बे के बार्डर एरिया और नाकों जगह-जगह सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

### 39 वर्ष पूर्व पुलिस ने पकड़ा था जखीरा

मलिहाबाद इलाके में असलहों का कारोबार पुराना है। सलाउद्दीन उर्फ लाला के मामा और हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन उर्फ गब्बर भी हथियारों की तस्करी व निर्माण कराता था। 1985 में तत्कालीन एसपी सिटी व पूर्व डीजीपी बृजलाल की टीम ने लल्लन को चौक इलाके से गिरफ्तार किया। इसके बाद उसके ठिकानों पर छापेमारी की। छापे के दौरान 30 माउजर, कई विदेशी हथियार, जर्मनी सेना की माउजर, रायफल व प्रतिबंधित असलहे और हजारों की संख्या में कारतूस बरामद हुए थे।

# दो दशकों से चल रही थी असलहा फैक्ट्री

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** मलिहाबाद में पुलिस की नाक के नीचे ही दो दशकों से असलहा फैक्ट्री संचालित हो रही थी। इसकी जानकारी मलिहाबाद थाने को थी न ही एसीपी कार्यालय के मुखबिर खास को। इसका खुलासा अचानक गुरुवार रात को एसीपी के नेतृत्व वाली टीम के छापा मारने के बाद हुआ। मौके से असलहा फैक्ट्री संचालक सलाउद्दीन उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया। भारी मात्रा में असलहे, कारतूस, बांका व अन्य धारदार हथियार बरामद किये गये। जांच में सामने आया कि वह कई प्रदेशों में असलहे व कारतूस की आपूर्ति करता था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के मुताबिक सलाउद्दीन उर्फ लाला मिर्जागंज में पिक्चर हाल के पास रहता था। घर में ही वह अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री कई सालों से चला रहा था। गुरुवार रात स्थानीय मुखबिर की सूचना पर पुलिस पिक्चर हाल के पास पहुंची। वहां सलाउद्दीन बैठा था। पकड़कर उसकी तलाशी ली गई तो जेब में 315 बोर के आठ कारतूस मिले। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। पूछताछ कर उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद रहीमाबाद समेत कई थानों का पुलिस बल बुलाया गया। सलाउद्दीन के घर में छापेमारी शुरू हुई। छापेमारी में भारी मात्रा में असलहे और कारतूस बरामद हुए। इसके बाद उच्चाधिकारियों की टीम पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आरोपी सलाउद्दीन से पूछताछ की। एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे के मुताबिक आरोपी के पास से बरामद मोबाइल और लैपटाप में भी गिरोह जुड़े कई संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली है। उनके बारे में ब्योरा जुटाया जा रहा है। मौके से हिरन की खाल भी मिली है।



पुलिस की गिरफ्त में सलाउद्दीन उर्फ लाला और बरामद हथियार। अमृत विचार

- मलिहाबाद पुलिस ने फैक्ट्री संचालक को भेजा जेल, हिरण की खाल भी बरामद
- लैपटॉप में छिपा राज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइल का डाटा खंगाल रही पुलिस
- पाकिस्तान व दूसरे राज्यों के गिरोह से कनेक्शन होने की आशंका, खुफिया एजेंसी ने की पूछताछ

### ये सामान हुआ बरामद

तीन पिस्टल 32 बोर, एक तमंचा 315 बोर, दो तमंचे .22 बोर, एक रायफल .22 बोर, सात एयरगन, 18 जिंदा कारतूस .315 बोर, 68 कारतूस .22, 30 कारतूस 12 बोर, दो कारतूस 32 बोर, छह बांका, दो छूरी, एक आरी, नौ फरसा, अर्धनिर्मित शस्त्र एवं उससे संबंधित सामान, दो हजार रुपये, प्रबंधित पशु हिरन की खाल।

### एक बेटी नार्वे में रहती, दूसरी इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की छात्रा

पुलिस के मुताबिक जांच में सामने आया कि सलाउद्दीन उर्फ लाला डाकघर के पास दवाखाना चलाता था। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां हैं। एक नार्वे में रहती है। वहीं दूसरी बेटी इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही है। आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है।

### पाकिस्तान में है रिश्तेदारी, खुफिया विंग ने की पूछताछ

पुलिस की जांच में सामने आया कि सलाउद्दीन की रिश्तेदारी पाकिस्तान के कई शहरों में है। कुछ दिन पहले वह कश्मीर से लौटा है, लेकिन पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा सकी है कि वो किस काम से कश्मीर गया था। फिलहाल, पुलिस लाला रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। आरोपी से कई घंटे तक पुलिस ने पूछताछ की। वहीं खुफिया विंग ने भी पूछताछ कर कई अहम सुराग हासिल किये। पुलिस टीम सलाउद्दीन का पाकिस्तान और अन्य राज्यों से कनेक्शन भी खंगाल रही है। इसके अलावा उसके पास से बरामद इलेक्ट्रानिक गैजेट्स के जरिए खुफिया विभाग और पुलिस पाकिस्तानी और अंतरराज्जीय कनेक्शन का पता लगा रही है। एडीसीपी उत्तरी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दो मामले दर्ज किए गए हैं। पहला आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में है। दूसरा मामला वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9/51 में है। दोनों मामले पुलिस की तरफ से दर्ज किये गये हैं।

## सार-संक्षेप

### मोबाइल व्यापारी से ऐंठे 2.85 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोबाइल व्यापारी ने नाका कोतवाली में 2.85 लाख रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मानसरोवर कॉलोनी निवासी हरप्रीत सिंह की नाका के विजयनगर प्रीत मार्केट में मोबाइल की दुकान है। पीड़ित के पास अनजान नम्बर से कॉल आई। फोनकर्ता ने अपना परिचय एप्पल कंपनी के प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल के तौर पर दिया। कहा कि उसे मार्च महीने का टारगेट पूरा करना है। इसलिए हरप्रीत को कम दाम में आईफोन मिल सकते हैं। बात तय होने के बाद मनोज ने व्यापारी को बताया कि कानपुर लाजपतनगर में स्टोर है। वहां किसी को भेज कर माल चेक करा लें। हरप्रीत ने रिश्तेदार को भेज कर जांच कराई। इस दौरान फोन भी देखे। इसके बाद ही पीड़ित ने मनोज के भेजे क्यूआर कोड को स्कैन कर 2.85 लाख रुपये खाते में जमा किए। फिर भी उन्हें फोन नहीं मिले। मनोज अग्रवाल को कॉल करने पर उसका फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद हरप्रीत ने छानबीन की तो पता चला कि उनके स्कैन किए गए क्यूआर कोड की पेमेंट रसीद दिखा कर पटना में चार फोन खरीदे गए हैं।

### लापता मेडिकल स्टोर संचालक का शव इंदिरा नहर में मिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में दो दिन से लापता मेडिकल स्टोर संचालक विनय मिश्रा (42) का शव शुक्रवार को जुग्गौर स्थित इंदिरानहर में रेगुलेटर के पास मिला। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मूल रूप से लखीमपुरखीरी निवासी विनय मिश्रा विजयंतखंड स्थित लाइफ लाइन अस्पताल में मेडिकल स्टोर चलाते थे। विनय ने दो शादी की थी। पहली शादी श्वेता से हुई थी। कुछ वर्ष पहले वह बेटे को लेकर मायके चली गई। पांच वर्ष से विनय लिवइन में लक्ष्मी के साथ रह रहे थे। चार दिन पहले विनय ने लक्ष्मी को एक युवक के साथ देखा था। जिसके बाद अस्पताल के लोगों के सामने विनय और लक्ष्मी में झगड़ा हुआ था। उसके बाद वह भी विनय को छोड़कर चली गई। जिसके बाद से विनय परेशान चल रहे थे। बुधवार को विनय अपने व्यापार पार्टनर उमाकांत की कार लेकर निकले थे। इसके बाद उनका कुछ पता नहीं चला। परिजन ने गुरुवार को विनय की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। विनय की तलाश की जा रही थी। इस बीच शुक्रवार को दोपहर में जुग्गौर स्थित इंदिरानहर में रेगुलेटर के पास विनय मिश्रा का शव मिला। पास में उमाकांत की कार भी खड़ी मिली। आशंका है कि विनय ने इंदिरा नहर में कूदकर जान दी है। वहीं, भाई मुन्ना मिश्रा ने मामले में लिव इन रिलेशन में रह रही युवती से पूछताछ की मांग की है।

### पत्नी से विवाद के बाद फर्नीचर कारीगर ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर सेक्टर-19 में गुरुवार रात पत्नी से झगड़े के बाद फर्नीचर कारीगर आशुतोष (36) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, मदेयगंज के खदरा इलाके में महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। हजरतगंज बालू अड्डा निवासी आशुतोष ने कुछ वर्ष पहले लुबना से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से वह परिवार से अलग इंदिरानगर सेक्टर-19 में किराए पर रह रहा था। आए दिन पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बात को लेकर कहासुनी हो जाती थी। गुरुवार रात आशुतोष की पत्नी लुबना से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद आशुतोष दूसरे कमरे में चला गया। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर बच्चे कमरे में पहुंचे तो आशुतोष फंदे से लटके हुए थे। आसपास के लोगों की मदद से आशुतोष को फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, खदरा के बड़ा पकरिया निवासी सलमा किराए के मकान में अकेली रह रही थी। काफी समय से वह बीमार चल रहीं थी। पति शमशाद बेंगलुरु में पीओपी का काम करते हैं। तीनों बच्चे बलरामपुर के उतरौला स्थित मदरसा में पढ़ाई करते हैं। अशफाक ने बताया कि गुरुवार सुबह आठ बजे सलमा की पति शमशाद से फोन पर बात हुई थी। सलमा ने घर का किराया देने के लिए 10 हजार रुपए मांगे थे। शमशाद ने रुपए ऑनलाइन भेज दिए थे।

### बैंक में एसी की आउटडोर यूनिट में लगी आग

**अमृत विचार, निगोहां :** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में शुक्रवार को एसी आउटडोर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। बैंक कर्मियों ने अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया। घटना के समय बैंक में काफी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। जैसे ही एसी से धुआं और आग की लपटें निकलती दिखीं, लोग घबरा कर बाहर भागने लगे। बैंक मैनेजर अमित कुमार सहित अन्य स्टाफ ने तुरंत फायर सिलेंडर उठाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही आस-पास के दुकानदारों और कुछ ग्राहकों ने भी बाल्टी में पानी और धूल फेंककर आग बुझाने में मदद की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

### मकान में लाखों की चोरी

**अमृत विचार, पीजीआई :** थाना क्षेत्र स्थित साहू कॉलोनी में दिनदहाड़े बंद मकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने छानबीन कर दो सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि जून माह में बच्चों की छुट्टियों पर परिवार संग गांव गए थे। 14 जून को वह रोजाना की तरह सुबह अपने ऑफिस चले गये थे और जब शाम 7.30 बजे वह वापस लौटे तो घर के दरवाजे का लॉक टूटा हुआ था। अंदर गये तो सभी बक्सों व बैग के ताले टूटे हुए थे और लाखों के जेवर गायब थे।

### नशीला पदार्थ सुंघाकर कार और मोबाइल लेकर बदमाश फरार

**अमृत विचार, पीजीआई :** आशियाना के मानसरोवर योजना स्थित सेक्टर-ओ निवासी धर्मेंद्र सिंह सोमवार शाम कार से घर जा रहे थे। जैसे ही वे शहीद पथ सर्विस लाइन होते हुए उतरेटिया नहर पुल के पास पहुंचे तो कार में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह गेट खोलकर बाहर आए। तभी किसी ने नशीला पदार्थ सुंघा दिया। भतीजे अभय ने पुलिस को बताया कि जब देर रात तक चाचा घर नहीं लौटे तो कॉल की। इस दौरान फोन किसी अनजान शख्स ने उठाया और बोला कि धर्मेंद्र का एक्सीडेंट हो गया है, उसने परिजनों को ओमेक्स सिटी बिजनौर रोड आने को कहा। परिजन वहां पहुंच गए लेकिन कोई नहीं मिला। फिर परिजन ने कॉल की तो मोबाइल स्विच आफ हो गया। खोजबीन के दौरान मंगलवार सुबह धर्मेंद्र उतरेठिया शहीद पथ की सर्विस लाइन की तरफ से पैदल घर आते हुए दिखे। इस दौरान उनके सिर व हाथ में चोट भी लगी थी। परिजनों ने पहले आशियाना पुलिस से संपर्क किया लेकिन घटना स्थल पीजीआई होने पर उन्हें वहां भेज दिया।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के पास इंदिरानहर में शुक्रवार को 30 वर्षीय युवक का शव उतराता मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से इंदिरा नहर में शव के उतराते हुए देखे की जानकारी मिली। इसपर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव लगभग 5-6 पुराना था। जिसकी पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# तांत्रिक ने बीमार महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता, आशियाना

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में बीमार महिला के इलाज के लिए घर आए तांत्रिक ने कष्ट दूर करने का झांसा दिया। जाल में फंसाकर आरोपी महिला को कमरे में ले गया। भूत-प्रेत का साया बताकर महिला को वश में कर दुष्कर्म का प्रयास किया। चींख सुनकर परिजन कमरे में घुसे तो आरोपी धक्का देकर भाग निकला। आशियाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ओोपी की तलाश शुरु कर दी है।

- भूत-प्रेत का साया बताकर कमरे में बंदकर किया निर्वस्त्र

आशियाना निवासी महिला काफी समय से बीमार थी। दवाओं से कोई फायदा नहीं होने पर पति ने एक तांत्रिक से संपर्क किया। तांत्रिक बुधवार रात उनके घर आया था। उसने भूत प्रेत का साया होने की बात कही। उसके बाद पत्नी को एक कमरे में ले जाकर कुंडी बंद कर जादू टोना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पत्नी की चींख सुनकर परिजन डर गये। पति ने अंदर आने की इच्छा व्यक्त की तो तांत्रिक ने कहा कि अगर कोई अंदर आया तो वह अंधा हो जाएगा। लगातार चींख देवर और सास ने अंदर जाने का प्रयास किया तो तांत्रिक गाली गलौज करने लगा। शक होने पर परिजन ने धक्का देकर दरवाजा खोल दिया। देखा तो निर्वस्त्र महिला से तांत्रिक जबरदस्ती कर रहा है। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक तांत्रिक वहां से फरार हो गया। रमाबाई चौकी प्रभारी अमरपाल अग्निहोत्री ने बताया कि महिला ने ऑपरेशन के बाद बच्चे को जन्म दिया था। जहां उसे टांके लगे थे वहां दर्द बना रहता था, परिजन तांत्रिक से उसका इलाज करा रहे थे।



# हादसों में सहकारिता कर्मी समेत तीन की मौत

**अमृत विचार, लखनऊः** सड़क हादसों में सहकारिता विभाग के कर्मचारी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसे गोमतीनगर, गोसाईंगंज और मोहनलालगंज में हुए थे। चिनहट के सनातन नगर निवासी कपिल कनौजिया (42) सहकारिता विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। भाई रंजन कनौजिया ने बताया कि कपिल वर्तमान में सचिवालय के राज्य भंडारण विभाग से संबद्ध थे। बुधवार शाम 6:30 बजे वह ड्यूटी कर बाइक से घर आ रहे थे। गोमतीनगर लोहिया पथ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। ट्रामा सेंटर में भर्ती कपिल इलाज के दौरान गुरुवार देर रात मौत हो गयी। वहीं, गोसाईंगंज के जहांगीरपुर के रहने वाले रोड गाइड मायाराम (42) को गुरुवार रात अमरोहा ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव के पास से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त की। उधर, मोहनलालगंज के बिन्दौआ गांव के पास आठ जून को रोडवेज बस की टक्कर से घायल हुए उमेश गोस्वामी (50) ने शुक्रवार तड़के इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# ग्राफिक डिजाइनर की तालाब में डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चिनहट स्थित कठौता झील के बगल में स्थित तालाब में शुक्रवार तड़के दो दोस्तों के साथ नहाने गया ग्राफिक डिजाइनर डूब गया। दोस्तों की सूचना पर चिनहट पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक घंटे की मशक्कत कर शव बरामद कर लिया। पिता ने जांच की मांग की है। पुलिस दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

विवेकखण्ड निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला एचएएल से रिटायर्ड हैं। उनका इकलौता बेटा मनीष शुक्ला (38) बीटेक और एमबीए करने के बाद ग्राफिक डिजाइनर का काम कर रहा था। गुरुवार रात में मनीष गोमतीनगर विस्तार निवासी दोस्त अर्पित श्रीवास्तव और विनय दुबे के साथ पार्टी करने गया था। शुक्रवार तड़के 4:30 बजे वह चिनहट स्थित कठौता झील के बगल स्थित तालाब में नहाने चला गया। काफी देर बाद भी वह लौट नहीं आया। सुबह करीब आठ बजे चिनहट पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। पिता ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान बेटे मनीष के रूप में की।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मनीष के दोनों दोस्तों की सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी। दोनों दोस्तों से पूछताछ की गई है। दोस्तों ने बताया की मनीष ने कठौता झील पहुंच कर नहाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। वहीं दोनों दोस्त बैठे थे। देखते ही देखते मनीष गहरे पानी में जाने से डूब गया।

# निजी सचिव समेत छह के खातों से उड़ाए 5.76 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** साइबर ठगों ने सचिवालय के निजी सचिव समेत छह के खातों से 5.76 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग, वाईफाई इंस्टाल का झांसा दिया तो कहीं जन औषधि केंद्र व ओएलएक्स के माध्यम से ठगा। साइबर ठगी के यह मामले जानकीपुरम, नाका, अलीगंज, सुशांत गोल्फ सिटी और बीबीडी के हैं। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

जानकीपुरम सेक्टर-एफ निवासी सचिवालय में तैनात निजी सचिव अनूप कुमार सिन्हा ने बताया कि 16 जून को एक कॉल आई। जालसाज ने एयरटेल वाईफाई की सुविधा का झांसा दिया। बातों में फंसाकर जालसाज ने रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड कराई। जिसके जरिए पीड़ित के मोबाइल को हैंग कर ठगों ने खाते से 2,43,500 रुपये पार कर दिये। दो लाख 43 हजार रुपये निकाल लिए।

- जानकीपुरम, नाका, अलीगंज, सुशांत गोल्फ सिटी और बीबीडी के मामले

इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 जानकीपुरम विस्तार निवासी सुरेश यादव ने बताया कि 2 जुलाई को वृंदावन ट्रिप के लिए गूगल पर सर्च कर एक नंबर हासिल किया। कॉल कर रूम बुक कराने के लिए बात की। जिसके बाद जालसाज ने क्यूआर कोड भेजकर पांच बार में 89,800 रुपये गायब कर दिए।

वहीं, नाका के पानदरीबा निवासी सुरेश कुमार ने पत्नी के नाम से पोर्टल पर जन औषधि केंद्र के लिए आवेदन किया था। इसके बाद एक कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को जन औषधि टीम से राज गोपाल बताया। उसके बाद पीड़िता से आधार, पेन कार्ड और बैंक संबंधी पेपर मेल पर लिए गए। साथ ही स्वीकृति पत्र भेजकर 5 हजार रुपये जमा कराए गए। कहा गया कि उक्त रकम वापस हो जाएगी। इसके बाद एग्रीमेंट लेटर भेजकर 24,950 रुपये ट्रांसफर कराए गए। 30 हजार की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उधर, त्रिवेणी नगर स्थित शिवपुरम निवासी संतोष कुमार जायसवाल का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में यशी इंटरप्राइजेज के नाम से खाता है। साइबर जालसाज ने उनके खाते से दो बार में 1,93,100 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल में शिकायत की है। इसके अलावा सुशांत गोल्फ सिटी के ओमेक्स निवासी हरकेश सिंह ने ओएलएक्स पर एसी और फ्रिज बेचने का झांसा देकर जालसाज ने खाते से 13 हजार रुपये ठग लिए। वहीं, बीबीडी स्थित हासेमऊ निवासी साधना को टेलीग्राम के जरिए एक लिंक भेजा गया। ट्रेडिंग में निवेश करने पर मुनाफे का लालच देकर पीड़िता से 6592 रुपये ऐंठ लिए गए।

## एक नजर

**एकेटीयू में सम सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम जारी**

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण के परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 2 जुलाई से प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होंगी। इसके पहले परीक्षाएं 27 जून से प्रस्तावित थीं। लेकिन छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया। परीक्षा दो जुलाई से 23 जुलाई तक चलेगी।

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों का होगा परिवार सर्वेक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** शैक्षिक सत्र 2025-26 में 06-14 आयु वर्ग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन के लिए शिक्षा विभाग द्वार परिवार सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों बीटीसी प्रशिक्षुओं और स्वयं सेवी संस्थाओं के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर परिवार सर्वेक्षण करेंगे। परिवार सर्वेक्षण अभियान के रूप चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रथम चरण 01 से 31जुलाई तक और दूसरा चरण 16 अगस्त से 15 सितंबर तक संचालित किया जाएगा।

### विद्यालय मर्जर को लेकर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विद्यालय मर्जर को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल से चर्चा की। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने बताया कि इस दौरान महानिदेशक ने बताया कि सभी बीएसए को कम से कम संख्या वाले विद्यालयों एवं कम से कम विद्यालयों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है। मर्जर का प्रस्ताव विद्यालय प्रबन्ध समिति के पारित प्रस्ताव पर ही किया जाएगा। मर्जर हेतु सहमति सम्बंधित विद्यालय के शिक्षक से जबरन नहीं लिखाई जाएगी।

# यूजी, पीजी, पीएचडी प्रवेश और नॉन नेट फेलोशिप पर नए नियम जारी

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने जारी किए नए गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में कुलपति ने नई गाइडलाइन जारी किया है जो फेलोशिप से लेकर स्नातक और परास्नातक पर लागू है। 82वीं अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश नीति, पीएचडी कार्यक्रम की गाइडलाइन और नॉन-नेट फेलोशिप की संशोधित रूपरेखा शामिल है। अभ्यर्थी सभी प्रकार की जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट http://www.bbau.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं।

यूजी कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश नीति को मंजूरी दी गई है। इस नीति के अनुसार छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित दिशानिर्देश सभी संबंधित विभागों और अमेठी परिसर तक भेज दिए गए हैं। स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के लिए भी इसी सत्र की प्रवेश नीति को स्वीकृति दी गई है। इस नीति के अनुसार गुणवत्ता आधारित और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। छात्रों को ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनानी होगी। पीएचडी प्रवेश से संबंधित अधिसूचना में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल का एक विशेष संदेश भी शामिल है।

**पीएचडी कार्यक्रम नई शिक्षा नीति से होगा :** कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के अनुसार विश्वविद्यालय का पीएचडी कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया है। जो लचीलापन, अंतर्विषयी शोध और उद्योग-सामाजिक आवश्यकताओं के साथ अनुसंधान को जोड़ता है। इसके अतिरिक्त बीबीएयू ने शिक्षा, नवाचार और सामाजिक प्रतिबद्धता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे शोधार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा जो नेट, जेआरएफ के अंतर्गत नहीं आते।

**विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण वेबसाइट लिंक**

- पंजीकरण व सूचना के लिए : http://www.bbau.ac.in
- पीएचडी नियमावली 2023 देखने हेतु : https://www.bbau.ac.in/Docs/Regulations/3837.pdf
- यूजीसी-नेट सीएसआईआर-नेट सूचना बुलेटिन : www.nta.ac.in www.ugcnet.nta.ac.in
- आचार संहिता के लिए : https://www.bbau.ac.in/Docs/DSW/CodeofConduct.pdf

# लोक सेवा आयोग की सभी परीक्षाओं में लागू होगा इंटरव्यू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहली बार राज्य अभियंत्रण सेवा में साक्षात्कार लिया गया
- अभ्यर्थी के समग्र व्यक्तित्व का आंकलन भी होगा परीक्षा में

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग अपने सभी परीक्षाओं को तीन चरणीय बनाने जा रहा है जिसमें साक्षात्कार अनिवार्य रुप से शामिल किया जाएगा। अब तक प्रशासनिक सेवाओं और अवर अधीनस्थ सेवाओं में साक्षात्कार लिया जाता रहा है। लेकिन अब विभिन्न भर्तियों में एकल परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर बहुचरणीय चयन प्रक्रिया आरंभ होने जा रही है। अभ्यर्थियों को अब प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के तीन चरणों से गुजरना होगा। इसकी शुरुआत सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा से कर दी गई है जिसमें साक्षात्कार के बाद परिणाम घोषित किया गया है।

यह बदलाव सुखद है, इससे उन अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा जिन्होंने विषय को समझा है। किताबी ज्ञान या रट्टू ज्ञान ज्यादातर व्यावहारिक धरातल पर असफल साबित होता है। आयोग का यह बदलाव स्वागत योग्य है।
**- डॉ. विवेक निगम**
**सेवानिवृत्त शिक्षक, अर्थशास्त्र**

राज्य लोक सेवा आयोग अब असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के प्रारूप में भी बदलाव करने जा रहा है। अब तक इस भर्ती परीक्षा में स्क्रीनिंग टेस्ट और साक्षात्कार के आधार पर चयन होता था, जिसमें अंतिम रुप से साक्षात्कार के अंक ही सफलता में निर्णायक होते थे। लेकिन अब इसमें भी प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा के साथ साक्षात्कार को अनिवार्य कर दिया गया है। इसीप्रकार एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी है। बताया जाता है कि विभिन्न परीक्षाओं को अलग-अलग चरणों में करने और साक्षात्कार को अनिवार्य करने की प्रक्रिया परीक्षाओं में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

**तीन चरणों में होगी परीक्षा :** लोकसेवा आयोग इन परीक्षाओं को तीन चरणों में आयोजित इसलिए भी कर रहा है जिससे अभ्यर्थी की जानकारी सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न हो बल्कि साक्षात्कार के दौरान उसके व्यावहारिक और सामाजिक पक्ष के आंकलन के साथ उसकी अभिव्यक्तिक का भी मूल्यांकन किया जा सके।

# निरीक्षण के दौरान स्कूल मिला बंद प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सहायक शिक्षिका और शिक्षामित्र का रोका वेतन

**अमृत विचार:** निरीक्षण के दौरान प्राइमरी विद्यालय बंद मिलने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। वहीं सहायक शिक्षिका और शिक्षामित्र का वेतन रोक दिया है।

बीएसए राम प्रवेश गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे मलिहाबाद स्थित प्राइमरी स्कूल दुगौली का औचक निरीक्षण किया। स्कूल में ताला पड़ा हुआ था। प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षामित्र बिना किसी सूचना के गायब थे। कुछ देर बाद पहुंची शिक्षामित्र ऊषा कुमार को बीएसए ने फटकार लगायी।

बीएसए ने स्कूल के भीतर जाकर निरीक्षण किया। शिक्षामित्र ने बताया कि स्कूल में सिर्फ सात बच्चे नामांकित हैं। स्कूल में रंगाई पुताई, साफ सफाई समेत दूसरे काम देखकर लगा कि कम्पोजिट ग्रांट का दुरुपयोग किया गया है।

इन्हीं कारणों के चलते बीएसए ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक फैजी फरहान को निलंबित किया है। साथ ही सहायक शिक्षिका सबरीन फातिमा और शिक्षामित्र ऊषा कुमार का वेतन रोकने के साथ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# यूपी बोर्ड ने बनाई सुझावात्मक समय सारिणी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विषयवार पढ़ाई को लेकर सभी विद्यालयों में आएगी एकरूपता

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड ने 29,000 माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा नौ से 12 तक) में पढ़ाई व्यवस्थित और नियमित करने की दिशा में भी बड़ी पहल की है। इसके लिए पहली बार एक सुझावात्मक समयसारिणी तैयार की है। इसमें यह निश्चित किया गया है कि किस कक्षा में किस घंटे में कौन सा विषय पढ़ाया जाना है। इसमें यह सुझाव भी दिया गया है कि विषय और शिक्षक की उपलब्धता के अनुरूप प्रधानाचार्य संशोधन कर इसे लागू कर सकते हैं। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विद्यालयों में उपस्थिति और पढ़ाई बेहतर होने से परीक्षार्थी परीक्षा की अच्छी तैयारी के साथ सफलता की ओर भी मजबूती से कदम बढ़ा सकेंगे।यह सुझावात्मक समय सारिणी एक जुलाई से विद्यालय खुलने पर लागू की जाएगी। अभी तक प्रधानाचार्य/प्रबंधक विद्यालय में उपलब्ध सुविधा के अनुरूप समय सारिणी बनाकर पठन-पाठन कराते थे। इससे जिला एवं विद्यालयवार पढ़ाई को लेकर एकरूपता नहीं थी। अब बोर्ड सचिव के के नेतृत्व में अपर सचिव शोध स्कंद शुक्ल द्वारा तैयार की गई समय सारिणी के अनुसार कक्षा में अध्यापन से सभी जगह एकरूपता रहेगी।

समयसारिणी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड किया गया है। इसमें कक्षा नौ से 12 तक के लिए सोमवार से शनिवार तक पहले से लेकर आठवें घंटे तक के लिए विषयवार पढ़ाई निर्धारित किया गया है। चौथे घंटे के बाद मध्याह्न अवकाश होगा। इसमें ऐसा नहीं है कि यदि कक्षा 11 में सोमवार, मंगलवार बुधवार को पहले घंटे में हिंदी पढ़ाई जाएगी तो गुरुवार को भी हिंदी ही पढ़ाई जाए। समय सारिणी में गुरुवार को पहले घंटे में अंग्रेजी/चित्रकला विषय रखा गया है और हिंदी तीसरे घंटे में पढ़ाई जाएगी। इसी तरह हर कक्षा के लिए घंटेवार विषय बदल-बदल कर निर्धारित किए गए हैं।

# आठ टीमों के बीच होंगे मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 1090 चौराहे के निकट सेज क्रिकेट मैदान में शुक्रवार को प्रथम सेज नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए पूरे प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार किया जा रहा है। सेज मैदान क्रिकेट मुकाबलों के लिए सबसे अच्छा साबित हो रहा है। यहां खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इस दस दिवसीय टूर्नामेंट में स्ट्रांग ब्रेकर्स, एचटीपीएल स्काई ईगल्स, एमेजिंग चैलेंजर्स, गैक्सिया इलेवन, लखनऊ थंडर्स, एफर्ट इलेवन, ओल्ड स्कूल एसएस, सेज क्लब की टीमें भाग ले रही हैं। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे जो रोज रात सात बजे से शुरू होंगे।आयोजन सचिव ब्रजेश ने बताया कि स्टेडियम में सात पिच अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। स्टेडियम में बेहतर विकेट तैयार करने के लिए पिच क्यूरेटर की तैनाती की गई है। साथ ही मानकों के अनुरूप प्रशिक्षकों की तैनाती की गई है। अगले एक महीने तक यहां पर होने वाले टूर्नामेंट में दर्शकों को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा।


टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने की खिलाड़ियों की हौसला अफजाई

### रेफरी जूडो कैंप और ब्राउन बेल्ट परीक्षा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में शुक्रवार से ब्राउन बेल्ट और स्टेट रेफरी जूडो कैंप की शुरुआत हुई। कैंप का उद्घाटन यूपी जूडो एसोसिएशन के महासचिव मुनव्वर अंजार ने किया। यह कैंप 29 जून तक संचालित किया जायेगा। कैंप में यलो बेल्टसे ब्राउन बेल्ट तक की परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले जूडोका दिल्ली और पंजाब में आयोजित होने वाली ब्लैक बेल्ट परीक्षा में भाग लेंगे। यूपी जूडो एसोसिएशन की सीईओ आयशा अंजार ने बताया कि कैंप में लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, हापुड़, गाजियाबाद, मिर्जापुर, कासगंज और फिरोजाबाद के जूडोका इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

# ग्रीन, लेवेंडर और गोल्ड को मिली जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएएल गोल्ड, सीएएल ग्रीन और सीएएल लेवेंडर ने नीरू कपूर मेमोरियल अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में जीत दर्ज कर पूरे अंक बटोरे। सार फेज वन पर खेले गए मैच में सीएएल गोल्ड ने सीएएल सिल्वर को 59 रनों से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोल्ड ने 21.2 ओवर में 123 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वर की पूरी टीम 14.5 और में 64 रन पर सिमट गई।

योगानंद मैदान पर खेले गए मैच में सीएएल ग्रीन ने 31 रनों के अंतर से सीएएल ब्ल्यू को शिकस्त दी। ग्रीन ने 25 ओवर में सात विकेट खोकर 110 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्ल्यू की पूरी टीम 24.3 ओवर में 79 रन पर ढ़ेर हो गई।

यश साहनी क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में सीएएल लेवेंडर ने सीएएल पीच को एकतरफा मुकाबले में नौ विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीच ने 96 रन बनाये। कृतज्ञ ने 57 रन बनाये। जवाब में उतरी लेवेंडर ने यह लक्ष्य एक विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया।

## सार-संक्षेप

### एआरपी परीक्षा में नकल करते शिक्षक को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** निशातगंज स्थित डायट में एआरपी (अकादमिक रिर्सोस पर्सन) की परीक्षा में एक शिक्षक को मोबाइल से नकल करते हुए पकड़ा गया। डायट प्रचार्य अजय सिंह की शिकायत पर बीएसए ने आरोपी शिक्षिक को निलंबित कर दिया है। डायट प्रचार्य अजय सिंह ने बताया कि एआरपी चयन के लिए गुरुवार को डायट परिसर में आयोजित परीक्षा में 16 शिक्षक शामिल हुए। इनमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिठौली में तैनात शिक्षक शरद सोनी ने परीक्षा के पहले मोबाइल नहीं जमा किया। परीक्षा के दौरान वो दो बार वॉशरूम जाने के दौरान काफी देर बाद कमरे में आया। कक्ष निरीक्षक को संदेह होने पर शिक्षक की तलाशी ली तो पाया कि उसके पास मोबाइल है और उस पर कॉल चल रही थी। डायट प्रचार्य ने बताया कि बीएसए कार्यालय से 19 शिक्षकों के आवेदन डायट को भेजे गए। परीक्षा में 16 शिक्षक शमिल हुए। इनमें नौ उत्तीर्ण हुए हैं। शनिवार को इनकी टीचिंग होगी। इसके बाद साक्षात्कार होने के अंतिम रिजल्ट जारी किया जाएगा।

### जी-पैट 2025 परीक्षा में लविवि छात्रों ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के छात्रों ने जी-पैट 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बीफार्मा तृतीय वर्ष के अमरेंद्र मौर्या ने 610वीं रैंक हासिल की है जबकि बीफार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के छात्रों ने जी-पैट 2025 (ग्रैज्युएट फार्मेसी एप्टीट्यूट टेस्ट) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में कुहू ने 583वीं रैंक, अदिति श्रीवास्तव ने 1369वीं रैंक, आयुषी श्रीवास्तव ने 1779वीं रैंक, सुधांशु द्विवेदी ने 2724वीं रैंक, ज्योति गुप्ता ने 2927वीं रैंक, अब्दुल शादाब ने 3947वीं रैंक और दीपेंद्र प्रताप सिंह ने 4863वीं रैंक हासिल की। कुलपति डॉ. आलोक राय व इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### भाषा विश्वविद्यालय में चतुर्थ सेमेस्टर परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें एमबीए, एमसीए, एमकॉम, एमटेक (कंप्यूटर साइंस), एमटेक (मैकेट्रॉनिक्स), एलएलएम पाठ्यक्रम शामिल है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, रजिस्ट्रार व वर्तमान में परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे डॉ. महेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामना दी है। यदि किसी विद्यार्थी को अपने परिणाम में कोई त्रुटि दिखाई देती है, तो वह विश्वविद्यालय के परीक्षा कार्यालय से संपर्क कर सकता है। अधिक जानकारी एवं परिणाम देखने के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर विजिट करें।

### लविवि ने सम सेमेस्टर 2025 के परीक्षा परिणाम किए घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय व उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सम सेमेस्टर 2025 की विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध हैं। घोषित परिणाम में एमए (चित्रकला), एलएलबी (5 वर्षीय, एनईपी), बीबीए (पुराना पाठ्यक्रम), बीबीए आईबी (पुराना पाठ्यक्रम) और बीकॉम (ऑनर्स), एमएससी (वनस्पति विज्ञान), बीसीए (कम्प्यूटर एप्लीकेशन), बीएड, बीए (एनईपी) विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर देखें और किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित विभाग से शीघ्र संपर्क करें।

### अधिकारियों की गलती, खामियाजा भुगतेंगे शिक्षक

**अमृत विचार , लखनऊ :** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की गलती का खामियाजा प्रदेश के दो हजार पुरानी पेंशन व्यवस्था से अच्छादित शिक्षक-शिक्षिकाएं भुगत रहे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) ने इस मामले में नाराजगी जताई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार सिंह पटेल एवं प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर इससे संबंधित सूची एवं उससे जुड़े आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। ये ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाएं हैं, जिनकी पहली अप्रैल 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्ति हुई थी और सरकारी आदेश के तहत पुरानी पेंशन के हकदार हैं। छह माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी माध्यमिक शिक्षा विभाग ऐसे शिक्षकों की सूची फाइनल नहीं कर सका है। विलम्ब को देखते हुए इस मामले में मुख्यमंत्री से दखल देने की अपील की है, साथ ही चेतावनी दी है कि अगर समय रहते पात्र शिक्षकों की सूची जारी नहीं की गई तो संगठन इस मुद्दे पर आन्दोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होगा।

### प्रदेश भर के तैराक राजधानी में आज से दिखाएंगे अपना दम

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में शनिवार से प्रदेश के दिग्गज तैराकों का मेला लगेगा। ये तैराक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के ओलंपिक साइज तरणताल में पदक जीतने उतरेंगे। उत्तर प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव शिवम कपूर के अनुसार 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप आज से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शुरू होगी। इस चैंपियनिशप में प्रदर्शन के आधार पर 41वीं सब जूनियर और 51वीं नेशनल चैंपियनशिप के लिये उत्तर प्रदेश तैराकी टीम का चयन किया जायेगा। 30 जून तक चलने वाली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में तीन ग्रुपों में मुकाबले होंगे। आगे उन्होने बताया कि ग्रुप वन में 15 से 17 वर्ष, ग्रुप टू में 13 से 14 वर्ष और ग्रुप थ्री में 11 से 12 वर्ष के खिलाड़ी होंगे। 246 पदकों पर कब्जा जमाने के लिए करीब 500 तैराकों के बीच मुकाबला होगा।

# पुल पर ई-रिक्शा पलटा एक की मौत, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निरालानगर पुल पर शुक्रवार तड़के हुआ हादसा

**अमृत विचार:** निरालानगर पुल पर शुक्रवार तड़के सवारी से भरा ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में बैठे देवानंद सोनकर (55) की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मौलवीगंज निवासी नीलू सोनकर ने बताया कि भाई देवानंद सोनकर सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में सब्जी की आढ़त पर काम करते थे। शुक्रवार तड़के वह ई-रिक्शा से नवीन गल्ला मंडी जा रहे थे। ई-रिक्शा पर चार अन्य लोग बैठे थे। वह हसनगंज सेक्टर आठ नंबर चौराहे के पास निरालानगर पुल पर चढ़ ही रहे थे तभी ई-रिक्शा पलट गया। देवानंद सोनकर ई-रिक्शा के नीचे दब गए। ई-रिक्शा पर बैठी अन्य सवारियां भी घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तब तक चालक ई-रिक्शा लेकर भाग चुका था। देवानंद को गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत् हो गई। परिवार में पत्नी रत्ना व बेटी चाहत है। इंस्पेक्टर हसनगंज अमर सिंह ऐसी कोई सूचना नहीं है।

# किमाया पहुंची दोहरे स्वर्ण पद के करीब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रण बहादुर सिंह मेमोरियल लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में शनिवार को अंडर-11 के बालिका वर्म में किमाया सिंह दोहरे खिताब के नजदीक पहुंच गई है। किमाया ने अंडर-11 बालिका एकल और युगल के फाइनल में अपनी जगह पक्की की है। युगल में किमाया का साथ जान्हवी आर्या देंगी। इसके अतिरिक्त अंडर-11 और अंडर-13 बालक युगल के फाइनल की तस्वीर भी शुक्रवार को साफ हो गई है।

गोमती नगर स्थित यूपी बैडमिंटन अकादमी बीबीडी हॉल में खेली जा रही चैंपियनशिप में अंडर-11 बालक युगल में एमजे अकादमी के शिवांश सक्सेना और तेजस प्रताप सिंह की जोड़ी ने सेमीफाइनल में डॉलीबाग क्लब के आरुष जौहरी और शौर्य कुमार को बेहद रोमांचक मुकाबले में 21-14, 21-10 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला डिवाइन अकादमी के अभिजय सिंह और मोक्ष सिंह राठौर से होगा। इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में बीबीडी अकादमी के ए शर्मा और अवान श्रीवास्तव की जोड़ी को 21-3, 21-6 से हराकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया।

अंडर- 13 बालक युगल वर्ग के फाइनल में एकेएसबीए के रोहित यादव और श्रेयांश मिश्रा के सामने डिवाइन आकदमी के अन्वय मौर्या औश्र समृद्ध पाण्डेय की चुनौती होगी। रोहित और श्रेयांश ने सेमीफाइनल में एक्सालिया अकादमी के अविराथ पाण्डेय ओर दिव्यांश की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 21-11, 21-17 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में अन्वय और समृद्ध की जोड़ी ने एमजे अकादमी के रेयांश श्रीवास्वत और शिवांश सक्सेना की जोड़ी को 21-10, 21-15 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

बालिका अंडर-11 के एकल के सेमीफाइनल में एमजे अकादमी की किमाया सिंह ने आईएसए की गौसिया फातिमा को तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में गौसिया फातिमा को 21-15, 19-21,21-15 से शिकस्त दी। दूसरे गेम में किमाया ने कुछ गल्तियां की जिसके चलते उन्हें हार का सामना करना पड़ा लेकिन पहले और अंतिम गेम में अपने खेल पर पूरी तरह से नियंत्रण रखा और बिना कोई गल्ती किये जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल में डॉलीबाग क्लब की सान्वी कुमार और एमजे अकादमी की जान्हवी आर्या के बीच होना है। इनमें जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी का मुकाबला खिताब के लिए किमाया से होगा।

अंडर-11 बालिका युगल में खिताब के लिये बीबीडी अकादमी की अभिसारिका सिंह और रिद्धिमा अग्रवाल की जोड़ी की भिड़ंत एमजे अकादमी की जान्हवी आर्या और किमाया सिंह की जोड़ी से होगी। पहले सेमीफाइनल में जान्हवी और किमाया ने एकेएसबीए के नित्या कुमार और रचिता वर्मा की जोड़ी को 21-4, 21-5 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में अभिसारिका और किमाया की जोड़ी ने केडी सिंह की अदिति झा और अंबिका झा को 21-0 21-10 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

# झांसा देकर व्यापारी से ऐंठे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी मध्य के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी अंबर इंफ्राटेक के निदेशक ने आलमबाग के मवैया स्थित ब्लंट स्क्वॉयर में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर एक व्यापारी से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। एग्रीमेंट के बाद भी फ्लैट न मिलने पर पीड़ित ने छानबीन की तो पता चला कि उनका बुक किया फ्लैट दूसरे को बेच दिया गया है। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर आलमबाग पुलिस ने डॉयरेक्टर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आर्यनगर निवासी व्यापारी गुरमीत सिंह एक फ्लैट खरीदने के इच्छुक थे। वर्ष 2020 में न्यू गणेशगंज निवासी सचिन कुमार शुक्ल से संपर्क हुआ। बातचीत में आरोपी ने आलमबाग में एक फ्लैट दिलाने का झांसा दिया। जाल में फंसाने के लिए सचिन ने उनकी मुलाकात अंबर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के डॉयरेक्टर सैफ अमन व दीपक कपूर से करायी। बताया कि आलमबाग के ब्लंट स्क्वॉयर में एक अपार्टमेंट का काम चल रहा है। 44 लाख रुपये में 18 माह के अंदर फ्लैट की रजिस्ट्री कर कब्जे का आश्वासन दिया।

आरोपियों की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंस गुरमीत ने 1405 वर्गफीट का पहले तल पर फ्लैट बुककर नकद व चेक से 15 लाख रुपये दिए। एग्रीमेंट के दौरान पीड़ित ने 5 लाख रुपये और दिए। 18 माह बीत जाने के बाद पीड़ित ने संपर्क किया तो आरोपियों ने टालमटोल की। पीड़ित ने जानकारी जुटायी तो पता चला कि आरोपियों ने उनका फ्लैट दूसरे को बेच दिया है। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया।

आलमबाग पुलिस ने सचिन कुमार शुक्ल निवासी न्यू गणेशगंज नाका, दीपक कपूर निवासी रॉयल लेक व्यू रायबरेली रोड और सैफ अमन निवासी ओखला नई दिल्ली के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शहीद पथ पर हुए हादसे में बाइक सवार की मौत

**अमृत विचार, पीजीआई :** शहीद पथ पर मेदांता अस्पताल के पास शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार विक्रम कुशवाहा (24) को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मूलत: फर्रुखाबाद के नवाबगंज निवासी प्रदीप कुमार के मुताबिक उनका बेटा विक्रम कुशवाहा सेक्टर-ओ एलडीए कॉलोनी में रहकर पढ़ाई के साथ सुशांत गोल्फ सिटी स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। शुक्रवार तड़के चार बजे विक्रम ड्यूटी कर बाइक से घर जा रहा था। पीजीआई इलाके में शहीद पथ पर पहुंचा था तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिसकर्मियों ने विक्रम को एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में छोटा भाई शिवम व मां राजकुमारी है।

# आरबीआई की करेंसी चेस्ट में मिले 28 जाली नोट, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित आरबीआई के करेंसी चेस्ट में मई माह में 28 नोट जाली मिले। इस संबंध में आरबीआई की तरफ से महानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरबीआई में तैनात प्रबंधक लखविंदर पुआर सिंह ने महानगर कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 179 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में लखविंदर पुआर का कहना है कि आरबीआई के करेंसी चेस्ट में मई माह में जमा हुए नोट की जांच के दौरान 50 के दस, 100 के 4 और 2000 के चार नोट जाली मिले। इंस्पेक्टर महानगर का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपट्र्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।

अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।


सचिदानंद सिंह
मुंबई

# एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश


अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

## सोशल फोरम

# शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

# असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना


तनवीर जाफरी
स्तंभकार

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# एमएसएमई दिवस पर व्यापारियों ने की टेबल चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में टेबल चर्चा का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस चर्चा में राजधानी के प्रमुख व्यापारी एवं उद्यमी शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों उद्यम के क्षेत्र में आएंगे तभी प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन और देश की फाइव ट्रिलियन डॉलर की होगी। देश में 40 देशों से 6000 से अधिक उत्पाद आयात किए जाते हैं। अगर इसमें आधे देश में बनना शुरू हो जाएं तो निश्चित रूप से भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की द्वितीय अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

एमएसएमई के आंकडों पर चर्चा करते हुए नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने प्रदेश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर और अधिक फोकस करने पर जोर दिया। कहा कि युवाओं को प्रारंभिक स्तर से तकनीकी शिक्षा देनी होगी, क्योंकि युवाओं के पास रोजगार नहीं है और फैक्ट्रियों को तकनीकी दक्ष लोग नहीं मिल रहे हैं।

उद्यमियों ने लीज की प्रॉपर्टी पर बैंकों से समुचित ऋण न मिलने की समस्या भी उठाई। चर्चा में प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, आसिफ किदवई, राजीव शुक्ला, सोनू अग्रवाल, दिनेश शर्मा, धीरेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र साहू, मनीष श्रीवास्तव, राधेश्याम शर्मा, हिमांशु रस्तोगी, आर चौधरी, मनीष जैन, परवेश जैन, नरेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमित सिंघल, विजय साईं कपूर अमिताभ श्रीवास्तव शामिल रहे।



अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर चर्चा करते उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्य।

## आईसीएमए ने की एमएसएमई हेल्प डेस्क की स्थापना

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) के लखनऊ चैप्टर ने गोमती नगर में आईसीएमए भवन में एमएसएमई हेल्प डेस्क का आयोजन किया। लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए रंजीत सिंह ने बताया कि योजनाओ के संबंध में हित धारकों को जागरूक बनाने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई। हेल्प डेस्क में उद्योग से जुड़ी जानकारी प्रदान देने के साथ समस्याओं का भी निस्तारण किया गया। मुख्य अतिथि सीएमए डॉ. सुनील कुमार सिंह उद्योगपति रहे। सीएमए पवन, सीएमए योगेन्द्र सिंह, सीएमए जूही उपाध्याय, सीएमए शैलेष पटेल, सीएमए अशीष सिंह मौजूद रहे।

## ओडीओपी को मिल रही अंतरराष्ट्रीय पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के माध्यम से कई जिलों के स्थानीय उत्पादों को न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। यह बातें विश्व एमएसएमई दिवस पर जिलाधिकारी विशाख जी ने एक कार्यक्रम में कही। एसोचैम ने शुक्रवार कोएक होटल में संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इसमें करीब 500 एमएसएमई और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि उप्र एमएसएमई का पावर हाउस है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यहां कुशल श्रम शक्ति से लेकर बाजार तक सब कुछ आसानी से उपलब्ध है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लिए 30 दिन की निर्धारित निस्तारण समय सीमा तय की गई है। एमएसएमई पंजीकरण के मामले में लखनऊ प्रदेश में पहले स्थान पर है। एसोचैम उप्र के सह अध्यक्ष हसन याकूब ने एमएसएमई, उद्योग तथा जिले के समग्र विकास पर विचार प्रस्तुत किए।

## आईसीएआई की लखनऊ शाखा ने किया सेमिनार का आयोजन


आईसीएआई भवन में दीप प्रज्जवलित करते अधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ:** दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की लखनऊ शाखा ने एमएसएमई दिवस पर आइसीएआई भवन गोमती नगर में सेमीनार का आयोजन किया। इस दौरान आम लोगों व व्यापारियों के लिए सहायता केंद्र भी बनाया गया। मुख्य अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जोनल प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि एमएसएमई इकाइयों, बैंक और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स मिलकर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि स्मॉल इंडस्ट्रीज़ डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) के महाप्रबंधक राजीव कुमार ने सिडबी ने औद्योगिक इकाइयों को दी जाने वाली ऋण सुविधाओं की जानकारी दी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप जोनल प्रमुख प्रदीप कुमार अवस्थी ने एमएसएमई इकाइयों के लिए यूनियन बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। अनूप कुमार अग्रवाल माई मेंटर के संस्थापक रहे। जिला उद्योग केंद्र, सिडबी और यूनियन बैंक के सहयोग से हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। सेमिनार में लखनऊ और आसपास के जनपदों के लगभग 300 चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने प्रतिभाग किया। संचालन अध्यक्ष सीए अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ। ऋषभ मिश्र, आशीष गुप्ता, अंशुल अग्रवाल, प्रियंका गर्ग उपस्थित रहीं।

## शारदा नहर में उतराता मिला बच्चे का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** जलियामऊ गांव के पास शारदा नहर में शुक्रवार सुबह लगभग 8 वर्षीय बच्चे का शव पानी में उतराता मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। शव करीब चार दिन पुराना बताया जा रहा है। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर शव को शारदा नहर से बाहर निकलवा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इंस्पेक्टर का कहना है कि हरदोई से एक परिवार पहुंचा, लेकिन मां ने पहचानने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों पर सूचना देने के साथ ही सोशल मीडिया की भी मदद ले रही है।

# उमस से राहत मिलने की उम्मीद आज से बारिश होने के आसार

▸▸ **55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, उप्र. के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला है। इस बीच लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की रफ्तार धीमी रहने के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी।

फिलहाल, मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ से मिली जानकारी के अनुसार, 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। इस बीच तेज हवाएं और आंधी का भी अंदेशा है। ऐसे में लोगों को खुले में न निकलने और बिजली गिरने की आशंका से सचेत रहने की हिदायत दी गई है।

वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में गरज-चमक और बौछारों की संभावना है। लंबे समय से जारी उमस से राहत मिलेगी।

# सीएचसी में नहीं लग रही एंटी रैबीज वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुत्ते के काटने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर एंटी रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगाने की सुविधा होने के बावजूद पीड़ितों को टरकाया जा रहा है। उन्हें जिला अस्पताल भेजा जा रहा। इससे बड़े अस्पतालों में मरीजों का भार बढ़ता जा रहा। वहीं, जिन केंद्रों पर वैक्सीन लग भी रही है, वहां मरीजों को घंटों तक इंतजार कराया जाता है।

राजधानी में सीएमओ के अधीन 20 सीएचसी का संचालन हो रहा है। सभी सीएचसी पर एंटी रैबीज वैक्सीन उपलब्ध होने का सीएमओ जरिए दावा किया जाता है। कैसरबाग स्थित रेडक्रॉस सीएचसी पर गुरुवार को एक युवक वैक्सीन लगवाने के गया था। टीकाकरण कक्ष में पहुंचने पर उसे प्रभारी कक्ष में भेजा गया। प्रभारी ने वैक्सीन लगवाने के लिए बलरामपुर अस्पताल जाने की सलाह दी। यही स्थिति अलीगंज सीएचसी में बनी है। वहां पर आने वाले लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए बीआरडी महानगर संयुक्त चिकित्सालय भेजा जा रहा है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है सभी सीएचसी पर वैक्सीन मौजूद है। सीएचसी पर किस वजह से वैक्सीन नहीं लग रही है, इस मामले में जवाब तलब किया जाएगा।

### कम से कम चार मरीज आने पर खोलते हैं वायल

कर्मचारियों ने बताया कि वैक्सीन की एक वायल (शीशी) में चार से पांच मरीजों को वैक्सीन लगाई जा सकती है। वहीं, सीएचसी पर एक दो मरीज आने पर बाकी के डोज खराब हो जाते हैं। यही वजह है कि मरीजों को बड़े अस्पताल भेजा जाता है या फिर अन्य मरीजों के आने तक इंतजार करने को कहा जाता है। हालांकि, अन्य मरीजों के न आने पर मरीज को लौटाने के बजाय वायल को खोल दिया जाता है।

### बलरामपुर अस्पताल का पांच माह का मरीजों का ब्यौरा

| माह | मरीज |
|---|---|
| मई | 1778 |
| अप्रैल | 1741 |
| मार्च | 1683 |
| फरवरी | 1602 |
| जनवरी | 1662 |

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, कर्नलगंज-गोण्डा
## पताः- गाड़ी बाजार पश्चिमी ।

पत्रांक- 587/न0पा0परि0कर्न0/2025-26 — दिनांक: 26.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज-गोण्डा को वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृति धनराशि से निम्न निर्माण/विकास कार्य कराया जाना है। समस्त निविदायें बेवसाइट http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। समस्त पंजीकृत को 10 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नगद जमा करना अनिवार्य है। निविदा की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: | 26.06.2025 (05:00 PM) |
| 2. | ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि: | 17.07.2025 (06:00 PM) |
| 3. | ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय: | 18.07.2025 (11:00 AM) |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**कर्नलगंज, गोण्डा**

## कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

पत्रांक: एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775-84 /2025-26 — दिनांक- 26.06.2025

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707-14 / 2025-26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है । शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | नियत मानदेय | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईसीसीई एजूकेटर | | 110 | विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो । आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी । **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए । | 10313.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| 2 | तकनीकी अनुदेशक | इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर | 10450.00 | आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो । |
| | | एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड | 06 | राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट- इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक | | |
| | | एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग | 05 | बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर | | |
| | | होम एण्ड हेल्थ ट्रेड | 06 | बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट - फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी | | |

**चन्द्रप्रकाश**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**जालौन**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## अनुरक्षण खण्ड नं0-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः /ई-टेन्डर/2025-26 — दिनांक :

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)**

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेष की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी. एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | विघायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास संख्या-15-16 के बैक साइड बने क्षतिग्रस्त टीन शेड के स्थान पर नया शेड डालने का कार्य एवं जलभराव के रोकथाम हेतु फर्ष को ऊंचा कर टाइल्स लगाने का कार्य। | 2.20 | 22000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | 17ए माल ऐवन्यू स्थित आवास संख्या-बीजी-1 में किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड बनाने का कार्य एवं यू0पी0वी0सी0 खिड़की लगाना व आंगन के शेष भाग में ऐडूरा टाइल्स लगाना एवं गेट की मरम्मत का कार्य। | 3.20 | 32000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | तिलक मार्ग डालीबाग स्थित बंगला नं0-2ए में बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सीलन मरम्मत, लॉन में इन्टरलांकिग टाइल्स लगाने, बाहरी सतह की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 4.19 | 41900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-10/4 टाईप-5 में किचेन व एक बेडरूम में वार्डरोब बनाने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे चौखट बदलने का कार्य, किचेन व कमरों के आंषिक भाग की क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य व अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.11 | 21100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | 03 तिलक मार्ग स्थित टाईप-6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0-802, में दो बाथरूमों की पुरानी व क्षतिग्रस्त टाइल्स व कुछ फिटिंग्स बदलने का कार्य, आफिस कक्ष में वार्डरोब बनाने का कार्य। | 2.84 | 28400.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 6 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के गैराज सं0-10 में जर्जर चबूतरे को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, पानी के पुरानी एवं जर्जर पाइप को हटाकर नया कनेक्षन लगाने, जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर करने, गैराज के सामने खुली हुई नाली को आर0सी0सी0 पत्थर द्वारा कवर करने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 1.10 | 11000.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 7 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के आवास सं0-1-2बी में कार्यालय से लगे एक क्षतिग्रस्त बाथरूम के पूर्ण नवीनीकरण करने, आवास में खाद्य सामग्री एवं अन्य आवष्यक चीजों के रख-रखाव हेतु अलमारी बनाने, क्षतिग्रस्त दरवाजों को बदलने, आवास के पीछे खुले हुए जीने को ग्रिल जाली द्वारा कवर करने व शेड डालने व अन्य सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 4.11 | 41100.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-12/7 टाईप-4 में क्षतिग्रस्त बाथरूम व किचेन में टाइल्स लगाने व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे खिड़की व जाली दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.88 | 28800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 9 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-27 टाइप-5 में शेड के विस्तारीकरण का कार्य एवं सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.83 | 8300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-1 टाइप-5 में बाउण्ड्रीवाल को ऊंचा करने का कार्य एवं गैराज के क्षतिग्रस्त हो चुके शेड को बदलने व गैराज की फ्लोर को ऊंचा करने का कार्य। | 3.30 | 33000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | माल ऐवन्यू कालोनी स्थित आवास संख्या-11ए श्रेणी-6 में अध्यासन परिवर्तन के कारण साज-सज्जा सामग्री आपूर्ति/मरम्मत का कार्य। | 2.18 | 21800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | 03 तिलक मार्ग स्थित टाईप-6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0-202 में तीन कमरों में वार्डरोब लगाने का कार्य। | 2.16 | 21600.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास-6 पार्क रोड स्थित आवास सं0-ई-01 में बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाना, क्षतिग्रस्त बाथरूम की फिटिंग्स बदलने के साथ अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.87 | 18700.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 14 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) के गैराज सं0-12 में जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, जर्जर फर्ष को तोड़कर पुनः फर्ष बनाने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य। | 0.93 | 9300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 15 | लखनऊ | राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0-14 टाइप-5 में सर्वेन्ट कक्ष में क्षतिग्रस्त हो चुके प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर कर रंगाई-पुताई का कार्य एवं सर्वेन्ट कक्ष के आगे एक अस्थाई शेड का निर्माण कार्य। | 0.62 | 6200.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 16 | लखनऊ | लोअर डालीबाग नवनिर्मित ड्राइवर कालोनी स्थित आवास सं0-1/8 टाइप-1 में सीलन मरम्मत, क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत, क्षतिग्रस्त किचन व बाथरूम की टाइल्स बदलने, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 0.70 | 7000.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 17 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0-18 में शेड में स्थित अध्यासन कक्ष में फॉल सीलिंग करना, फर्ष की टाइल्स बदलना एवं दो तरू टिंटेड ग्लास लगाने का कार्य व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 6.78 | 67800.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-ए-104 टाइप-5 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूम की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे चौखट बदलने, क्षतिग्रस्त टाइल्स मम्मत व अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 3.37 | 33700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-7/16 टाईप-4 में अवषेष एक बाथरूम की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने के फलस्वरूप बाथरूम की टाइल्स एवं जंगयुक्त फिटिंग्स बदलना, सीलन की रोकथाम हेतु छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य, सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य द्वार पर ग्रिल का दरवाजा लगाने का कर्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.10 | 21000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 20 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-6/3 टाईप-4 में बाथरूम व किचेन की फिटिंग को कन्सील्ड करके टाइल्स की मरम्मत का कार्य, सीलन की मरम्मत का कार्य, आंगन के फर्ष व क्षतिग्रस्त ग्रिल की मरम्मत का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 2.68 | 26800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 21 | लखनऊ | विधायक निवास-6 पार्क रोड स्थित आवास सं0-बी-06 में अध्यासन परिवर्तन के कारण आवास में क्षतिग्रस्त खिड़कियों में मच्छर जाली व शीषे लगाना, क्षतिचग्रस्त टाइल्स मरम्मत करना, क्षतिग्रस्त किचेन मरम्मत करना, व दो स्नानगृह/षौचालय का नवीनीकरण करना एवं अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.68 | 16800.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 22 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-5/2, टाईप-4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूमों की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रिस्त किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलना एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य। | 3.19 | 31900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 23 | लखनऊ | विधायक निवास-4, रायल होटल स्थित आवास सं0-57 में क्षतिग्रस्त हो चुके टीन शेड को बदलने का कार्य | 0.53 | 5300.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 24 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0-703 में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य, आवास के बाथरूम की जंगयुक्त फिटिंग को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.19 | 21900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 25 | लखनऊ | राजकीय कालोनी माल एवेन्यू स्थित बंगला संख्या-5ए डुप्लेक्स के समस्त पुराने दरवाजे एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य। | 3.78 | 37800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| | | (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण हेतु कार्य।) | | | | |
| 26 | लखनऊ | नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0-1001 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 27 | लखनऊ | गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0-1(नया) में आंगन की दीवाल की ऊंचाई बढाना, वाहन पार्किंग हेतु शेड डालना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.83 | 18300.00 | 680.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.06.2025 से 05.07.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 05.07.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 30.06.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**UP-235245 दिनांक 24.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ**
**ई-मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com**

## एक नजर

### तीन दोषियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना जीआरपी की पैरवी के चलते तीन अभियुक्तों को न्यायालय ने दोषसिद्ध करते हुए सजा सुनाई है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (द्वितीय) व नोडल अधिकारी हृषीकेश यादव के पर्यवेक्षण में जीआरपी बाराबंकी थाना व अभियोजन अधिकारी की टीम ने मुकदमों की सघन पैरवी की। धारा 146 रेलवे एक्ट व भादवि के अंतर्गत दर्ज इस मामले में अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ पहाड़ी तथा जमील को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-16 द्वारा दोषी ठहराते हुए न्यायालय में बिताई गई जेल अवधि के साथ 15-15 सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसी क्रम में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में अभियुक्त रामाधारा पुत्र कालीदीन वर्मा निवासी फैजुल्लागंज लखनऊ को भी दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि एवं 700 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### 70 लाख का गांजा बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ एसटीएफ ने शुक्रवार सुबह नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लाख रुपये कीमत का 5 क्विंटल गांजा जब्त किया। यह खेप उड़ीसा से बहराइच ले जाई जा रही थी, जिसे कोतवाली देहात क्षेत्र में भदैंया ब्लॉक मुख्यालय के सामने से पकड़ा गया। यह गांजा एक बंद ट्रक कंटेनर में छिपाकर ले जाया जा रहा था। हैरानी की बात यह रही कि इसे शादी के कार्डों के बीच बड़ी चतुराई से 22 गत्ते के 13 बंडलों में छिपाया गया था। एसटीएफ टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें नोमान निवासी पलवल, हरियाणा, अकरम खान निवासी भरतपुर, राजस्थान और रवि मिश्रा निवासी फिरौरा झंझरी, गोंडा शामिल है। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई अमित तिवारी ने किया, जिसमें एसआई विद्या सागर की टीम भी शामिल रही। पकड़े गए तस्करों और बरामद खेप को आगे की कार्रवाई हेतु देहात कोतवाल अखंड देव मिश्र को सौंप दिया गया है।

# बिकरू कांड में चार आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बहुचर्चित बिकरू कांड में शामिल दो आरोपियों और शस्त्र अधिनियम के मामले में दो आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से अदालत में दाखिल की गई। जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने अर्जियों को खारिज कर दिया।

कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर कुख्यात विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें बिल्हौर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने गिरोह के सरगना विकास दुबे सहित 21 अभियुक्तों को नामजद करते हुए 45-50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद पुलिस ने विकास दुबे सहित छह अभियुक्तों को मुठभेड़ में मार गिराया था। पुलिस ने अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी करने के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किए थे। इन सभी मामलों की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। मुख्य मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी गुड्डन शुक्ला उर्फ उमाकांत उर्फ बऊवन और वीर सिंह उर्फ नन्हकू की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, जबकि शस्त्र अधिनियम के मामले में आरोपी रमेश चंद्र और धर्मेंद्र उर्फ हीरू की ओर से अदालत में जमानत अर्जी दाखिल हुई थी।

### कुशाग्र हत्याकांड : रेकी के लिए प्रभात को साथ लेकर घर आई थी रचिता

**कानपुर, अमृत विचार।** शहर के चर्चित कुशाग्र हत्याकांड में मां सोनिया कनोडिया से शुक्रवार को आरोपित ट्यूशन टीचर के अधिवक्ता ने जिरह की। जिरह देर शाम तक चलती रही। जिरह खत्म न होने की वजह से शनिवार को भी चलेगी। सोनिया के मुताबिक हत्या के 15 दिन पहले रचिता रेकी करने के लिए प्रभात को साथ लेकर घर आई थी। कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्तूबर 2023 को अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को दोषी मानकर उनको जेल भेजा था। मंगलवार को तीनों आरोपियों को जेल से लाया गया। आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता के अधिवक्ता श्रीकांत दीक्षित ने जिरह करते हुए कुशाग्र की मां सोनिया कनोडिया पर सवालों की बौछार करते हुए कई पूछे। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि सोनिया कनोडिया ने कोर्ट को बताया कि उनका छोटा बेटा आदित्य सूरत में कक्षा नौ में पढ़ रहा है। सुरक्षा को देखते हुए उन्होंने स्कूल का नाम नहीं बताया। रचिता वत्स को सर्विस कंपनी से मेरे घर में ट्यूशन पढ़ाने के लिए भेजा गया था।

### 25 साल पहले हुई मारपीट में चार दोषियों को तीन-तीन साल कैद

**कानपुर देहात, अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के बनारअलीपुर गांव में करीब 25 साल पहले भैंस के खेत पर जाने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी पाते हुए तीन-तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बनारअलीपुर गांव निवासी मुन्नालाल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 मई 2000 को उसके भाई सत्यनारायण की भैंस गांव के सरमन के खेत में चली गई। जिसके विवाद में विपक्षी सरमन ने वादी मुन्नालाल, उसके भाई सत्यनारायण, जगदीश व संतोष के साथ गालीगलौज की। विरोध करने पर सरमन, जगदीश, विनोद व पप्पू ने उसके भाईयों पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए सभी चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट शैलेंद्र निगम की अदालत में चल रही थी।

# 3 आरोपियों की हुई वर्चुअल पेशी, गवाही न हो सकी दर्ज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बहुचर्चित सराफा डकैती कांड की सुनवाई शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में हुई। वादी भरतजी सोनी कोर्ट के समक्ष गवाही देने के लिए हाजिर हुए लेकिन गवाही दर्ज नहीं हो सकी। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा ने बताया कि अब मामले की अगली सुनवाई एक जुलाई को निर्धारित की गई है। बता दें कि 28 अगस्त 2024 को कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक ठठेरी बाजार स्थित सर्राफा व्यापारी भरतजी सोनी की दुकान में डकैतों ने धावा बोलकर लाखों की ज्वेलरी लूट ली थी। इस सनसनीखेज वारदात में कुल 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और मामला विचाराधीन है।

### विधायक व पूर्व विधायक के मुकदमों में टली सुनवाई

**सुलतानपुर :** इसौली से सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान के खिलाफ 25 साल पुराने वन भूमि अतिक्रमण मामले में शुक्रवार को बहस नहीं हो सकी। अदालत ने अब बहस की अगली तारीख 8 जुलाई तय की है। वहीं पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में अभियोजन गवाह के न आने के कारण एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनवाई 9 जुलाई तक टाल दी।

# पति ने पत्नी को पीटकर कर मार डाला

## आरोप-आर्केस्ट्रा में काम करने से नाराज था पति, अकसर होता था झगड़ा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



सुशीला की फाइल फोटो।



वारदात के बाद महिला की पुत्री से जानकारी लेती पुलिस।

**अमृत विचारः** शहर सीमा के नजदीक इलसिया ग्रंट में पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता आर्केस्ट्रा में काम करती थी, इसको लेकर दोनों के मध्य अक्सर झगड़ा हुआ करता था। आरोप है कि नाराज होकर पति ने साथियों संग मिलकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। क्षेत्राधिकारी नगर का कहना है कि दोनों पक्षों के मध्य विवाद न्यायालय में प्रचलित है, फिलहाल आरोपों के आधार पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

महोली कोतवाली क्षेत्र की बरातपुर निवासी यशोदा के मुताबिक, दामाद देशराज उसकी 30 वर्षीया पुत्री सुशीला के साथ अक्सर मारपीट करता था। इसी को लेकर दोनों के मध्य न्यायालय में वाद भी चल रहा था। आरोप है कि रात में योजना बनाकर देशराज ने अपने साथियों को बुला लिया। फिर कमरा बंद कर लाठी-डंडों से सुशीला को पीट-पीटकर मार डाला। डायल 112 की खबर पाकर रामकोट थानाध्यक्ष सुरेश पटेल और फिर क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर फारेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किये। सीओ का कहना है कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई प्रचलित है। वारदात के बाद देशराज अपने दस वर्षीय पुत्र आदर्श और काजल (12) को घर से लेकर निकला। बाइक पर बिठाकर वो अपने तंबौर थानाक्षेत्र स्थित पैतृक गांव सुल्तानपुर आया, बाद में राज खुलने के डर से फिर बच्चों को घर में छोड़कर फरार हो गया।

मां-बाप के बीच अनबन से लेकर रोजाना के झगड़े और फिर कोर्ट के मामलों को 12 वर्षीय काजल ने सिलसिलेवार बताया। झगड़ा कैसे शुरू हुआ और फिर मां के दर्दनाक अंत की कहानी पुलिस ने कैमरे में रिकार्ड की।

# लखनऊ एसटीएफ का सैन्य कर्मी की तलाश में छापा

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** लखनऊ से आयी एसटीएफ टीम ने एक सैन्यकर्मी की तलाश में नारायण नगर में छापेमारी की। आरोप है कि सैन्यकर्मी ने लखनऊ निवासी दो युवतियों से नर्सिंग असिस्टेंट बनाने के नाम पर चार लाख रुपये ठगे हैं।

सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में सैन्यकर्मी की श्रीनगर में तैनाती है। वह लखनऊ में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही दो युवतियों से मिला था। इसमें एक युवती अलीगढ़ तो दूसरी मुजफ्फरनगर की है। आरोप है कि सैन्यकर्मी युवतियों से वर्दी में मिला था। सैन्यकर्मी ने नर्सिंग असिस्टेंट बनवाने का झांसा देकर एक युवती से डेढ़ लाख व दूसरी से 2.55 लाख रुपये लिए। उसने शुक्रवार को दोनों को लखनऊ कैंटोनमेंट में नियुक्ति पत्र देने बुलाया। इसके बाद कहा कि कुछ काम से सीतापुर आ गया हूं। आप सीतापुर आइए। इसके बाद सैन्यकर्मी युवतियों से लालबाग स्थित आर्मी कैंटीन के पास मिला। वहां सैन्यकर्मी ने दोनों को लेटर दिया। युवतियों को शक हुआ तो सैन्यकर्मी से फोन करके ठगी की बात कही। युवतियों ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। इसी सूचना पर लखनऊ से एसटीएफ की टीम देर रात सीतापुर पहुंची। टीम आरोपी को तलाश रही है। इस बारे में पुलिस कुछ नहीं बता रही है।

# सीबीआई ने तीन लोगों को घूस लेते दबोचा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** जनपद में शुक्रवार की शाम सीबीआई की टीम ने आरपीएफ इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल समेत तीन लोगों को घूस लेते रंगेहाथ दबोच लिया है। बता दें कि आरपीएफ इंस्पेक्टर ने रेलवे फाटक से ट्रैक्टर-ट्रॉली टकराने के मामले में 40 हजार रुपये की घूस मांगी थी।

मामले में पीड़ित ने सीबीआई में शिकायत किया था। पीड़ित की शिकायत के आधार पर सीबीआई की टीम ने अकबरपुर आरपीएफ इंस्पेक्टर जीएस गौतम को घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। इंस्पेक्टर के साथ हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह और बिचौलिया कमलेश कुमार सोनकर को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम तीनों को अपने साथ ले गई।

# रायबरेलीः ट्रक की टक्कर से दो की मौत

संवाददाता, नसीराबाद, रायबरेली





भोले व अमित की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** जायस-सलोन मार्ग पर खोदाऊवा मछली तालाब के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। है।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे भिखई मजरे बभनपुर निवासी अमित कुमार (28) पुत्र कृष्णा यादव दिल्ली में ट्रक चलाता था। गुरुवार को दिल्ली से ट्रक लेकर रायबरेली पहुंचा। रास्ते में ट्रक खराब हो गया था। अमित का मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उसने किसी दूसरे के नंबर से घर पर सूचना दी कि वह सुंदरगंज चौराहे तक पहुंच गया है। जानकारी मिलते ही रात लगभग नौ बजे छोटा भाई आशीष कुमार (17) अपने गांव के ही मित्र भोले (22) पुत्र राम केतार विश्वकर्मा के साथ मोटर साइकिल से उसे लेने पहुंच गया। भाई अमित को साथ लेकर वह लौट रहा था। जायस-सलोन मार्ग पर खोदाऊवा मछली तालाब के पास अटावां मोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बीच में बैठा आशीष गाड़ी से बाहर गिर गया। अमित कुमार और भोले ट्रक के नीचे आ गए। ट्रक दोनों को कुचलता हुआ आगे चला गया। ट्रक का पहिया चढ़ जाने के कारण मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। घायल पड़े आशीष ने पुलिस को सूचना दी। डीह पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायल आशीष को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया।

# बाराबंकीः सीएचसी में स्ट्रेचर पर तहसील कर्मी का शव पड़ा देख भड़के एसडीएम

**फतेहपुर, बाराबंकीः अमृत विचार :** तहसील में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों को अस्पताल परिसर में उसका शव स्ट्रेचर पर पड़ा मिला। इस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भी यह देख नाराजगी जताई और मौजूद चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगायी।

कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला पचघरा निवासी राजमल तहसील फतेहपुर में एसडीएम न्यायिक न्यायालय पर चपरासी पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह नहाते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उन्हें बाहर स्ट्रेचर पर ही लिटा दिया गया और चिकित्सक काफी देर बाद मौके पर पहुंचे। जब डॉक्टर ने जांच की तो राजमल को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम कार्तिकेय सिंह और तहसीलदार वैशाली अहलावत अस्पताल पहुंचे। जब उन्होंने शव स्ट्रेचर पर ही पड़ा देखा तो उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि मरीज को तत्काल अस्पताल के अंदर ले जाकर उपचार किया जाना चाहिए था। यह अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही है। इस संबंध में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि मौत के कारण की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप



बलिदान दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की कार्ययोजना बनाते भाजपा कार्यकर्ता।

### बलिदान दिवस की तैयार की कार्ययोजना

**लखनऊ, अमृत विचार।** शुक्रवार को पश्चिम मंडल 1 के भवानीगंज वार्ड के शक्ति केंद्र बी में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण मेंहदीगंज में शक्ति केंद्र प्रवासी की तैयारी बैठक का आयोजन हुआ। इसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 29 जून को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथों पर श्रवण करने एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि व प्रत्येक बूथ पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 10 पेड़ लगाने की कार्ययोजना तैयार की गई। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर साहू, शक्ति केंद्र संयोजक रंजीत शर्मा, बूथ अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू, आशीष जायसवाल, अनूप जोशी, हरिद्वारी लाल साहू, बसंतु, पवन श्रीवास्तव, शिवम साहू, अशोक वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, अभिषेक वर्मा, सूरज गौतम, श्रवण साहू, सूरज कन्नौजिया, राम बाबू सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बाइक की टंकी में छिपे सांप के डसने से बच्ची की मौत



मानवी की फाइल फोटो।

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रायपुर फुलवारी में शुक्रवार शाम एक बाइक की टंकी में छिपे सांप ने डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची और एक युवक को डस लिया। इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। घटना उस समय घटी जब राजकुमार सोनी अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी मानवी को बाइक पर बिठाकर पास में आयोजित जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां दिखाने के लिए ले जा रहे थे। घर वापसी आते समय रास्ते में अचानक मानवी चीखने लगी। जब राजकुमार ने बाइक रोकी, तो देखा कि बाइक की टंकी के नीचे एक जहरीला सांप छिपा हुआ था, जिसने उसके पैर में डंस लिया था। राजकुमार के साथ बैठे उनके मित्र राहुल चौहान ने बच्ची के पैर से सांप को हटाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान सांप ने उन्हें भी डस लिया। परिजन आनन-फानन में मानवी को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए अन्यत्र ले जाते समय रास्ते में ही मानवी ने दम तोड़ दिया। वहीं, राहुल चौहान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### समय सीमा में पूरी करायें परियोजनाएं

**सीतापुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य अब तक प्रारम्भ नहीं हुए हैं, उन्हें नियमानुसार शीघ्र शुरू कराया जाए। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों के अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने और रेनकटों की पेट्रोलिंग कर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। पुल निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने लंबित एप्रोच रोड निर्माण को भी शीघ्र पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में बहुगुणा चौराहे पर लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग को संयुक्त सर्वे कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, महमूदाबाद के अधिशासी अभियंता विद्युत एवं ग्रामीण अभियंत्रण को भी पोल शिफ्टिंग के कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग और रामगढ़ चीनी मिल मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूरा करने पर निर्देश दिये गए।

### आधुनिक तकनीक अपनायें किसानःडीएम

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल की हैदरगढ़ इकाई में गन्ना किसान समृद्धि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने गन्ना टिश्यू कल्चर लैब का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की सराहना की। बलरामपुर फाउंडेशन की सीएसआर योजना के अंतर्गत 20 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं। जिलाधिकारी ने किसानों को सरकारी योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती से किसानों की आय बढ़ सकती है। कृषि यंत्रों पर सब्सिडी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू कर दी गई है। जिला गन्ना अधिकारी, कृषि अधिकारी और उद्यान अधिकारी ने अपने विभागों की योजनाओं के बारे में बताया। बलरामपुर चीनी मिल के सीजीएम विनोद यादव ने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को तकनीकी सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज और समय पर भुगतान की सुविधाएं दे रहा है। कार्यक्रम में आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

# अवैध नियुक्तियों के खेल में परिवार रजिस्टर बना हथियार

पूराबाजार, अयोध्या



परिवार रजिस्टर की नकल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत गंगौली में आंगनबाड़ी केंद्र में सास-बहू की नियुक्ति के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। खुलासा हुआ है कि सास को सहायिका और बहू को आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में चयन करने के लिए परिवार रजिस्टर को हथियार बनाया गया। जबकि दोनों का गांव में निवास स्थान एक है और राशनकार्ड में भी सयुंक्त रुप से दर्ज है। इस पूरे मामले में सचिव समेत प्रधान और अन्य जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। यह मामला तब सामने आया जब गांव के भरत पाठक नाम के व्यक्ति ने इसकी उच्चस्तरीय शिकायत की। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने जांच के आदेश दिए। जांच में तेजी तब आई जब 'अमृत विचार' ने सीडीओ द्वारा दिए गए जांच के आदेश में विलम्ब की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की। ग्राम पंचायत गंगौली में सीडीओ ने 31 मई को बीडीओ को पत्र भेज कर शाम्भवी सिंह और उनकी सास अंजू सिंह की एक साथ नियुक्ति को लेकर जांच के लिए निर्देशित किया था। जांच को 15 दिन तक दबाए रखा गया। अमृत विचार में 24 जून को खबर छपने के बाद हरकत में आए ब्लॉक प्रशासन ने जांच कर आख्या डीपीओ को भेज दी। जानकारी सामने आई कि इन दोनों की नियुक्ति के लिए परिवार रजिस्टर में हाथ की सफाई दिखाई गई और नाम अलग-अलग दर्ज कर नियुक्ति कर दी गई। नियमानुसार एक ही परिवार की महिलाओं की नियुक्ति आंगनबाड़ी व भी एक ही केन्द्र पर नहीं की जा सकती है। यह 21 मार्च 2023 के निहित प्रावधानों के विपरीत पाया जाता है। इतना ही नहीं नियुक्तियों को वैध ठहराने के लिए तमाम ऐसी पत्रावलियां लगा दी गईं, जिनका कोई आधार ही नहीं बनता है। अब सवाल यह है कि परिवार रजिस्टर में अलग-अलग नाम क्यों और कैसे दर्ज हुआ। गंभीर बात यह है कि आरोपित पक्ष राहुल सिंह की पत्नी शाम्भवी सिंह ने सचिव को बयान दर्ज कराया कि हम सास-ससुर से अलग अयोध्या शहर में रहते हैं, सवाल यह है कि जब शहर में निवास करते हैं तो आंगनबाड़ी केंद्र में कैसे नियुक्ति हो गई। पूरे मामले में अब डीपीओ अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सीडीओ को भेजी जाने वाली रिपोर्ट अहम साबित होगी।

> हमें जांच मिली थी, सहायिका पद पर तैनात अंजू सिंह ने खुद को परिवार रजिस्टर में बहू से अलग बताया। नियुक्ति वैध है या अवैध यह शीर्ष अधिकारी ही निर्णय ले सकते हैं। **-रवि प्रकाश श्रीवास्तव**, सीडीपीओ, पूराबाजार

> मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के बाद जांच कर आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेज दी गई है। सास और बहू दोनों परिवार रजिस्टर में अलग-अलग दर्ज पाई गईं हैं। **-अनुराग सिंह**, खंड विकास अधिकारी, पूराबाजार

# दूसरे के फोन से ले लिया 75 हजार का लोन, केस दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले का मोबाइल फोन लेकर तीन बार में 75 हजार का लोन ले लिया। आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मोहिउद्दीनपुर निवासी अंकित ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि चुंगी नंबर 2 पर फ़ास्टफूड की दुकान चलाता है। दुकान पर महमदपुर निवासी अमित पटेल आए दिन मोबाइल फोन लेकर चलाया करता था। मोबाइल फोन पर 6 दिसम्बर 2024 और 14 फरवरी व 19 मार्च को तीन बार 75 हजार रूपये का लोन लेकर साइबर लूट कर ली। उसे तब पता चला जब उसके पीएनबी के खाते से लोन की किस्त कटने लगी। किस्त न जमा होने पर बजाज फाइनेंस किस्त लेने घर पर आने लगे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। इसके अलावा शाहाबाद क्षेत्र में एक ठग ने बाइक सवार से लिफ्ट लेकर उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

**आस्था** देश के सभी राज्यों के राज्यपाल के अलावा कई सीएम, बॉलीवुड व क्रिकेट जगत की हस्तियों ने भी टेका मत्था

# अब तक 5 .5 करोड़ भक्त कर चुके रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर निर्माण में रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री व राज्यों के गवर्नर या मुख्यमंत्री समेत करीब साढ़े चार लाख वीआईपी शामिल हैं। फिल्म, व्यापार व खेल जगत की हस्तियों ने भी दर्शन-पूजन किया है।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। देश के लगभग सभी राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री यहां पहुंच चुके हैं। यही नहीं कई राज्यपाल तो दो-दो बार आकर परिवार के साथ दर्शन कर चुके हैं।

मंडलायुक्त ने कहा कि अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाये। उन्होंने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद देश-दुनिया मे अयोध्या एक बड़ी धार्मिक नगरी के रूप में उभरी है। अयोध्या के सफर को आसान बनाने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट से कनेक्टिविटी को सुलभ बनाया गया है।

### बॉलीवुड के साथ-साथ क्रिकेट जगत की हस्तियों का लगा रहता आना-जाना

राम मंदिर के उद्घाटन के वक्त बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन से लेकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियां अयोधया पहुंची थी। हाल ही में गोविंदा, अनुष्का शर्मा व विराट कोहली भी राम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे।

### बन रहा आधुनिक वीआईपी गेस्ट हाउस

अयोध्या में वीआईपी की बढ़ती संख्या व सुरक्षा को देखते हुए योगी सरकार यहां अत्याधुनिक वीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण करा रही है। करोड़ों की लागत से तैयार होने वाले गेस्ट हाउस को पांच ब्लॉक में बांटा गया है, जिसमें पीएम समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के ठहरने के इंतजाम होंगे।

### एलन मस्क के पिता भी कर चुके दर्शन-पूजन

हाल ही में सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क के पिता और उनकी बहन अयोध्या पहुंचे थे। एलन मस्क के पिता एरल मस्क ने कहा था कि अयोध्या का अनुभव बहुत अच्छा रहा। वह रामलला का दर्शन करने के लिए भारतीय वेशभूषा में पहुंचे थे। प्रभु का दर्शन कर बेहद खुश थे।



गर्भगृह में विराजमान रामलला।

# गला दबाकर महिला की हत्या की कोशिश

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक विवाहिता को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर बेरहमी से पीटने के बाद गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है और वह लोहिया अस्पताल लखनऊ में जीवन-मौत से जूझ रही है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी शंकरलाल ने अपनी पुत्री शालू की शादी करीब एक वर्ष पूर्व विमल कुमार पुत्र होली निवासी ग्राम लोहरा थाना जहांगीराबाद के साथ की थी। शंकरलाल का आरोप है कि 23 जून की रात करीब 10 बजे शालू को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया और फिर साड़ी से गला कसकर मारने की कोशिश की गई, जिससे वह अचेत हो गई।

# सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को 5 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.29 करोड़ ठगे

- ठगों ने सीबीआई अफसर बताकर आईवीआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को बनाया शिकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित आईवीआरआई कैंपस में रहने वाले सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को फोन पर खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर ठगों ने पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने कई बार में 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पश्चिमी बंगाल के मूल निवासी सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी कई साल से भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तैनात थे। वह 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह यहीं पर आईवीआरआई कैंपस में ही आवंटित मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे। आरोप है कि शुकदेव नंदी को 17 जून को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल आया। ठग ने स्क्रीन पर पुलिस का लोगो भी लगा रखा था। फोन करने वाले ने खुद को बेंगलुरु सिटी में तैनात सीबीआई अफसर बताया। आरोप है कि ठग ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके फर्जी सिम कार्ड लिए गए हैं। इनका इस्तेमाल ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड में किया गया है। इसी क्रम में ठग ने उन्हें डरा-धमका कर 16 से 20 जून तक डिजिटल अरेस्ट रखा। साथ ही 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली।

> सेवानिवृत्त वैज्ञानिक से ठग ने खुद को सीबीआई अफसर बता कर 1.29 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ठगी की रकम वापस कराने के लिए टीम जुटी हुई है। पुलिस किसी को भी कभी डिजिटल आरेस्ट नहीं करती।
>
> **–दिनेश कुमार शर्मा,** साइबर क्राइम इंस्पेक्टर

# महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा, नारेबाजी

## थाना प्रभारी ने साउंड बॉक्स कम करने को कहा तो भड़का विवाद, अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत, श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आठ घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित जयकारे के साथ यात्रा शुरू

**अमृत विचार :** जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।


पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाए और रथयात्रा निकालने में जुट गए।

## एक नजर

### पैनकार्ड और पासपोर्ट मामले में 4 जुलाई को होगी सुनवाई

**रामपुर।** पैनकार्ड और पासपोर्ट से जुड़े मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी। सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सपा नेता आजम खान और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां के ऊपर दो पैनकार्ड और दो पासपोर्ट मामले में मामले दर्ज हुए थे। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 7 जुलाई को सुनवाई होगी।

### उत्तराखंड में पंचायत चुनावों से रोक हटी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने शुक्रवार को राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटा दी। पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग को पूर्व में जारी चुनाव कार्यक्रम को तीन दिन आगे बढ़ाते हुए प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाए मुद्दों पर तीन सप्ताह में सरकार से जवाब मांगा है। खंडपीठ ने यह भी कहा कि अगर किसी प्रत्याशी को इसमें आपत्ति है तो वह कोर्ट में अपना पक्ष रख सकता है। खंडपीठ में 19 याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

### बीमारी के चलते युवक ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

**रामपुर।** युवक ने बीमारी के चलते कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी सुनील रस्तोगी का 35 वर्षीय बेटा इतिन रस्तोगी नोएडा में निजी कंपनी में काम करता था।

# सात को लोगों टैंकर ने रौंदा, तीन की मौत

## हाईवे पर दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान तेज रफ्तार टैंकर ने कुचला, चार गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, कटरा (शाहजहांपुर)

- कैंची धाम जा रहे थे कार सवारों व बाइक सवार युवकों के बीच हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार से बाइक टकरा जाने पर हाईवे किनारे बहस कर रहे सात लोगों को टैंकर ने कुचल दिया। घायलों को कटरा सीएचसी पर लाया गया। यहां डॉक्टर ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि चार लोगों को गंभीर हालत में बरेली रेफर कर दिया। कार सवार नीम करोली बाबा के दरबार में नैनीताल जा रहे थे।



बाराबंकी जिले के कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा (35), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के कुरीलगंज शांतिपुरम निवासी योगेश कुमार कुरील (45), बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के लकपड़ाबाद निवासी नरेंद्र चौधरी, बाराबंकी के कोतवाली क्षेत्र के नाका निवासी महेश और बाराबंकी के थाना जैदपुर क्षेत्र निवासी शिव कुमार गुरुवार रात एक बजे कार से नैनीताल स्थित नीम करोली बाबा जा रहे थे। हाईवे पर फीलनगर गांव के सामने कार से बाइक टकरा गई। रामपुर के थाना अजीबनगर क्षेत्र के रतनपुरा सुमाली निवासी बाइक सवार जुनैद और मुबस्सर अली (40) गिर गए।सड़क के किनारे बाइक और कार खड़ी करके दोनों पक्ष आपस में बहस करने लगे थे। इस दौरान रात लगभग 1 बजे बरेली की ओर जा रहे टैंकर ने बाइक समेत सभी लोगों को रौंद दिया। बाइक टैंकर के साथ कुछ दूर तक घिसटती चली गई। सूचना पर कटरा थाना प्रभारी जुगुल किशोर सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कटरा सीएचसी पर लेकर आए। यहां डॉक्टर ने योगेश और विवेक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने घायल मुबस्सर अली, जुनैद, महेश, नरेंद्र चौधरी व शिवकुमार को बरेली रेफर कर दिया। सभी घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मुबस्सर अली की मौत हो गई। पुलिस ने टैंकर, कार और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया।

> कटरा में कार सवार पांच लोग और बाइक सवार दो लोग खड़े होकर आपस में देर रात के समय बात कर रहे थे। इसी बीच टैंकर ने बाइक को टक्कर मारते हुए सातों लोगों को कुचल दिया। तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हैं।
>
> **–दीक्षा भंवरे,** एएसपी ग्रामीण

# पूर्वजों ने संविधान को कुचला, पोता दे रहा लोकतंत्र की दुहाई : सुरेश खन्ना

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज सभागार में आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष विषय पर हुई संगोष्ठी
- लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया गया सम्मानित, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने मां के नाम पर रोपा पौधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में भाजपा की ओर से शुक्रवार को आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष पर संगोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचल दिया और आज उनके पोते संविधान की प्रति लेकर लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि आज देश का नेतृत्व गरीब और पिछड़े समाज से आने वाले एक चाय बेचने वाले के हाथ में है। वही व्यक्ति देश को दुनिया की सबसे तेज चौथी अर्थव्यवस्था बना है और हम बहुत जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया था। जिस संविधान की शपथ लेकर वह प्रधानमंत्री बनी थीं, उसी की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। लोकसभा चुनाव में दोषी ठहराए जाने की नैतिकता से इस्तीफा देने के बजाय पूरी व्यवस्था को ही कठपुतली बनाकर रखने का षड्यंत्र रचा था। इंदिरा गांधी ने मीसा जैसे काले कानूनों के जरिये एक लाख से अधिक नागरिकों को बिना किसी मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया था, जबकि यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया था। कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने का काम किया था। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। केवल तरीका का बदल गया है, पर नीयत आज भी तानाशाही वाली है।

**लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए अनुभव :** बरेली : लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र अटल ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने देश में लोकतंत्र की हत्या की। मानवाधिकार का हनन किया।



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते डॉ. केशव अग्रवाल और डॉ. अशोक अग्रवाल।

### वित्त मंत्री ने रोपा मौलश्री का पौधा

मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मौलश्री का वृक्ष लगाया और आपातकाल पर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर अवलोकन किया। इस अवसर पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने अतिथियों सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया।

# ऑनलाइन गेम में 50 हजार हारने के बाद रचा आत्महत्या का ड्रामा

संवाददाता, बरेली/दुनका

- सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर कहा - अब बची हैं सिर्फ दो-चार सांसें

**अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन गेम में 50 हजार रुपये हारने के बाद आत्महत्या करने का हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उसने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया। इसमें कहा कि उसने जहर पी लिया है। ऐसे में अब उसके पास सिर्फ दो-चार सांसें बची हैं। हालांकि, परिजनों ने उसे मुरादाबाद के पाकबड़ा से सकुशल बरामद कर लिया।

शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका निवासी हसीब (24) बृहस्पतिवार को अचानक घर से गायब हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। एक दिन बीत जाने के बाद शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हबीब अहमद जहर खाने के बाद कुछ देर में अपने प्राण त्यागने की बात करते हुए दिखाई दिया। वीडियो में उसने एक व्यक्ति के ऊपर ऑनलाइन गेम खेलने के लिए 50 हजार रुपये देकर वापस देने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। साथ ही रुपये वापस न दे पाने के कारण परेशान होकर उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर बनाकर अपलोड कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने युवक को तलाश करना शुरू किया। इस पर वह पाकबड़ा में सही सलामत मिला। ग्राम प्रधान अफसर अहमद ने बताया कि हसीब अहमद अली के गुरुवार से घर से लापता था। सोशल मीडिया पर जहर खाने का झूठा वीडियो देखने के बाद परिजन काफी परेशान थे। अब वह सुरक्षित है। बता दें कि छह माह पहले शादी वाले दिन दूल्हा बनने से पहले भी हसीब कहीं फरार हो गया था। काफी तलाश पर वह मिला था। इसके बाद उसे दूल्हा बनाया गया था।

### राष्ट्रपति दौराः 30 को शहर में लागू होगा रूट डायवर्जन

**बरेली।** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। उनके दौरे को लेकर 30 जून को ट्रैफिक पुलिस ने शहर में सुबह 4 से शाम 4 बजे तक रूट डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान शहर के कई इलाकों में भारी वाहनों और रोडवेज बसों की आवाजाही पर भी रोक रहेगी। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि जिन इलाकों में राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा, वहां आम वाहनों की आवाजाही को सीमित किया गया है। बिलवा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, डेलापीर और आईवीआरआई की तरफ किसी भी भारी वाहन या रोडवेज बस को जाने की इजाजत नहीं होगी।

# 10 फीट से ऊंची नहीं होगी कांवड़, डीजे पर रहेगी सख्ती

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- हरिद्वार में हुई पांच राज्यों की इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक
- रियल टाइम कोऑर्डिनेशन और डेटा साझा करने पर बनी सहमति

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस-प्रशासन ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। कांवड़ मेले को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को हरिद्वार के सीसीआर सभागार में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान के उच्चाधिकारियों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन प्रतिभाग किया।



बैठक में मौजूद उत्तराखंड और उप्र के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक सूचनाएं तथा इनपुट्स रियल टाइम साझा किए जाएं। सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की जाए और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही के लिंक भी साझा किए जाएं। कांवड़ 10 फीट से अधिक ऊंचाई की न हों। शराब तथा मीट से संबंधित एसओपी का सख्ती से अनुपालन हो। सभी चिह्नित डीजे संचालकों को नियमानुसार नोटिस देते हुए बाउंड ऑफ किया जाए। उत्तराखंड द्वारा समय-समय पर हरिद्वार में पार्किंग की स्थिति से उत्तर प्रदेश को अवगत कराया जाएगा। यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन हो, साथ ही रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी राज्यों से आवश्यक इनपुट्स साझा करने की बात कही। डीजीपी उत्तराखंड दीपम सेठ ने कहा कि रियल टाइम सूचनाएं साझा कर अफवाहों का यूनिफाइड खंडन किया जाए। सचिव गृह शैलेश बगौली ने सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। डीएम हरिद्वार मयूर दीक्षित तथा एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। उत्तर प्रदेश से डीआईजी अभिषेक ने तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया-09 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

## आज का पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| बु. चं. 4 | 3 सू. गु. | 2 |
| के. 5 मं. | | 1 शु. |
| 6 | | श. 12 |
| 7 | 9 | रा. 11 |
| 8 | | 10 |

**दिशाशूल**- पूर्व **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुष्य 06 .35 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

**मेष** — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। विवेक और चतुराई से काम करें। अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। आज स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बिल्कुल भी न करें। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न रहेंगे। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष** — आज दांपत्य संबंधों में प्रेमभाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। धन को लेकर अपने रिश्ते खराब न करें। जॉब में बदलाव करने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अस्त-व्यस्त रहेगी। घर वालों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है। मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार में मन लगायेंगे।

**कर्क** — आज मन में उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र की राजनीति से स्वयं को दूर रखें। नई योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में अपयश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है। जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या** — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी। भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में आज दिन बहुत शुभ है।

**तुला** — आज आर्थिक मामलों में किसी पर विश्वास न करें। अपनी योग्यता और क्षमता का विस्तार कर सकते हैं। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। नये लोगों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। करियर में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी करने का प्रयास करेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शाम को परिजनों के साथ विशिष्ठ विषयों पर चिन्तन-विमर्श करेंगे। समय का भरपूर लाभ उठायेंगे।

**धनु** — आज जीवनसाथी आपसे शिकायत कर सकता है। जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। विरोधियों से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में आपको उत्तम धन लाभ प्राप्त होगा। परिवार का खर्च बढ़ सकता है। दांपत्य जीवन में रोमांस का आनन्द उठायेंगे। विरोधियों के ऊपर हावी रहेंगे। सभी काम शान्तिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। जॉब में उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। परिवार के साथ शॉपिंग करने के लिये जा सकते हैं। नये प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा। अत्यधिक आदर्शवाद से आपको बचना चाहिए। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिन्तित रहेंगे।

## वर्ग पहेली-15

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बाँधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।
3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।
5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह
6. दांतों की तरह उभरी कंघी
7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।
8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।
9. दुहिता, पुत्री, बेटी।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।
3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।
4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।
5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।

### वर्ग पहेली -14 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | | | रि | | | |
| 4 ख | ट | रा | ग | | | 5 ना |
| | | | ण | | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | | | क |
| श | | | | | | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | | र |

## सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 1 | | | | 6 | |
| 7 | | | | | 6 | | | |
| | | 9 | | 8 | 5 | | 4 | 3 |
| | 5 | | | | 9 | 3 | | 7 |
| 9 | 2 | | | | | | 8 | 1 |
| 1 | | 3 | 8 | | | | 5 | |
| 3 | 9 | | 5 | 4 | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |
| | 8 | | | | 7 | 2 | | |

### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 7 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 |

# कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

## वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।



- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

### विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।



## सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ




सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे- गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।

### क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

### कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

### महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

### निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

### जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डालते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

## देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7%) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

### आधार से भुगतान सेवाएं देने वालों के लिए निर्देश जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को सुरक्षा बढ़ाने के लिए आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिए सेवाएं देने वाले परिचालकों को शामिल करने के लिए बैंकों को निर्देश जारी किए। आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाले बैंक को एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटर (एटीओ) को शामिल करने से पहले सभी एटीओ की उचित जांच-पड़ताल करने को कहा है। यह निर्देश ग्राहक जोड़ते समय अपनाई जाने वाली जांच-पड़ताल के समान है।

## तेल कीमतें कम हुई, सब कुछ ठीक कहना जल्दबाजी : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी दिया गया जोर
- मुद्रास्फीति में नरमी व वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति से देश की स्थिति बेहतर

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में दावा किया गया कि इजराइल-ईरान के बीच संक्षिप्त युद्ध से तेल की कीमतों में आई तेजी अब नरम पड़ी है, लेकिन सब कुछ ठीक होने का दावा करना जल्दबाजी होगा। मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में इस बात पर भी जोर दिया गया कि वृहद-आर्थिक क्षेत्र में कोई बड़ा असंतुलन न होने, मुद्रास्फीति की दर में नरमी और वृद्धि को समर्थन देने वाली मौद्रिक नीति के कारण भारत की वृहद-आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।

इजराइल-ईरान के बीच युद्ध और अमेरिकी हस्तक्षेप से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से उछाल आया। मंत्रालय ने कहा कि हालात ऐसे ही बने रहते तो भारत की वृद्धि और राजकोषीय संभावनाओं को खतरा हो सकता था। शुक्र है युद्धविराम हो गया है और तेल की कीमतों में गिरावट आई। इसमें कहा गया है कि तेल की वैश्विक आपूर्ति पर्याप्त है, लेकिन बीमा लागत और मार्ग अवरुद्ध होने के कथित जोखिम के कारण कीमत में वृद्धि हो सकती है।

### बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है।



### एक नजर

#### जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

#### छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

#### जम्मू कश्मीर में तीन राष्ट्र विरोधियों पर मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में केंद्र शासित प्रदेश को सुरक्षा व संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 3 लोगों के खिलाफ लोक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि सोपोर में अभियान के तहत देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप में 3 लोगों पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया है।

# बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

## दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।



पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

### प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

## गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।



रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

## हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।



- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

### लहरों संग उत्सव



मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेंसी

## पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

**नोएडा।** शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आई। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

# होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

### सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

### संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

## तीन राज्यों में भाजपा ने नियुक्त किए राज्य चुनाव अधिकारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है।

## एसी का तापमान तय करने का प्रावधान अभी नहीं : भूपेंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा- 20 से 28 डिग्री के बीच तापमान करने की योजना धीरे-धीरे होगा लागू

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है और इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में एसी के तापमान की नई सीमा पर यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति 2050 के बाद उत्पन्न हो सकती है। मुझे नहीं लगता कि ये तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी। जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु निकाय को प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) या राष्ट्रीय जलवायु योजना, अपने लोगों तक ऊर्जा की पहुंच' सुनिश्चित करने पर जोर देती है। सीबीडीआर-आरसी के सिद्धांत का अर्थ है कि सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ना होगा, लेकिन विकसित देशों को और अधिक प्रयास करना चाहिए।

## एक नजर



### भारत एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**कोलंबो :** कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी की अगुआई में भारत ने शुक्रवार को यहां कतर पर 3–0 की जीत से एशियाई स्नूकर टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आडवाणी ने पूर्व विश्व चैंपियन अली अल ओबेदिली को 62–24 से हराकर लय बनाई। विश्व खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता आदित्य मेहता ने फिर बशर अब्दुल माजिद पर दूसरे सिंगल में 115–5 से जीत दर्जकर 2–0 से बढ़त दिलाई। युगल में आडवाणी और ब्रिजेश दमानी ने मिलकर अल ओबेदिली और माजिद को 72–5 से शिकस्त दी। अब भारत का सामना हांगकांग–1 और बहरीन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

**लंदन :** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विंबल्डन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विंबलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

### अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

**बेंगलुरु :** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

### दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

**बर्लिन :** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

### प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद :** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन छठे नंबर पर खिसक गए।

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं।

# सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

**दुबई, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

**'कनकशन' पर दो नियम :** 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

ICC

### कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।

**वाइड-बॉल नियम :** वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

**गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी :** एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।



सिर पर चोट लगने की सांकेतिक फोटो।

### अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी–20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, नौ ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी–20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

### शार्ट रन लेने पर जुर्माना



इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

### लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

### ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर–रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो–बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025–27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी–20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

## सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

**होव, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।



## भारतीय टीम की नजर विश्व कप की तैयारी पर

**नॉटिंघम, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी।

भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

### इंग्लैंड से पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से



- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

**टीम**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर–ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट–हॉज, इसी वोंग।

## श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

**कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी**

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।



कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। • एजेंसी

## प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

**नई दिल्ली :** एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

## एआईटीए ने धूपर को हटाया, सुंदर को अंतरिम महासचिव बनाया

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं।

कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

धूपर 72 वर्ष के हैं और उन्हें 2020 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था। उन्होंने पिछले साल के चुनावों में किसी भी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था, लेकिन अदालत द्वारा चुनाव के नतीजे घोषित नहीं किए जाने के कारण वह अपने पद पर बने हुए थे। एआईटीए के उपाध्यक्ष (खेल) हिरण्मय चटर्जी ने पीटीआई से कहा हमने आज एक प्रस्ताव पारित कर धूपर को महासचिव पद से हटा दिया। हमने सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव नियुक्त किया है। वह (खिलाड़ियों की) याचिका पर भी गौर करेंगे।

## यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला : ललित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

**कोई दबाव नहीं था :** यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

**स्टिंग में आया था नाम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।



### मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना । अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है ।इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

## भारतीय नौसेना की शान



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

# भारत में भाषाओं का विवाद

## आजादी जितना ही पुराना है

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।




### फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

### भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

### अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

## एक नजर

### मिस्र में सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र में शुक्रवार को एक ट्रक और एक छोटी बस की टक्कर में 19 लोगों की मौत हो गई। श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बस नील डेल्टा गवर्नरेट ऑफ मेनौफिया के एशमौन शहर में एक क्षेत्रीय सड़क से होते हुए कामगारों को उनके काम पर ले जा रही थी। दुर्घटना में तीन लोग बच गए। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, घायलों सहित सभी पीड़ितों को जनरल एशमौन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रम मंत्री मोहम्मद गेब्रान ने पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया है।

### रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

**कीव।** रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

### श्रीलंका: राजपक्षे परिवार का सदस्य गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के एक पारिवारिक सदस्य को देश की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत या भ्रष्टाचार जांच आयोग ने एक बयान में कहा कि राजपक्षे के रिश्तेदार निशांत विक्रमसिंघा को गिरफ्तार किया गया है और ये गिरफ्तारी श्रीलंकाई विमानन के चेयरमैन के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विमान खरीद सौदों में अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की गई है।

### बांग्लादेश से जूट उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से जमीन मार्ग से कुछ विशिष्ट जूट उत्पादों और बुने हुए कपड़ों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि आयात की अनुमति केवल महाराष्ट्र में न्हावा शेवा बंदरगाह के माध्यम से है। इन प्रतिबंधों के अंतर्गत आने वाले उत्पादों में जूट उत्पाद, एकल सन का धागा, जूट का एकल धागा, बहु-मुड़ा हुआ, बुने हुए कपड़े या फ्लेक्स, और जूट के बिना ब्लीच किए बुने हुए कपड़े शामिल हैं। इस तरह के बंदरगाह प्रतिबंध भारत से होकर नेपाल और भूटान जाने वाले बांग्लादेशी सामानों पर लागू नहीं होंगे।

# अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

## विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।



तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

### परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

### हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

**तेहरान।** ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवत: कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

### उम्मीद है निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा ईरान: ट्रंप

बई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर शुरू न करने की पुष्टि के लिए अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से इन्कार नहीं करेगा। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ईरान के साथ होने वाली वार्ता के दौरान यह मांग करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठन को निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया जाए, तो ट्रंप ने कहा कि ईरान को समूह को सहयोग करना होगा या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ सहयोग करना होगा जिसका हम सम्मान करते हैं, जिसमें हम स्वयं भी शामिल हैं।

# कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।



कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

### आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

# जन्मसिद्ध नागरिकता मुद्दे पर ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी एक न्यायाधीश को पूरे देश के लिए कोई आदेश देने का अधिकार नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने साफ नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगाई रोक का क्या होगा।

यह फैसला रिपब्लिकन राष्ट्रपति के लिए एक जीत है, जिन्होंने व्यक्तिगत न्यायाधीशों द्वारा उनके एजेंडे में बाधा डाले जाने की शिकायत की है। उन्होंने इसे एक शानदार जीत बताया और कहा कि वह न्यायाधीशों द्वारा अवरुद्ध नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए तुरंत मुकदमा दायर करेंगे, जिसमें जन्मजात नागरिकता प्रतिबंध भी शामिल हैं। हालांकि अदालत के रूढ़िवादी बहुमत ने यह संकेत दिया कि ट्रंप के जन्मसिद्ध नागरिकता से जुड़े आदेश पर अब भी पूरे देश में रोक लगाई जा सकती है।

न्यायमूर्ति एमी कोनी बैरेट ने लिखा कि मामले निचली अदालतों में वापस आ गए हैं, जहां जजों को तय करना होगा कि हाईकोर्ट के फैसले के अनुपालन के लिए अपने आदेश कैसे तैयार किए जाएं। न्यायाधीशों ने ट्रंप प्रशासन के साथ जो बाइडन के डेमोक्रेटिक प्रशासन से भी सहमति जताई कि न्यायाधीश केवल अदालत के समक्ष पक्षों के बजाय सभी पर लागू होने वाले आदेश जारी करके सीमा का अतिक्रमण कर रहे हैं।



- **फिलहाल जन्मसिद्ध नागरिकता पर लगी रोक पर फैसला नहीं**

# अमेरिकी राष्ट्रपति का फिर दावा सभी सौदे रद्द करने की धमकी देकर भारत-पाक युद्ध रुकवाया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को अपने उस दावे को फिर दोहराया कि उन्होंने अपने प्रशासन के अधिकारियों को भारत और पाकिस्तान के साथ हुए 'सभी सौदे रद्द करने' के लिए कहकर दोनों देशों के बीच युद्ध रुकवाया था।

- **कहा- व्यापार बंद करने की धमकी सुनकर दोनों देशों ने किया फोन, पूछा- क्या करें**

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने भारत और पाकिस्तान के साथ कुछ बेहतरीन काम किए। ट्रंप ने एक बार फिर अपना दावा दोहराया कि उन्होंने दोनों देशों से कहा था कि दिल्ली और इस्लामाबाद के साथ अमेरिका व्यापार नहीं करेगा और इस तरह उन्होंने उनके बीच युद्ध रुकवाया था जो परमाणु हमले में बदल सकता था। मैंने वित्त मंत्री स्कॉट और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड से कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ सभी सौदे रद्द कर दें। क्योंकि वे युद्ध कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों ने हमें कॉल किया और कहा कि हम क्या करें। मैंने कहा, देखिए आप अमेरिका के साथ व्यापार करना चाहते हैं। लेकिन आप एक दूसरे पर परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

# भारत की दो टूक, सिंधु जल संधि पर मध्यस्थता अदालत का फैसला अवैध, स्वीकार नहीं करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में दो जलविद्युत परियोजनाओं पर हेग स्थित स्थाई मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को दृढ़ता से खारिज करते हुए कहा कि उसने पाकिस्तान के साथ विवाद समाधान के तथाकथित ढांचे को कभी मान्यता नहीं दी है। विदेश मंत्रालय ने किशनगंगा और रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों से संबंधित मामले में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भारत इस तथाकथित पूरक निर्णय को अस्वीकार करता है।

अपने फैसले में मध्यस्थता न्यायालय ने कहा कि अप्रैल में सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का निर्णय विवाद पर उसके अधिकार को सीमित नहीं करता है तथा उसका फैसला सभी पक्षों पर बाध्यकारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान के इशारे पर यह नवीनतम नाटक आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के लिए जवाबदेही से बचने का उसका एक और हताश प्रयास है जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर धोखाधड़ी और हेरफेर करने की उसकी दशकों पुरानी प्रवृत्ति के अनुरूप है।

इसमें कहा गया कि सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत दोनों परियोजनाओं की डिजाइन के कुछ पहलुओं पर पाकिस्तान द्वारा आपत्ति उठाए जाने के बाद भारत ने स्थायी मध्यस्थता न्यायालय की कार्यवाही को कभी मान्यता नहीं दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, सिंधु जल संधि 1960 के तहत कथित रूप से गठित अवैध मध्यस्थता कोर्ट ने तथाकथित पूरक निर्णय दिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का रुख हमेशा यही रहा है कि इस तथाकथित मध्यस्थ निकाय का गठन ही सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है और इसके परिणामस्वरूप इस मंच के समक्ष कोई भी कार्यवाही और इसके द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय भी इसी कारण से अवैध है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ कदम उठाते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। मंत्रालय ने कहा, संधि स्थगित रहने तक भारत उसके तहत अपने किसी भी दायित्व को पूरा करने के लिए बाध्य नहीं है।



- **जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा ओर रातले जलविद्युत परियोजनाओं पर अदालत ने सुनाया था फैसला**
- **भारत ने कहा- पाकिस्तान के इशारे पर ये नया नाटक आतंकवाद पर अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश**

# भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस से न्योता

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।



- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

# चीनी नौसेना प्रमुख और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक एनपीसी से निष्कासित

**बीजिंग।** चीन में शुक्रवार को चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने इसकी पुष्टि की है।

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया।

**शोध** जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

# पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

- **निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी**

**सिडनी, एजेंसी**

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है।

अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।



### आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।